वर्ष 31 अंक 328 मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96

www.swatantramat.com



सूर्यवंशी ने तोड़ा क्रिस गेल का एक आईपीएल सत्र में

▶▶ 10

# स्वतंत्र मत

**मौसम**

अधिकतम तापमान 43.0°C

न्यूनतम तापमान 30.1°C



सूर्योदय -5.25 | सूर्यास्त - 6.50

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।



नगरपालिका शहडोल अंतर्गत पेयजल समस्या के

▶▶ 2



एकता कपूर कभी कास्टिंग में गलत साबित नहीं हुई

▶▶ 7



ई-विकास प्रणाली से उर्वरक वितरण नहीं करना 14 समिति

▶▶ 9

# एसआईआर चुनाव आयोग का अधिकार

## उच्चतम न्यायालय ने स्वतंत्र चुनावों के लिए एसआईआर को बताया जरूरी

नई दिल्ली (वार्ता)

उच्चतम न्यायालय ने चुनाव आयोग की ओर से किये गये मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की वैधता को बरकरार रखते हुए बुधवार को कहा कि यह प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए जरूरी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 तथा उसके तहत बनाए गये नियमों के अनुसार आयोग को एसआईआर कराने का अधिकार प्राप्त है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने उन याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया, जिनमें निर्वाचन आयोग द्वारा पिछले वर्ष जून में बिहार में एसआईआर कराने संबंधी जारी अधिसूचना को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत द्वारा सुनाए गये फैसले में कहा गया कि जब कानून स्वयं चुनाव आयोग को किसी भी समय विशेष पुनरीक्षण कराने का अधिकार देता है, तो केवल इस आधार पर इस प्रक्रिया को अवैध नहीं ठहराया जा सकता कि यह नियमित पुनरीक्षण की सामान्य प्रक्रिया के प्रत्येक पहलू का पूरी तरह पालन नहीं करती। उच्चतम न्यायालय ने कहा, हमारी सुविचारित राय में यह विवादित एसआईआर जन प्रतिनिधित्व अधिनियम और उसके नियमों की जगह नहीं लेता है, बल्कि, यह धारा 21(3) द्वारा निर्धारित सटीक कानूनी सीमाओं के भीतर अनुच्छेद 324 के तहत दिए गए संवैधानिक आदेश में नयी जान डालता है। इसलिए, यह नहीं कहा जा सकता कि आयोग ने अपनी कानूनी शक्तियों से बढ़कर कोई कार्य किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि एसआईआर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की संवैधानिक आवश्यकता को आगे बढ़ाता है। न्यायालय के अनुसार, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव केवल मतदान की प्रक्रिया तक सीमित नहीं हैं। वे मूल रूप से मतदाता सूची की सटीकता और विश्वसनीयता पर आधारित होते हैं, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव है। पीठ ने कहा कि विस्तृत विचार के बाद वह इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 16 के तहत चुनाव आयोग को मतदाता सूची तैयार करने अथवा संशोधित करने की प्रक्रिया में नागरिकता से जुड़े प्रश्नों की जांच करने का अधिकार है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि ऐसी




जांच केवल मतदाता सूची में नाम शामिल करने अथवा हटाने तक सीमित उद्देश्य से ही की जा सकती है और यह प्रक्रिया उस मतदाता के पक्ष में लागू पूर्वधारणा का सम्मान करते हुए की जानी चाहिए, जिसका नाम पहले से मतदाता सूची में दर्ज है। न्यायालय ने कहा कि आयोग केवल चुनावी प्रयोजनों के लिए उपलब्ध सामग्री का आकलन कर निर्णय ले सकता है।

### बीजेपी प्रवक्ता ने विपक्ष पर साधा निशाना

फैसले के बाद बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए इसे लोकतंत्र की संस्थाओं पर विपक्ष के हमलों की नाकामी के रूप में पेश किया। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आज सर्वोच्च न्यायालय ने एसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को पूर्णत: संविधान सम्मत घोषित कर दिया है।

### बिहार-बंगाल के परिणामों का जिक्र

उन्होंने आगे कहा कि बिहार और पश्चिम बंगाल के चुनावों में राजनीतिक दृष्टि से करारी हार मिलने के बाद, अनर्गल बयानों और अफवाहों के बावजूद जनता से किसी भी प्रकार का समर्थन न मिलने के पश्चात मुझे लगता है कि अब विपक्ष, खासकर कांग्रेस पार्टी, नैतिक और संवैधानिक दोनों मोर्चों पर भी पूरी तरह पराजित हो चुकी है।

### तीनों आयामों पर पराजित पूरा विपक्ष

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सभी संस्थाओं पर अपनी अकर्मण्यता और राजनीतिक अक्षमता को छिपाने के लिए आरोप-प्रत्यारोप, लांछन और अपमान का जो खेल खेला जा रहा था, वह आज सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पूरी तरह निष्फल साबित हो गया है। यह कांग्रेस और समूचे विपक्ष की नैतिक, राजनीतिक तथा संवैधानिक तीनों आयामों पर निर्णायक पराजय है।

### सिंघवी ने चुनाव आयोग को घेरा



कांग्रेस सांसद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर उच्चतम न्यायालय के फैसले को लेकर बुधवार को गंभीर सवाल उठाए। श्री सिंघवी ने कहा कि शीर्ष न्यायालय ने एसआईआर की संवैधानिक वैधता को स्वीकार तो किया, लेकिन फैसले ने कई नए विरोधाभास भी पैदा कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि अदालत ने स्पष्ट किया है कि नागरिकता तय करने का अंतिम अधिकार चुनाव आयोग के पास नहीं, बल्कि गृह मंत्रालय जैसी अधिकृत प्राधिकारी के पास है। चुनाव आयोग केवल प्रशासनिक भूमिका निभा सकता है और नागरिकता विवाद होने पर मामले को संबंधित प्राधिकरण को भेजना होगा। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि आयोग के पास नागरिकता तय करने का अधिकार नहीं है, तो विभिन्न राज्यों में करोड़ों लोगों के नाम मतदाता सूची से कैसे हटाए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में 65 लाख डिलीशन समेत कई मामलों में चुनाव आयोग ने जल्दबाजी में खामियों के साथ प्रक्रिया लागू की। राजनीतिक दलों, एनजीओ और सिविल सोसायटी के दबाव के बाद ही कई सुधार संभव हुए। उन्होंने कहा कि शीर्ष न्यायालय ने चुनाव आयोग की कमियों पर कोई सख्त टिप्पणी नहीं की। उन्होंने एसआईआर के लिए कम समय सीमा को भी बड़ी त्रुटि बताया।

## थ्री लैंग्वेज रूल को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त

### केंद्र और सीबीएसई को भेजा नोटिस

नई दिल्ली

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत कक्षा 9वीं और 10वीं में दो भारतीय भाषाओं के साथ तीन भाषाएं पढ़ना अनिवार्य करने के सीबीएसई के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ ने सीबीएसई और सरकार को नोटिस जारी कर 4 हफ्ते में अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर अब 15 या 16 जुलाई को सुनवाई करेगा। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले पर विचार किया जाना जरूरी है। हालांकि, कोर्ट ने इस मामले में थ्री फार्मूले पर कोई रोक नहीं लगाई है। इसके साथ ही 1 जुलाई 2026 से कक्षा 9 के छात्रों के लिए सीबीएसई के नए थ्री लैंग्वेज रूल को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई पर सुप्रीम कोर्ट सहमत हो गया है। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि अचानक दो अतिरिक्त भाषाएं थोपने से 10वीं बोर्ड की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों पर मानसिक दवाब पड़ेगा जिससे वे सही तरीके से तैयारी नहीं कर पाएंगे। सीबीएसई की थ्री लैंग्वेज रूल के मुताबिक कक्षा 9 और 10 के छात्रों के लिए तीन भाषाएं यानी आर1, आर2 और आर3 पढ़ना अनिवार्य कर दिया गया है। इन तीन भाषाओं में से कम से कम दो भाषाएं भारतीय मूल की होनी चाहिए। विदेशी भाषाओं का विकल्प तभी चुना जा सकता है, जब बाकी दो भाषाएं भारतीय हो। छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों की इन जनहित याचिका में इस नियम को मनमाना और बोझिल बताया गया है। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि बोर्ड ने हितधारकों से उचित परामर्श किए बिना रातों-रात यह बदलाव कर दिया। शीर्ष अदालत ने याचिकाओं पर तत्काल संज्ञान लेते हुए मामले को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। वहीं, अगर कोई छात्र विदेशी भाषा यानी कि फ्रेंच, जर्मन या दूसरी विदेशी भाषा पढ़ना चाहता है तो वह उसे तीसरी भाषा के रूप में चुन सकेगा।

## 15 किलोमीटर के दायरे में सारे अवैध ढांचे गिरा दें



**नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के अंदर 15 किलोमीटर के दायरे में जीरो टॉलरेंस की नीति पर सख्ती से अमल शुरू करना शुरू कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि इस नीति का कड़ाई से पालन करें और देश भर में जितनी भी अंतरराष्ट्रीय सीमाएं हैं, वहां से 15 किलोमीटर भीतर जितने भी अवैध निर्माण हुए हैं, उन्हें गिरा दिया जाए। केंद्र सरकार का फोकस अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के आसपास पिछले कुछ वर्षों में बने अवैध निर्माण पर है।

## जस्टिस यशवंत वर्मा को लेकर एक्शन लेगी सरकार!



**नई दिल्ली।** जस्टिस यशवंत वर्मा द्वारा अपने पद से इस्तीफा दिए जाने के बावजूद सरकार उनके खिलाफ प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के मूड में नजर आ रही है। सूत्रों के अनुसार अभी तक जस्टिस वर्मा के इस्तीफे को मंजूरी नहीं मिली है. दावा किया जा रहा है कि सरकार आगामी मॉनसून सत्र में उन्हें पद से हटाने का महाभियोग पर संसद में चर्चा करा सकती है.जस्टिस वर्मा के पूरे मामले की जांच कर रही विशेष समिति अपनी रिपोर्ट लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को सौंप चुकी है।

## 1,150 करोड़ की कोकीन जब्त

**नई दिल्ली (वार्ता)।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) और गुजरात आतंकवाद-विरोधी दस्ते (एटीएस) ने समुद्री नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले नेटवर्क को करारा झटका देते हुए गुजरात के मुंद्रा तट से संयुक्त तस्करी-विरोधी अभियान के दौरान लगभग 115 किलोग्राम कोकीन जब्त की है, जिसका अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित मूल्य 1,150 करोड़ रुपये है।

## एयर इंडिया की सैन फ्रांसिस्को जा रही फ्लाइट आधे रास्ते से लौटी

**नई दिल्ली (वार्ता)** एयर इंडिया की बुधवार को दिल्ली से अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को जा रही उड़ान तकनीकी खराबी के कारण आधे रास्ते से दिल्ली लौट आयी। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने जारी बयान में बताया कि उड़ान संख्या एआई173 तकनीकी खराबी के कारण तय प्रक्रिया के अनुरूप 27 मई को दिल्ली लौट आयी।

# गर्मी तो झेल लेंगे, पर भाजपा प्रायोजित महंगाई से पसीने छूट रहे : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महंगाई और बढ़ती ईंधन कीमतों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा, गर्मी तो झेल लेंगे, पर भाजपा प्रायोजित महंगाई की आग से आम जनता के पसीने छूट रहे हैं। अपनी सरकार की लूट पर भी कभी कुछ बोलिए, मोदी जी? उनके इस बयान को केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों और लगातार बढ़ती पेट्रोल-डीजल कीमतों पर सीधा राजनीतिक हमला किया है। खड़गे का यह बयान देश में लगातार कई चरणों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी पर आया है। कांग्रेस का आरोप रहा है कि इंटरनेशनल कच्चे तेल की कीमतों में अपेक्षाकृत स्थिरता के बावजूद आम लोगों को राहत नहीं दी जा रही, बल्कि ईंधन के जरिए सरकार जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ



डाल रही है। हाल के दिनों में कांग्रेस नेताओं ने फ्यूल लूट और महंगाई को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ अपना मोर्चा तेज किया है।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर घमासान

हाल के दिनों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कई बार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। कांग्रेस ने पहले भी दावा किया कि सिर्फ 10 दिनों के भीतर चार बार कीमतें बढ़ाई गईं, जिससे जनता पर अतिरिक्त बोझ पड़ा।

### महंगाई को लेकर आक्रामक रुख

खड़गे का यह पोस्ट केवल पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों तक सीमित नहीं है, बल्कि सीधा निशाना रसोई, परिवहन, खेती और छोटे कारोबारों पर पड़ रहा है। कांग्रेस का कहना है कि ईंधन महंगा होने से हर जरूरी वस्तु की ढुलाई लागत बढ़ती है, जिसका असर अंततः आम उपभोक्ता पर पड़ता है।

### भाजपा-कांग्रेस के बीच बढ़ता टकराव

महंगाई और ईंधन कीमतों का मुद्दा अब राजनीतिक लड़ाई का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। कांग्रेस जहां इसे जनता की कमाई पर हमला बता रही है, वहीं भाजपा विपक्ष पर राजनीति करने का आरोप लगा रही है।

## नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामला

# सीबीआई ने दो और लोगों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली (वार्ता)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) प्रश्न पत्र लीक मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिससे इस मामले में गिरफ्तार किए गये लोगों की कुल संख्या 13 हो गयी है। सीबीआई सूत्रों ने बताया कि नीट-यूजी 2026 प्रश्न लीक मामले में डॉ. मनोज शिरुरे नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जो लातूर का रहने वाला एक डॉक्टर है। उसने एक कोचिंग सेंटर के मालिक (जो खुद आरोपी है) के बेटे सहित तीन छात्रों को आरोपी पी.वी. कुलकर्णी से रसायन विज्ञान के प्रश्न पत्र दिलाने में अहम भूमिका निभायी थी। गिरफ्तार किया गया दूसरा आरोपी तेजस हर्षदकुमार शाह है, जो पुणे स्थित एक कोचिंग सेंटर, डॉ. अभंग प्रभु मेडिकल अकादमी में भौतिक विज्ञान का संकाय है। उसे नीट-यूजी 2026 परीक्षा के लीक हुए भौतिक विज्ञान के प्रश्न गिरफ्तार आरोपी मनीषा हवलदार से मिले थे। इस मामले में पूरी कड़ी और साजिश का पता लगाने के लिए जांच जारी है।




सीबीआई ने अब तक 49 जगहों पर तलाशी ली है और कई आपत्तिजनक दस्तावेज, लैपटॉप और मोबाइल फोन जब्त किए हैं। जब्त की गईयीचीज़ों का विस्तृत विश्लेषण किया जा रहा है। गौरतलब है कि सीबीआई ने यह मामला 12 मई, को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा दी गयी लिखित शिकायत के आधार पर दर्ज किया था, जो नीट -यूजी 2026 परीक्षा के कथित पेपर लीक से संबंधित थी। मामला दर्ज होने के तुरंत बाद, विशेष टीमें गठित की गयीं और देश भर में विभिन्न स्थानों पर तलाशी ली गयी।

# चीन-पाकिस्तान की बढ़ेगी टेंशन!

## भारत फिर खरीदेगा रूस का अचूक एस-400 मिसाइल सिस्टम

नई दिल्ली

भारत और रूस के बीच बेहद ताकतवर एस-400 लॉन्ग-रेंज एयर डिफेंस सिस्टम की अतिरिक्त खेप खरीदने को लेकर बातचीत चल रही है। रूस की सरकारी एजेंसी 'फेडरल सर्विस फॉर मिलिट्री-टेक्निकल कोऑपरेशन' ने इसकी पुष्टि की है. यह बातचीत ऐसे समय में हो रही है जब रूस, भारत के साथ 2018 में हुए पुराने 5.4 अरब डॉलर (लगभग 45,000 करोड़ रुपये) के ऐतिहासिक समझौते को पूरा करने के आखिरी चरण में है. इस डील के तहत भारत को कुल 5 एस-400 सिस्टम मिलने थे, जिनमें से 3 सिस्टम रूस 2023 तक भारत को सौंप चुका है। रूस की डिफेंस एजेंसी के प्रमुख दिमित्री शुगाएव ने बताया कि अब यह डिलीवरी वापस अपने तय शेड्यूल पर आ गई है।



बचे हुए दो सिस्टम में से एक इसी महीने और आखिरी सिस्टम इस साल नवंबर तक भारत को मिल जाएगा। भारत ने इन मिसाइल सिस्टम का एक और बैच (खेप) खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। रूस इसकी सप्लाई के लिए पूरी तरह तैयार है और इस सिलसिले में दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही है। इसी साल मार्च में भारत के रक्षा मंत्रालय ने 5 और एस-400 सिस्टम, ट्रांसपोर्ट विमान और रिमोट से चलने वाले स्ट्राइक एयरक्राफ्ट (ड्रोन) खरीदने के लिए 25 अरब डॉलर (करीब 2 लाख करोड़ रुपये) के प्रस्तावों को मंजूरी दी थी। यह कदम भारतीय सेना के आधुनिकीकरण (मॉडर्नाइजेशन) और पुराने हो चुके सोवियत काल के हथियारों पर निर्भरता कम करने की कोशिशों का हिस्सा है।

# पूर्व मुख्यमंत्री विजयन के घर छापेमारी

तिरुवनंतपुरम (वार्ता)

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता पिनारयी विजयन और उनके परिवार के सदस्यों से जुड़े कई आवासों पर एक साथ छापेमारी की। यह छापेमारी केंद्रीय एजेंसियों द्वारा जांच के दायरे में लाई जा रही कथित वित्तीय अनियमितताओं और संदिग्ध वित्तीय लेन-देन की चल रही जांच के सिलसिले में की गई। ईडी की टीमों ने कन्नूर और तिरुवनंतपुरम में विजयन से जुड़े घरों की तलाशी ली, जिनमें राजधानी में बेकरी जंक्शन के पास उनका हाल ही में किराए पर लिया गया आवास भी शामिल है। जांच के दौरान अधिकारियों ने दस्तावेजों, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, डिजिटल रिकॉर्ड और वित्तीय लेन-देन के विवरण की जांच की। कोझिकोड में विजयन के दामाद और पूर्व लोक निर्माण मंत्री पी.ए. मोहम्मद रियास और उनकी पत्नी वीना विजयन से जुड़े आवासों पर भी एक साथ छापेमारी की गई। सूत्रों के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय के

### समर्थकों ने ईडी की गाड़ी में की तोड़फोड़



अधिकारी सुबह तड़के पहुंचे और परिसर के चारों ओर तैनात केंद्रीय सुरक्षा कर्मियों की सहायता से कई घंटों तक तलाशी अभियान जारी रखा। माना जा रहा है कि ये तलाशी अभियान एक्सालॉजिक सॉल्यूशंस और सीएमआरएल से जुड़े कथित वित्तीय लेन-देन की व्यापक जांच से संबंधित है, जो मामला कई महीनों से ईडी की निगरानी में है। पहले की जांच में सीएमआरएल द्वारा वीना विजयन से जुड़ी कंपनी एक्सालॉजिक सॉल्यूशंस को कथित तौर पर किए गए भुगतानों पर ध्यान केंद्रित किया गया था, जिसने राजनीतिक विवाद को जन्म दिया था और आगे की जांच की मांग को जन्म दिया था। खबरों के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय पूर्व मुख्यमंत्री के करीबी लोगों से जुड़े कई वित्तीय और कॉर्पोरेट लेन-देन की जांच कर रहा है। बताया जा रहा है कि अधिकारी मामले से जुड़े वित्तीय रिकॉर्ड, इलेक्ट्रॉनिक डेटा और लेन-देन के विवरण का सत्यापन कर रहे हैं।

### समर्थकों ने किया हमला

केरलम में सीपीआई (एम) के कार्यकर्ताओं ने प्रवर्तन निदेशालय को निशाना बनाया। उन्होंने ईडी की गाड़ी पर ईंट और पत्थरों से हमला किया है। ये घटना तिरुवनंतपुरम में हुई है। विपक्षी नेता पिनाराई विजयन और पूर्व मंत्री एवं विधायक मोहम्मद रियास के घरों पर श्वष्ठ की छापेमारी के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों के लिए सड़क जाम कर दी। बताया जा रहा है कि ईडी अधिकारियों के वाहन की खिड़की तोड़ दी गई। तिरुवनंतपुरम जिले के बेकरी जंक्शन स्थित पिनारयी विजयन के घर के सामने पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई। यह छापेमारी सीएमआरएल-एक्सालॉजिक वित्तीय लेनदेन मामले में की गई थी।

# पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

## कुलगुरु प्रो. रामशंकर के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय में डिजिटल नेतृत्व एवं सामाजिक उत्तरदायित्व पर हुई विस्तृत चर्चा

शहडोल (स्वतंत्रमत)

पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक कुलगुरु प्रो. रामशंकर के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का उद्देश्य सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग, समाजोन्मुखी गतिविधियों के प्रसार तथा विश्वविद्यालय स्तर पर एक सशक्त डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित करने की दिशा में विचार-विमर्श करना था। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. आशीष तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में लगभग 20 सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने सहभागिता की, जिनके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लाखों एवं मिलियन की संख्या में दर्शक जुड़े हुए हैं। ये सभी युवा समाज में सकारात्मक संदेश, जनजागरण एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपनी विशिष्ट पहचान बना रहे हैं। बैठक में सोशल मीडिया को केवल मनोरंजन का माध्यम न मानते हुए उसे समाज निर्माण, शिक्षा, संस्कृति, युवा चेतना एवं राष्ट्रहित के कार्यों से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया। कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय डिजिटल युग का समय है,



जहाँ सोशल मीडिया समाज की दिशा और दशा दोनों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि यदि सोशल मीडिया का उपयोग सकारात्मक दृष्टिकोण और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ किया जाए तो यह समाज में जागरूकता, शिक्षा एवं प्रेरणा का प्रभावी माध्यम बन सकता है। कुलगुरु ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल शैक्षणिक गतिविधियों का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का भी प्रमुख मंच है। ऐसे में विश्वविद्यालय और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के बीच समन्वय स्थापित कर युवाओं को रचनात्मक दिशा प्रदान की जा सकती है। उन्होंने विश्वविद्यालय में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के एक स्थायी एवं योजनाबद्ध समूह के निर्माण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इस पहल से विश्वविद्यालय की गतिविधियों, शोध, नवाचार, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं सामाजिक सरोकारों को व्यापक स्तर पर समाज तक पहुँचाया जा सकेगा। बैठक के दौरान कुलगुरु द्वारा ध्यान एवं मेडिटेशन के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि निरंतर डिजिटल गतिविधियों और व्यस्त जीवनशैली के बीच मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए ध्यान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को ध्यान की संक्षिप्त प्रक्रिया कराते हुए मानसिक एकाग्रता, सकारात्मक ऊर्जा एवं आत्मानुशासन के महत्व को समझाया। प्रतिभागियों ने इस सत्र को अत्यंत प्रेरणादायक एवं उपयोगी बताया। बैठक में विश्वविद्यालय की जीईआर समिति से डॉ. मुनीश नेगी, डॉ. सौरभ शिवा, डॉ. वंदना राम, डॉ. लोकेश साहू एवं डॉ. दिलीप तिवारी ,मनीष तिवारी उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने सोशल मीडिया के माध्यम से विश्वविद्यालय एवं समाज के मध्य संवाद को और अधिक प्रभावी बनाने पर अपने विचार साझा किए। बैठक में उपस्थित इन्फ्लुएंसर्स ने भी विश्वविद्यालय के साथ मिलकर शिक्षा, युवा जागरूकता, संस्कृति संरक्षण, पर्यावरण, करियर मार्गदर्शन एवं सामाजिक विषयों पर अभियान चलाने की सहमति व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में भविष्य में नियमित बैठकों, प्रशिक्षण कार्यशालाओं एवं डिजिटल नेटवर्किंग गतिविधियों के आयोजन का निर्णय लिया गया। यह बैठक विश्वविद्यालय एवं सोशल मीडिया जगत के मध्य एक सकारात्मक और रचनात्मक साझेदारी की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखी जा रही है।



# श्रीराम जानकी मन्दिर के महन्त अर्जुन दास श्रीमद् भागवत कथा का करा रहे श्रवण

बुढ़ार (स्वतंत्रमत)

**श्रीराम जानकी मन्दिर भक्त परिवार बुढ़ार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन धारकुण्डी आश्रम कपिलधारा धाम अमरकंटक में किया गया है और सात दिवसीय आयोजित कथा के निमित्त भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुजन पूरे श्रद्धाभाव से सम्मिलित हुये।**

अधिमास के पावन पर्व पर पुण्य सलिला मां नर्मदा के उद्गम स्थली स्थित परमहंस धारकुण्डी आश्रम कपिलधारा मार्ग अमरकंटक में श्रीराम जानकी मन्दिर बुढ़ार एवं दक्षिण काली पीठ आश्रम इन्दौर के पूज्य महन्त अर्जुन दास महाराज कथा व्यास की आसंदी से श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण श्रद्धालु धर्म प्रेमियों को इन दिनों करा रहे हैं, और कथा का श्रवण कर श्रद्धालुजन अपना जीवन सौभाग्य मय बना रहे हैं। श्रीराम जानकी मन्दिर भक्त परिवार बुढ़ार के संयोजन में पुण्य सलिला अमरकंटक में श्रीमद् भागवत कथा का यह आयोजन भव्य कलश यात्रा से विधिवत हुई और 25 मई से आगामी 31 मई तक नित्य अपरान्ह 3 बजे से हरिइच्छा तक श्रद्धालुजन कथा का रसास्वादन कर सकेंगे। श्रीराम जानकी मन्दिर बुढ़ार के साकेतवासी परमपूज्य स्वामी नारायण दास शास्त्री महाराज, जगदगुरु मलूक पीठाधीश्वर स्वामी राजेन्द्र दास देवाचार्य महाराज एवं ब्रह्मलीन श्री श्री 108 महन्त श्रीराम जानकी मन्दिर बुढ़ार श्रीराम बालक दास महाराज एवं स्वामी धारकुण्डी आश्रम अमरकंटक के सदप्रेरणा से श्रद्धालुधर्म प्रेमियों को श्रीराम जानकी मन्दिर बुढ़ार के पूज्य महन्त अर्जुन दास महाराज के मुखारविन्द से श्रद्धालुधर्म प्रेमियों को श्रीमद् भागवत कथा श्रवण का स्वर्णिम अवसर मिला है और कथा का नित्य धर्मप्रेमी रसास्वादन कर रहे हैं। अधिमास के पुण्य अवसर पर 25 मई से 31 मई तक आयोजित श्रीमद् भागवत कथा श्रवण का लाभ बुढ़ार तथा आसपास के क्षेत्रीय जनों व कोयलांचल वासियों से अधिकाधिक संख्या में अमरकंटक पहुंचकर अर्जित करने का सादर आग्रह कथा आयोजन भक्त परिवार द्वारा की गई है।

# अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर खनिज विभाग ने कार्यवाही कर वाहन किया जप्त



शहडोल (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर के निर्देशन एवं खनिज अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज विभाग की टीम द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक जांच अभियान चलाया गया। प्रभारी खनि निरीक्षक वृत्त-ब्यौहारी द्वारा तहसील ब्यौहारी के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध खनिज गतिविधियों की रोकथाम हेतु जांच की गई। विभाग को तहसील ब्यौहारी अंतर्गत अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए खनिज विभाग द्वारा दिनांक 25 मई को ग्राम मनटोला (मैरटोला) सोसायटी के पीछे, ग्राम भमरहा-प्रथम सहित अन्य कई स्थानों पर कार्रवाई की गई। जांच के दौरान शासकीय भूमि पर अवैध रूप से भंडारित लगभग 200 घनमीटर लावारिस रेत जप्त की गई। बाद में जेसीबी मशीन के माध्यम से उसमें मिट्टी मिलाकर रेत को नष्ट (खराब) किया गया, ताकि उसका पुनः उपयोग न हो सके। इसके अतिरिक्त 27 मई को तड़के लगभग 2 बजे तहसील सोहागपुर अंतर्गत ग्राम निपनिया में अवैध रूप से रेत परिवहन करते हुए एक मेटाडोर (डग्गी) वाहन क्रमांक एमपी 19 जीए 4357 को पकड़ा गया। वाहन को जप्त कर पुलिस थाना सोहागपुर में खड़ा कराया गया है। जांच में वाहन मालिक का नाम यश द्विवेदी निवासी घुरवार, तहसील सोहागपुर पाया गया। खनिज विभाग द्वारा संबंधित वाहन चालक एवं मालिक के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि कलेक्टर शहडोल के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर सतत निगरानी रखी जा रही है तथा भविष्य में भी इस प्रकार की सख्त कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## नगरपालिका शहडोल अंतर्गत पेयजल समस्या के निराकरण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशानुसार मुख्य नगरपालिका अधिकारी आशा भंडारी ने जानकारी दी है कि नगरपालिका अंतर्गत ग्रीष्मऋतु में बढ़ते तापमान को दृष्टिगत रखते हुए लोगो को पानी की सतत आपूर्ति सुनिष्चित करने हेतु कंट्रोल रूम स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि जिला कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम हेतु आनंद शुक्ला को प्रभारी नियुक्त किया गया है, जिनका मोबाइल नंबर 8085762622 है एवं नगर पालिका सभागार स्थित कंट्रोल रूम हेतु रामप्रकाश प्रजापति को नियुक्त किया गया है जिनका मोबाइल नंबर 9754146627 है। उन्होंने कहा कि पेयजल संबंधी किसी भी समस्या की सूचना संबंधित कंट्रोल रूम में तत्काल दें, ताकि समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

# शिक्षा व्यवस्था पर कलेक्टर सख्त, स्कूलों में शौचालय से लेकर मेंटर विजिट तक दिए निर्देश

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)



जिले में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने एवं विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में सर्व शिक्षा अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में संचालित योजनाओं और व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अपार आईडी एवं आधार एंट्री, कक्षा 1 से 8वीं तक नामांकन, निःशुल्क साइकिल वितरण, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण तथा मेंटर विजिट की प्रगति की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने डीपीसी, बीआरसी, एपीसी, बीएसी एवं सीएसी अधिकारियों को निर्देशित किया कि 1 जून से 15 जून 2026 तक प्रस्तावित मेंटर विजिट अभियान को गंभीरता से पूरा कराया जाए। उन्होंने जिले के सभी विद्यालयों में बालक एवं बालिका शौचालयों की स्थिति सुधारने तथा अधूरे स्कूल भवनों के निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन के लिए खरीदे गए नए बर्तनों की जियो टैग फोटो उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि सामग्री का उचित रिकॉर्ड संधारित किया जा सके। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सभी योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में डीपीसी, एपीसी, बीएसी, सीएसी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था संबंधित ली बैठक



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने आगामी त्यौहार बकरीद, मोहर्रम को जिले के नागरिको से आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण मनाने की अपील की है। उन्होंने बकरीद एवं मोहर्रम के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस कंट्रोल रूम में जिले में सुरक्षा व्यवस्था के सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधिकारियो की बैठक ली। उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने, साम्प्रदायिक सौहार्द कायम रखने एवं संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियो को दिए। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावी सूचना संकलन, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, अफवाहों पर त्वरित नियंत्रण, असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने एवं आवश्यकनुसार कार्यवाही करने हेतु भी निर्देश दिए। बैठक में थाना प्रभारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# जर्जर सड़क पर भड़के जनपद अध्यक्ष, बोले ग्रामीणों को नहीं मिल रही सुरक्षित सड़क सुविधा

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)



जनपद पंचायत करंजिया अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरीपानीङ्कथाड़पथरा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष राजू सिंह उद्दे ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पूर्व में निर्मित लगभग 8 किलोमीटर लंबी सड़क की बदहाल स्थिति पर गहरी नाराजगी जताई। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने थाड़पथरा से पंडरीपानी मार्ग का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क कई स्थानों से उखड़ चुकी है, जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। खासकर बारिश के मौसम में स्थिति और अधिक खराब हो जाती है, जिससे लोगों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ता है। जनपद अध्यक्ष राजू सिंह उद्दे ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर और सुरक्षित सड़क सुविधा उपलब्ध कराना है, लेकिन संबंधित सड़क की वर्तमान हालत बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि खराब सड़क के कारण आमजन, छात्र-छात्राओं, मरीजों और किसानों को प्रतिदिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से सड़क का तत्काल निरीक्षण कर मरम्मत एवं सुधार कार्य शुरू कराने की मांग की। साथ ही कहा कि क्षेत्र के विकास और ग्रामीणों की सुविधा के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। राजू सिंह उद्दे ने यह भी कहा कि क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए लगातार ग्राम भ्रमण किया जा रहा है, ताकि आम जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराया जा सके।

## कॉलेज से लौट रहे युवा प्रोफेसर की सड़क हादसे में मौत, शव परिजनों को सौंपा

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

रोज की तरह कॉलेज में विद्यार्थियों को पढ़ाकर लौट रहे एक युवा प्रोफेसर की जिंदगी मंगलवार की शाम सड़क हादसे में थम गई। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गर्रा के पास ट्रक और मोटरसाइकिल की भिड़ंत में 26 वर्षीय पुष्पम पिता तोशेन्द्र सोनी की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार और कॉलेज परिसर में शोक की लहर फैल गई। ग्राम जाम निवासी पुष्पम सोनी सरदार पटेल कॉलेज डोंगरिया में माइनिंग इंजीनियरिंग के प्रोफेसर थे। कम उम्र में ही उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना ली थी। अविवाहित पुष्पम रोजाना भटेरा स्थित किराए के कमरे से कॉलेज आना-जाना करते थे। बताया गया कि मंगलवार को किसी जरूरी कार्य के चलते उन्हें लौटने में देर हो गई। देर शाम करीब 7:30 बजे वे अपनी मोटरसाइकिल से वापस कमरे की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान गर्रा मशीन टोला के समीप उनकी बाइक एक ट्रक से टकरा गई। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। साथियों ने तत्काल उन्हें निजी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बुधवार सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। जवान बेटे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं कोतवाली पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

## लूट के फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

थाना गोहपारू द्वारा लूट के प्रकरण में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। प्रकरण में फरियादी की रिपोर्ट पर थाना गोहपारू में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान फरार आरोपी किरण जायसवाल पिता जमुना जायसवाल उम्र 22 वर्ष निवासी भदवाही थाना गोहपारू को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से घटना में लूटा गया मोबाइल फोन बरामद किया गया है। उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# 31 मई से शुरू होगा बालाघाट-गर्रा रोड ओव्हर ब्रिज पर यातायात

## रेलवे फाटक स्थायी रूप से होगा बंद, अब नए आरओबी से गुजरेंगे सभी वाहन

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

बालाघाट-वारासिवनी मुख्य मार्ग पर वैनगंगा नदी पुल के पहले निर्मित रोड ओव्हर ब्रिज (आरओबी) से 31 मई 2026 से यातायात शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही रेलवे की मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग क्रमांक बीके-09, किलोमीटर 1048/0-1 को स्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के उप मुख्य अभियंता द्वारा जारी सूचना के अनुसार 31 मई 2026 को प्रातः 10 बजे से उक्त रेलवे फाटक सभी प्रकार के सड़क यातायात के लिए हमेशा के लिए बंद कर दिया जायेगा। इसके बाद बालाघाट-गर्रा एवं वारासिवनी मार्ग से आने-जाने वाले छोटे-बड़े सभी वाहनों का आवागमन नव निर्मित रोड ओव्हर ब्रिज से कराया जाएगा। रोड ओव्हर ब्रिज शुरू होने से लंबे समय से लोगों को होने वाली परेशानी से राहत मिलने की उम्मीद है। पहले ट्रेन गुजरने के दौरान रेलवे फाटक बंद रहने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग जाती थी, जिससे यात्रियों और स्थानीय नागरिकों को काफी समय तक इंतजार करना पड़ता था। अब आरओबी बनने से यातायात अधिक सुगम, सुरक्षित और तेज हो जाएगा। आरओबी निर्माण के दौरान बस, ट्रक एवं अन्य बड़े वाहनों का यातायात डेंजर रोड से डायवर्ट किया गया था। इससे भारी वाहनों को शहर में प्रवेश और बाहर निकलने में अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती थी। अब रोड ओव्हर ब्रिज शुरू होने के बाद बड़े वाहनों को डेंजर रोड से होकर आने-जाने की आवश्यकता नहीं होगी। बस, ट्रक और अन्य भारी वाहन सीधे रोड ओव्हर ब्रिज के माध्यम से बालाघाट शहर में प्रवेश कर सकेंगे तथा बाहर जा सकेंगे, जिससे समय और ईंधन दोनों की बचत होगी। स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों ने इस निर्णय का स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि आरओबी शुरू होने से शहर और आसपास के क्षेत्रों के बीच आवागमन में सुविधा बढ़ेगी तथा दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी। प्रशासन और रेलवे विभाग ने वाहन चालकों से अपील की है कि 31 मई के बाद पुराने रेलवे फाटक मार्ग का उपयोग न करें तथा निर्धारित डायवर्ट मार्ग एवं यातायात संकेतों का पालन करें, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

## उजान में निकाली गई, गंगा कलश यात्रा



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के आवाहन पर विकासखंड करकेली अंतर्गत सेक्टर करकेली की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उजान द्वारा गंगा दशहरा के पावन अवसर पर गंगा पूजन का कार्यक्रम सरपंच उजान एवं सील फाउंडेशन नवांकुर संस्था प्रमुख की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उजान स्थित तालाब में जल की पूजा अर्चना कर शुरू की गई,जिसके बाद उपस्थित जनों द्वारा गंगा कलश यात्रा निकालकर गंगा मैया के जयकारे लगाते हुए खेरमाता मंदिर में यात्रा का समापन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच, सचिव, आंगनवाड़ी, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष माया सिंह, सचिव शनि सिंह सहित समिति के सदस्य व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# सेवादल ने पं. नेहरू की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

उमरिया (स्वतंत्रमत)

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि हर साल 27 मई को मनाई जाती है। उनका निधन 27 मई 1964 को हुआ था इस दिन देश उन्हें आधुनिक भारत के निर्माता के रूप में याद करता है। प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू जी लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और वैज्ञानिक सोच के मजबूत स्तंभ नेहरू जी ने आईआईटी, एम्स योजना आयोग जैसे संस्थानो से नए भारत की नींव रखी है। आराम हराम है का मंत्र देकर उन्होंने देश को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी थी। बुधवार 27 मई को कांग्रेस के सेवादल द्वारा गांधी चौक उमरिया में पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। सेवादल के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक अजय सिंह सहित राजेश शर्मा, ठाकुरदास सचदेव,



त्रिभुवन प्रताप सिंह, अमृतलाल यादव, उदय प्रताप सिंह,पीएन राव, देव बहादुर सिंह, विजेंद्र सिंह, राजीव सिंह, मयंक सिंह, सुखराज सिंह,राजा भैया सिंह, नासिर अंसारी, निरंजन प्रताप सिंह, मंगल सिंह, किशोरी लोधी, श्याम किशोर तिवार, अशोक गोटिया, मोहम्मद आजाद,शिव शर्मा, रंजीत सिंह, ताजेंद्र सिंह, डॉक्टर एस. एस. गुप्ता,राजेश सिंह, शकुंतला धुर्वे,लोटन पाल, मुकेश सिंह, संजय पांडे, चंदू राठौर, राजेंद्र महोबिया, रघुनाथ सोनी, ओम प्रकाश सोनी, आनंद सिंह, पीर मोहम्मद, लक्ष्मी गुप्ता सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राहत नहीं आफत बनी फुहारें

# उमस और गर्मी ने किया बेहाल

## नौतपा के बीच अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



नौतपा के तीसरे दिन संस्कारधानी जबलपुर और आसपास के क्षेत्रों में मौसम का बेहद अनोखा और उतार-चढ़ाव भरा रूप देखने को मिला। सुबह से लेकर दोपहर तक सूरज की तीखी किरणों और पश्चिमी गर्म हवाओं ने शहर को भट्टी की तरह तपाए रखा। लोग भीषण गर्मी से बेहाल थे, लेकिन दोपहर के बाद अचानक मौसम ने करवट ली। आसमान में काले बादलों का डेरा जमा और शहर सहित ग्रामीण इलाकों में कुछ देर के लिए हल्की बौछारें पड़ीं, जिससे लोगों को तेज धूप से हलकी राहत तो मिली, लेकिन यह राहत जल्द ही आफत में बदल गई। इधर मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 30.1 डिग्री पर रहा। वहीं बारिश 2.06 मिमी दर्ज की गई।

### पसीने से तरबतर हुए लोग

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि लगातार चल रही पश्चिमी हवाओं के कारण तापमान अपने चरम पर था। ऐसे में अचानक छाए बादलों और हल्की बरसात ने जलती हुई धरती को थोड़ी राहत दो दी पर गर्म भट्टी जैसी तपन के बीच पानी की इन कुछ बूंदों ने हवा में नमी का स्तर अचानक बढ़ा दिया। नतीजा यह हुआ कि बारिश थमते ही पूरे शहर में भारी उमस का दौर शुरू हो गया। पंखे और कूलर भी इस चिपचिपी गर्मी के आगे बेअसर साबित होने लगे, जिससे लोग शाम तक पसीने से तर-बतर होते रहे।

### बदलता मौसम बढ़ाएगा बीमारियां

एक ही दिन में तीव्र गर्मी, फिर छांव और उसके बाद अचानक हुई इस बूंदाबांदी के कारण तापमान में जो उतार-चढ़ाव आया है, वह सेहत के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया की मौसम का यह बदलता मिजाज कई बीमारियों का कारण बनेगा। ऐसे समय में सर्दी, खांसी, वायरल बुखार, उल्टी-दस्त और त्वचा से जुड़ी बीमारियों का खतरा सबसे ज्यादा बढ़ जाता है। डॉक्टरों ने साफ किया है कि इस हलकी राहत या ठंडी हवा के धोखे में न आएं और अपनी सेहत का विशेष ख्याल रखें।

### बचाव के लिए रखें इन बातों का ध्यान

धूप या गर्मी से तुरंत आकर फ्रिज का ठंडा पानी या एसी की हवा में बैठने से बचें। उमस भरे इस मौसम में बासी भोजन बिल्कुल न करें, क्योंकि ऐसे वातावरण में बैक्टीरिया बहुत जल्दी पनपते हैं। शरीर में पानी की कमी न होने दें, ओआरएस या नींबू पानी का सेवन जारी रखें। आने वाले दिनों में भी पश्चिमी हवाओं का प्रभाव बने रहने की संभावना है, इसलिए मौसम के इन तेवरों के बीच खुद को सुरक्षित रखना ही सबसे बड़ा उपाय है। **फोटो : अनिल तिवारी**



# 665.14 करोड़ की लागत से संवरेगी पमरे की तस्वीर, 2 कार्यों को मिली स्वीकृति

### सिग्नल होंगे और भी आधुनिक, 43 स्टेशनों को मिलेगा लाभ

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

भारतीय रेल ने पमरे के अंतर्गत दो महत्वपूर्ण सिग्नलिंग आधुनिकीकरण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की है। इन परियोजनाओं के अंतर्गत वर्तमान पैनल इंटरलॉकिंग प्रणाली को अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली से प्रतिस्थापित किया जाएगा तथा ट्रैक सर्किट के समानांतर मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर प्रणाली स्थापित की जाएगी। इन दोनों परियोजनाओं की कुल स्वीकृत लागत 665.14 करोड़ है, जिससे पश्चिम मध्य रेल के 43 स्टेशनों को लाभ मिलेगा। स्वीकृत कार्यों के अंतर्गत इटारसी-जबलपुर रेलखंड के 19 स्टेशनों पर पैनल इंटरलॉकिंग प्रणाली को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग एवं ट्रैक सर्किट के समानांतर प्रणाली से प्रतिस्थापित करने का कार्य 271.31 करोड़ की लागत और जबलपुर-मानिकपुर रेलखंड के 24 स्टेशनों पर 393.83 करोड़ की लागत से स्वीकृत किया गया है।

### सुरक्षा में होगी वृद्धि

ये परियोजनाएं भारतीय रेल द्वारा उच्च घनत्व नेटवर्क एवं अत्यधिक उपयोग वाले नेटवर्क मार्गों तथा शेष स्टेशनों में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग उपलब्ध कराने की व्यापक आधुनिकीकरण योजना का हिस्सा हैं। इन मार्गों पर पहले से ही कवच ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग तथा सेंट्रलाइज्ड ट्रैफिक कंट्रोल जैसी उन्नत सुरक्षा प्रणालियों के क्रियान्वयन की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से रेल संचालन की सुरक्षा में वृद्धि होगी, सिग्नलिंग प्रणालियों की विश्वसनीयता बेहतर होगी, परिचालन क्षमता एवं लाइन क्षमता में वृद्धि होगी तथा रखरखाव संबंधी आवश्यकताओं में कमी आएगी। साथ ही व्यस्त रेलखंडों पर ट्रेनों का संचालन अधिक सुचारु एवं कुशलतापूर्वक किया जा सकेगा।



## नर्मदा क्लब ने फाइनल में किया प्रवेश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में नवोदित अंदर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट में दूसरे सेमीफाइनल मैच में नर्मदा क्लब ने इंफिनिटी क्लब को 7 विकेट से हराया पहले बल्लेबाजी करते हुए इंफिनिटी क्लब ने 80 रन का टारगेट दिया। टीम की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए आश्रित ने 18 और अनुराग ने 12 रन बनाए नर्मदा क्लब से बोलिंग करते हुए सत्यम और अदिति ने दो-दो विकेट लिए जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी नर्मदा क्लब ने 12.4 ओवर में 80 रन बनाकर मैच जीत लिया। अर्पित को मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच 29 तारीख को सुबह 7:30 बजे खेला जाएगा।

## मनी लॉनड्रिंग के नाम पर वृद्ध को ठगा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सिविल लाइन थाने में 61 वर्षीय राफेल जैकब निवासी अपसरा अपार्टमेंट ,सिविल लाईन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसे किसी व्यक्ति ने फोन करके बताया कि उनके नाम पर केनरा बैंक में अकाउण्ट ओपन हुआ है। जिसमें मॅनी लॉनड्रिंग का पैसा आया है , आपके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी जिसके बाद उनके साथ 14 लाख 94 हजार रूपये फ्राड किया गया । पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# तम्बाकू मुक्त जीवन अपनाने युवाओं ने ली शपथ

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अंतर्गत बुधवार को संभागीय आईटीआई में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं विद्यार्थियों को तम्बाकू एवं निकोटीन उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें नशा मुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर डॉ. प्रशांत दुबे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि तम्बाकू एवं निकोटीन उत्पाद आज युवाओं को आकर्षित करने के लिए नए-नए माध्यमों का उपयोग कर रहे हैं।

ई-सिगरेट, निकोटीन पाउच एवं फ्लेवरयुक्त उत्पादों के माध्यम से किशोरों को लत की ओर धकेला जा रहा है, जो समाज एवं स्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 2026 की थीम 'अपील को उजागर करना - निकोटीन और तम्बाकू की लत का मुकाबला' निर्धारित की गई है, जिसका उद्देश्य तम्बाकू कंपनियों की भ्रामक रणनीतियों को उजागर करना और युवाओं को इनके दुष्प्रभावों से बचाना है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को तम्बाकू सेवन से होने वाले कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी एवं अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानकारी दी गई। संभागीय आईटीआई के विद्यार्थियों ने तम्बाकू मुक्त जीवन अपनाने की शपथ ली तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी के मार्गदर्शन में किया गया।

## युवक से की मारपीट

***जबलपुर ( स्वतंत्र मत )।*** *अधारताल थाने में 24 वर्षीय उत्कर्ष साहू निवासी इंद्रानगर सुहागी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने घर में था दोपहर लगभग 1 बजे उसके घर के बाहर ओम दाहिया आकर आवाज लगाया तो वह बाहर आया, ओम दाहिया उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तभी वहां पर शौर्य दाहिया तथा अनुभव वर्मा भी आ गये और तीनों उसके साथ गाली गलौज करने लगे, गालियां देने से मना करने पर तीनों ने मारपीट कर उसे घायल करदिया और उसकी कार क्रमांक एमपी 20 जेड क्यू 7148 में तोड़फोड़ कि । पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले की जाँच शुरू करदी है ।*

# शहपुरा में बिजली संकट पर फूटा जनता का गुस्सा

### आक्रोशित नगर वासियों ने किया विद्युत कार्यालय का घेराव



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहपुरा में पिछले कई महीनों से लगातार बनी हुई बिजली की समस्या और विभाग की लापरवाही को लेकर आज स्थानीय नागरिकों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित नगर वासियों ने भारी संख्या में एकत्रित होकर विद्युत विभाग के कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान लोगों में विभाग के प्रति भारी आक्रोश देखा गया। प्रदर्शनकारियों ने विद्युत अधिकारियों के सामने नगर की चरमराई बिजली व्यवस्था को लेकर कई मुख्य बिंदु रखे और एक मांग पत्र सौंपकर समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग की। ज्ञापन में उन्होंने मांग कि के नगर में बिछी एल.टी. केबलें काफी पुरानी और खराब हो चुकी हैं, जो आए दिन लोड न सह पाने के कारण जल और टूट जाती हैं। इन्हें तत्काल बदला जाए। हवा-आंधी चलने पर पेड़ों के बीच से गुजरी एल.टी. व सर्विस केबल टूट जाती हैं, जिससे घंटों आपूर्ति ठप रहती है। इसका स्थाई निदान किया जाए। शहपुरा विद्युत कार्यालय में कर्मचारियों की भारी कमी है, जिसके कारण शिकायतों का समय पर निपटारा नहीं होता। रिक्त पदों को जल्द भरा जाए। नगर में ट्रांसफार्मर पर लोड क्षमता से अधिक हो चुका है। लोड का आंकलन कर आवश्यकतानुसार नए व अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाएं। नगर वासियों ने बिजली कंपनी के अधिकारियों को इन सभी समस्याओं के निदान के लिए 7 दिन का समय दिया है। नागरिकों का साफ कहना है कि यदि तय समय सीमा के भीतर व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

प्रदर्शन में डॉ. निलेश जैन, विवेक सिंघई, निखिल अग्रवाल, कवि जैन, राम बाबू सिंह, मुकेश चौहान, नरेंद्र जैन, अरविन्द्र सिंह, संजय भाईसाब, घनश्याम पटेल, सनिल जैन, भूपेंद्र सिंह, अरुणेश तिवारी, अनुराग अग्रवाल, रवि साहू, राजा नाहर, आशुतोष जसवाल, जानी गुमास्ता, राजा जैन, अप्पी साहू, निक्की जैन, मन्नू जैन, विक्की जैन, अरविंदर पटेल, सजल जैन, पंकज, प्रणय जैन, अक्कू, राहुल, आलोक आदि अन्य उपस्थित थे।

# सिंगिंग स्टार्स कराओके की सुहानी शाम

### अर्चना देशमुख के भजनों और सदाबहार गीतों ने जीता श्रोताओं का दिल



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** राइट टाउन स्थित आई.एम.ए हॉल में सिंगिंग स्टार्स कराओके के तत्वावधान में एक बेहद खूबसूरत और सुहाने गीतों की शाम का आयोजन किया गया। इस संगीतमय कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य आयोजक श्रीमती अर्चना देशमुख के द्वारा किया गया। शाम की शुरुआत बेहद भक्तिमय माहौल में हुई, जहाँ अर्चना जी ने अपनी मधुर आवाज में हे दुख भंजन मारुति नंदन... भजन गाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद उन्होंने एक से बढ़कर एक सदाबहार और सुहाने गीत पेश किए। उनके द्वारा गाए गए गीत देखो देखो जानम..., इतना ना मुझसे तू प्यार बढ़ा... और हमने तुमको दिल दे दिया... पर श्रोता झूमने पर मजबूर हो गए और पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम में अर्चना देशमुख का साथ देने मंच पर उतरे शहर के जाने-माने सह-कलाकारों ने भी अपनी गायकी से समां बांध दिया। अवनी नायक, अमित खंडेलवाल और के.के. ताम्रकार ने एक के बाद एक कई मधुर प्रस्तुतियां दीं। इन कलाकारों के बेहतरीन तालमेल और सुरीले अंदाज ने इस शाम को जबलपुर के संगीत प्रेमियों के लिए यादगार बना दिया। कार्यक्रम के अंत तक सभी श्रोता गीतों के इस सफर का भरपूर आनंद लेते नजर आए।

## लम्बी जद्दोजहद के बाद रादुविवि में साप्ताहिक मजदूरों का हुआ भुगतान

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

रादुविवि में काम करने वाले 73 साप्ताहिक मजदूरों के अप्रैल महीने की मजदूरी का भुगतान लम्बी जद्दोजहद के बाद आखिर कर दिया गया। लेकिन खास बात यह है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने इन साप्ताहिक श्रमिकों की कर्मचारी संघ के सदस्य बनने की मांग को अमान्य करते हुए उनकी मजदूरी से संघ सदस्यता राशि की कटौती को अमान्य कर दिया और बिना कटौती के पूर्वानुसार भुगतान उन्हें कर दिया गया। कुछ मजदूरों को छोड़ दे तो लगभग सभी यह नहीं चाह रहे थे कि संघ की सदस्यता राशि की कटौती के बगैर उन्हें मजदूरी का भुगतान हो ताकि विश्वविद्यालय प्रशासन पर दबाव बनाने की दृष्टि से मामला विवादित बना रहे। सूत्रों की मानें तो इसके लिये मजदूरों की पैरवी करने वालो ने हर संभव प्रयास किये, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने मामले को भांपते हुए कड़ा रूख अपनाया और सभी 73 मजदूरों की मजदूरी उनके खातों में हस्तांतरित कर दी गई। पिछले दो सप्ताह से चल रहे इस नाटकीय घटनाक्रम में यह तो तय है कि 73 साप्ताहिक मजदूरों और उनको कर्मचारी संघ का सदस्य बनाने का सपना दिखाने वालों के मंसूबे पर पानी फिर गया। गौरतलब है कि कर्मचारी संघ के अध्यक्ष और महासचिव ने इन 73 मजदूरों को विश्वविद्यालय कर्मचारी बताते हुए मजदूरों के प्रभारी अधिकारी से देयक का सत्यापन करते हुए संघ सदस्यता राशि 10 रूपये भी बगैर प्रशासनिक स्वीकृति के कटवाकर लेखा शाखा को भुगतान प्रस्तुत किया गया था। लेखा शाखा से भी आनन-फानन में बिना देखे भुगतान अग्रेषित कर दिया लेकिन जब कुलगुरू प्रो राजेश कुमार वर्मा और कुलसचिव रविशंकर सोनवाल को प्रकरण की वस्तुस्थिति से अवगत करवाया गया तो दोनो अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेते हुए विवादित नस्ती को जब्त कर लिया और कर्मचारी संघ की सदस्यता की कटौती किये बगैर भुगतान नये सिरे से प्रस्तावित करने के निर्देश दिये।

**संघ सदस्यता राशि की कटौती को विवि प्रशासन ने किया अमान्य**

## वनरक्षक को दांत से काटकर किया घायल

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** चरगवां थाने में 36 वर्षीय योगेश पाठक निवासी ग्राम भितरी थाना रामपुर जिला सीधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह वर्तमान में वनरक्षक के पद पर आवास बीट बाड़ीबाड़ा थाना चरगवां में लगभग 7 वर्ष से पदस्थ है। उसकी बाड़ीबाड़ा बीट के अन्तर्गत लगभग 2200 हेक्टेयर भूमि का रकवा आता है। वर्तमान में शासन की नर्मदा योजना के अंतर्गत होने वाले वृक्षारोपण के लिये तार फेंसिंग का कार्य चल रहा है । इसी बीच सालीबाड़ा निवासी मुरारी पिता उदय गौंड़ आकर बोला की यह मेरी भूमि है वन विभाग की नहीं है और गाली गलोज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो मुरारी गौंड़ उससे झूमाझपटी करते हुये मारपीट शुरू कर दिया और उसके कलाई में दांत से काट दिया। झूमाझपटी में उसकी वर्दी फट गयी है दोबारा तार फेंसिंग करने पर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

# मास्टर प्लान अनुसार अधोसंरचना विकास हमारी पहली प्राथमिकता : संदीप जैन

### जेडीए में विकास योजनाओं को धरातल में उतारने बैठक का आयोजन, दिए निर्देश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन द्वारा प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ कार्यालयीन समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में जेडीए उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी के साथ सीईओ दीपक वैद्य, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री, वित्त अधिकारी, सम्पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद थे। बैठक में सर्वप्रथम मुख्य कार्यपालिक अधिकारी दीपक वैद्य द्वारा प्राधिकरण के बजट, विभागीय संरचना, सम्पत्तियों की जानकारी एवं योजनाओं में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराया गया।

आपने अन्य जानकारी के साथ प्राधिकरण की महत्वाकांक्षी योजना क्रमांक-64 एवं 65 में निर्माणाधीन एस.आर.-3 की प्रगति से अवगत कराते हुये बताया कि यह मार्ग माह जुलाई तक पूर्ण होकर, आवागमन हेतु तैयार हो जायेगा। इसके साथ ही नवीन योजना कमांक टीडीएस-2 में निर्माणाधीन एसआर-2 मार्ग की प्रगति तथा अन्य योजनाओ में चल रहे आवासीय सह व्यवसायिक प्रोजेक्ट की जानकारी से अवगत कराया गया।

### समय पर हों सभी कार्य

जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन द्वारा बैठक में निर्देशित किया गया कि प्राधिकरण का प्रमुख कार्य मास्टर प्लान के अनुरूप शहर का समन्वित, सुनियोजित एवं समयबद्ध विकास करना है। अतः अधोसंरचना विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण एस.आर.-3 मार्ग का निर्माण समयावधि में पूर्ण कराया जाये, साथ ही यो.क्र.-64 एवं 65 के सर्वांगीण विकास के लिये भी समस्त औपचारिकतायें पूर्ण कर, आंतरिक विकास कार्य भी समानुपातिक रूप से प्रारम्भ कराये जायें। साथ ही एस.आर.-2 मार्ग को भी यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये, ताकि पाटन बाइपास के समीप से यह मार्ग लिंक होने पर शहरवासियों को अतिरिक्त सुलभ मार्ग उपलब्ध हो सके एवं दीनदयाल चौक के भारी यातायात दबाव से निजात मिल सके।

### गुणवत्ता के साथ हों सभी कार्य

जेडीए अध्यक्ष ने कहा कि शासन की मंशानुरूप विकास योजनायें समय पर पूर्ण करना प्राधिकरण का दायित्व है, जिससे आमजनों को इसका समय पर लाभ मिल सके। इसका सकारात्मक परिणाम यह भी होगा कि भूमिस्वामी अपनी भूमि विकास के लिये देने में सहयोग करेंगे। अतः अधिकारियों को सकारात्मक कार्य संस्कृति विकसित कर पूरी इच्छाशक्ति और जिम्मेदारी के साथ सभी योजनाओं को समयसीमा, सुरक्षा मानकों व गुणवत्ता का पालन करते हुये समयसीमा में पूर्ण करने के लिये सख्त हिदायत दी गई। जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन ने कहा कि आज के दौर में पर्यावरण संतुलन प्रकृत्ति की पहली आवश्यकता है। वॉटर लेबल के बिगड़े संतुलन से शहरवासी आज भीषण गर्मी से जूझ रहे है, जिससे निजात पाना और संतुलन बनाये रखना हम सभी की प्राथमिकता होना चाहिये। समीक्षा बैठक में जेडीए उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी ने कहा कि प्राधिकरण अधिकारियों द्वारा योजनाओं की ऐसी प्लानिंग तैयार की जाये, ताकि योजनायें निश्चित समयसीमा में मूर्तरूप ले सकें।

# पुलिस जवान पर ट्रेक्टर चढ़ाने वाले पर हत्या और शासकिय कार्य में बाधा की धाराओं के तहत सख्त करें कार्यवाई : मुख्य सचिव अनुराग जैन

## जिला प्रशासन का एक्शनः आधा दर्जन से अधिक अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर पकड़ा





बालाघाट(स्वतंत्र मत)

लालबर्रा थाना अंतर्गत पलाकामठी गांव में अवैध रेत के खिलाफ कार्रवाई करने गई पुलिस टीम पर जानलेवा हमले का मामला में मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से कहा कि पुलिस जवान पर ट्रेक्टर चढाने वाले पर शासकीय कार्य में बाधा डालने और हत्या करने का प्रयास का प्रकरण दर्ज किया जाए। वहीं अब जिला प्रशासन एक्शन मोड़ में नजर आ रहा हैं। गोंगलई में शाम को खजिन विभाग, आरटीओं, राजस्व और पुलिस प्रशासन ने सयुक्त रूप से अवैध रेत परिवहन करते हुए वैनगंगा नदी में दबिस दी गई। बताया जा रहा हैं कि करीब आधा दर्जन टेक्टर को जब्त कर नवेगांव थाना परिसर में खड़ा कराया गया है और कार्यवाही जारी हैं। दरअसल, कांस्टेबल सुनील विश्वकर्मा और हेड कांस्टेबल राजेश्वर राहंगडाले ने रेत से भरी एक संदिग्ध ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका था। जब पुलिसकर्मी इस पूरी कार्रवाई का वीडियो बना रहे थे, तभी ट्रैक्टर चालक ने दुस्साहस दिखाते हुए उन पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। इस दर्दनाक हादसे में हेड कांस्टेबल राजेश्वर राहंगडाले गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत जिला अस्पताल लाया गया, हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ने बताया कि हेड कांस्टेबल की पसलियां टूट गई हैं। और उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। हालांकि, सीटी स्कैन में इंटरनल ब्लीडिंग न होने की पुष्टि के बाद, प्राथमिक उपचार देकर हालत स्थिर की गई और उन्हें बेहतर इलाज के लिए गोंदिया (महाराष्ट्र) रेफर कर दिया गया है। इस घटना के बाद तत्काल पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। और मामले में अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने 27 मई को प्रदेश के सभी 55 जिलों में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक लेकर शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों, विकासकार्यों एवं कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मुख्य सचिव श्री जैन ने खनिज के अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए बालाघाट जिले में अच्छी उपलब्धि के लिए सराहना करते हुए 26 मई को लालबर्रा तहसील के ग्राम पलाकामठी में खनिज माफिया द्वारा पुलिस जवान पर ट्रेक्टर चढाने की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा न जाए और उनके खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने और हत्या करने का प्रयास का प्रकरण दर्ज किया जाए। घटना के बाद जिला प्रशासन एक्शन मोड़ पर नजर आ रहा हैं, जहां शाम को गोगलई से अवैध रेत खनन व परिवन की जानकारी मिलते ही खजिन विभाग, आरटीओं, राजस्व और पुलिस प्रशासन ने की सयुक्त टीम वैनगंगा नदी के गोगलई घाट पर दबिश दी गई। वहीं नजारा गोंगलई में ऐसा दिखाई पड़ रहा था कि मानों पुलिस छावनी में तबलिद हो गया हो, सख्त कार्यवाई करते हुए रेत से भरे करीब 6 से 7 टेक्टर को जब्त करने की बात कहीं जा रहीं है। वहीं कार्यवाई के पश्चात टेक्टरों को नवेगांव थाना परिसर में रखा गया हैं, जिसकी कार्यवाही खनिज विभाग व पुलिस प्रशासन के द्वारा की जा रहीं है।

# प्रतिबंध के बाबजूद लगातार रात भर धड़ल्ले से बोरिंग मशीनें कर रही खनन

मानपुर (स्वतंत्रमत)



जिले के मानपुर तहसील क्षेत्रांतर्गत सुखदास, बड़छड़, पोड़िया, पड़खुरी, इंदवार, बकेली, बेल्दी जैसे कई गांव में देर रात अवैध बोर खनन की चर्चा जोरों से हवा जैसे फैल रही है.! बताया जा रहा है कि भीषण गर्मी और लगातार गिरते भूजल स्तर को देखते हुए उमरिया कलेक्टर ने निजी ट्यूवेल बोरिंग खनन कार्य पर शक्त प्रतिबंध लगाया है, इसके बावजूद भी बोरिंग ठेकेदार खुलेआम प्रशासनिक आदेशों की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं, जो दिन को बोरिंग मसीन यहां वहां किनारे खड़े कर दिया करते हैं और अपने एजेंटों को बोरिंग पोइंट ढूंढ़ने के लिये गांव क्षेत्र में भेज देते हैं, जो रात होते ही बोर मशीन के माध्यम से अवैध रूप से बोरिंग कार्य करने में जुड़ जाया करते हैं।प्रश्न की बात यह है कि कोई भी प्रशास्निक कार्य के लिये सभी विभागों को बड़े जवाबदारी के सांथ काम पर लगा दिया जाता है, कोई ऐसा गांव - ग्राम पंचायत न होगा जहां शास्कीय कर्मचारी अधिकारी न हों फिर भी अवैध ट्यूवेल बोर खनन का कार्य होजाय और शासन प्रशासन को जानकारी न होती हो क्या ऐसा सम्भव है..?यही दसा को स्थानीय लोग मिली भगत की ताकत के ताकत में सब सम्भव होने वाली शब्दों वाली बात किया करते हैं, वैसे भी बोरिंग कार्यों में बैन होने पर अन्य जिला सम्भाग के बोरिंग मशीने कई मजदूरों के सांथ इस क्षेत्र में दैनिक दौड़ लगाकर अथवा खड़े रहकर आखिर करते क्या हैं क्या इस बात से भी प्रशासन अज्ञान है कि मिलीभत नें कार्यवाही करने वाले हांथों में ताला जड़ दी है.! जिला कलेक्टर के निर्देश पालन में शिथिलता दिखना क्षेत्रीय प्रशासनिक जवाबदारों के सामने प्रस्न चिन्ह बन कर उभरने लगता है, वहीं ग्रामीणों का मानना है कि ठेकेदारों द्वारा करवाये जा रहे अवैध कार्यों पर ब्रेक लगाकर दोसियों पर कार्यवाही की जाये..!

# कटंगी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

कटंगी(स्वतंत्र मत)

कटंगी थाना परिसर में बुधवार दोपहर 1 बजे आगामी बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुस्लिम समुदाय के सदर सहित अन्य वरिष्ठजन, पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य था कि 28 मई को मनाई जाने वाली बकरीद का पर्व शांति और सद्भाव के साथ संपन्न हो। इस बैठक में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विवेक कुमार शर्मा और थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा मुस्लिम समुदाय के हनफिया सुन्नी जामा मस्जिद के सदर तथा अन्य वरिष्ठजन भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि बकरीद पर्व के दिन ईदगाह में सुबह 8 बजे से साढ़े 8 बजे तक विशेष नमाज अदा की जाएगी। इसके बाद तीन दिनों तक कुर्बानी का आयोजन होगा। अन्य दो मस्जिदों में भी नमाज अदा की जाएगी। ग्रामीण अंचल के ग्राम कोहका और जराहमोहगांव में भी विशेष नमाज का आयोजन होगा। पुलिस अधिकारियों ने समुदाय के प्रतिनिधियों से पूछा कि बकरीद पर किन-किन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बताया कि बकरीद पर किसी भी प्रकार का कोई आयोजन नहीं होता। थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा।

# नियम तोड़ने वाली बसों पर चला परिवहन विभाग का डंडा, मानपुर में मची अफरा-तफरी

उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग अब पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। मानपुर क्षेत्र में चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के दौरान नियमों की अनदेखी कर सड़कों पर दौड़ रही यात्री बसों पर बड़ी कार्रवाई की गई। इस अभियान से बस संचालकों और वाहन मालिकों में हड़कंप की स्थिति बन गई। परिवहन आयुक्त के निर्देश और कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला परिवहन अधिकारी रमा दुबे के नेतृत्व में परिवहन विभाग की टीम ने मानपुर क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान यात्री बसों को रोककर फिटनेस प्रमाण पत्र, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, स्पीड लिमिट डिवाइस, वीएलटीडी और आपातकालीन दरवाजों की बारीकी से जांच की गई। जांच के दौरान कई बसों में गंभीर लापरवाहियां सामने



आईं। एक यात्री बस बिना वैध परमिट के संचालित होती मिली, जिस पर मोटर व्हीकल एक्ट 1988 एवं मध्यप्रदेश मोटरयान कराधान (संशोधन) अधिनियम 2025 के तहत 46 हजार रुपये का भारी शमन शुल्क वसूला गया। वहीं दूसरी बस बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के सड़क पर दौड़ती पाई गई, जिस पर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने वाहन संचालकों को सख्त चेतावनी भी दी कि बिना फिटनेस,बीमा,परमिट और आवश्यक सुरक्षा उपकरणों के कोई भी यात्री वाहन संचालित नहीं होने दिया जाएगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यात्रियों की सुरक्षा से समझौता करने वालों के खिलाफ आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। जिले में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों के बीच परिवहन विभाग की यह सख्ती आम लोगों के लिए राहत भरी मानी जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि इसी तरह नियमित जांच अभियान चलते रहे तो नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन संचालकों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

# कीटनाशक सेवन के बाद 10 दिन बाद युवक की मौत

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

ग्रामीण थाना नवेगांव अंतर्गत ग्राम धापेवाड़ा विश्रामपुर निवासी 21 वर्षीय प्रिंस पिता नरेंद्र लिल्हारे की कीटनाशक सेवन के बाद लंबे उपचार के दौरान मौत हो गई। बुधवार सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार प्रिंस घर के ट्रैक्टर और जेसीबी का काम संभालता था। 16 मई को उसने अज्ञात कारणों से कीटनाशक का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर उसने अपनी मां को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां दो दिन उपचार के बाद 18 मई को युवक के आग्रह पर उसे डिस्चार्ज कर दिया गया।

इसके बाद 19 मई को उसकी हालत फिर बिगड़ गई। परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से गंभीर स्थिति में नागपुर रेफर किया गया। एम्स और निजी अस्पतालों में इलाज के बावजूद हालत में सुधार नहीं हुआ। अंततः 25 मई को उसे पुनः जिला अस्पताल लाया गया, जहां 26 मई की रात उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने जिला अस्पताल के चिकित्सक पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि युवक की हालत गंभीर होने के बावजूद जल्दबाजी में डिस्चार्ज कर दिया गया, जिससे उसकी स्थिति लगातार बिगड़ती चली गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# 10 दिन से लापता शख्स की मिली अधसड़ी लाश

## ग्राम जराहमोहगांव में फैली दहशत, पुलिस जांच में जुटी



**कटंगी(स्वतंत्र मत)।** कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम जराहमोहगांव में बुधवार 27 मई की सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब गांव के बच्चों ने पंचायत द्वारा बनाए गए अनुपयोगी कचरा घर में एक सड़ी-गली लाश देखी। देखते ही देखते पूरे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना तुरंत पंचायत सरपंच तक पहुंची और फिर पुलिस को खबर दी गई। पुलिस जांच में मृतक की शिनाख्त गोकल पिता भैयालाल देवाहे उम्र 58 वर्ष निवासी सोनझरा थाना रामपायली के रूप में हुई। गोकल पिछले 10 दिनों से लापता था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि गोकल की मानसिक स्थिति बचपन से ही ठीक नहीं थी। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और बाद में थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास के थाना क्षेत्रों में गुम इंसान की जानकारी जुटाई और मृतक की पहचान सुनिश्चित की। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को दोपहर करीब 1 बजे सरकारी अस्पताल कटंगी के शव विच्छेदन गृह लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह तय हो पाएगा कि गोकल की मौत किन परिस्थितियों में हुई। गांव के लोगों में इस घटना को लेकर भय और आशंका का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत के कचरा घर में शव मिलने से यह सवाल उठता है कि गोकल वहां कैसे पहुंचा। क्या उसकी मौत स्वाभाविक थी या किसी अप्रिय घटना का शिकार हुआ, यह जांच का विषय है। पंचायत सरपंच ने तत्काल सूचना देकर जिम्मेदारी निभाई। वहीं पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शव की पहचान और पंचनामा की प्रक्रिया पूरी की। अब आगे की जांच में यह स्पष्ट होगा कि गोकल की मौत बीमारी, दुर्घटना या किसी अन्य कारण से हुई।

# ग्राम पंचायत पतौर में किया जा रहा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले की जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पतौर में स्वयंसेवी संस्था साहस द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत च्च्प्रोजेक्ट क्लीन डेस्टिनेशन बांधवगढ़ज्ज के अंतर्गत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य संचालित किया जा रहा है। सरपंच सूर्यपाल ने बताया कि यह परियोजना ग्राम पंचायत पतौर में गत मार्च माह से शुरू की गई है। इसके तहत पंचायत के सभी गांवों एवं रिसॉर्ट्स में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए नियमित रूप से कचरा संग्रहण वाहन संचालित किए जा रहे हैं।उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा ग्राम पंचायत पतौर सहित ताला, गुरवाही, माला और डोभा क्षेत्रों में रिसाइक्लिंग आधारित कचरा संग्रहण कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। संग्रहित कचरे को प्राथमिक भंडारण केंद्र में रखा जा रहा है। इसके बाद कचरे का पृथक्करण कर पुनर्चक्रण योग्य कचरे का विक्रय किया जाएगा, जिससे ग्राम पंचायत की आय में वृद्धि होगी। वहीं, जो कचरा विक्रय योग्य नहीं होगा, उसे सीमेंट प्लांट्स भेजा जाएगा।परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संस्था की टीम द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता अभियान से जोड़ने एवं उनकी सहभागिता बढ़ाने हेतु जागरूकता गतिविधियां और जन-जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

# अवैध खनिज उत्खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

## 1 पोकलेन मशीन एवं 1 हाइवा वाहन जप्त

उमरिया (स्वतंत्रमत)



जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय के निर्देशन में खनि अधिकारी डॉ. विद्याकांत तिवारी, सहायक खनि अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी, खनि निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा, प्रभारी खनि निरीक्षक एन.एस. आर्मो, सैनिक सरमन लाल केवट, श्रीराम शर्मा एवं राजेश शुक्ला की टीम ने 27 मई 2026 को ग्राम लोढ़ा, तहसील चंदिया में कार्रवाई की है।जांच के दौरान रेलवे लाइन निर्माण कार्य में अवैध रूप से उत्खनित मुरुम का उपयोग किए जाने की पुष्टि होने पर टीम ने एक टाटा हिटाची हाइड्रोलिक एक्सकेवेटर पोकलेन मशीन (मॉडल एक्स 200 एलसी सुपरप्लस सीरियल नंबर एसपी 20-58709) तथा हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 10 बीयू 2634 को जप्त किया। वाहनों के विरुद्ध म.प्र. खनिज अवैध (खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि कलेक्टर एवं खनि अधिकारी के निर्देशन में जिलेभर में लगातार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है तथा अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# विशेष लोक अदालत मे लंबित प्रकरणों के संबंध में बैठक संपन्न




उमरिया (स्वतंत्रमत)।

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित विशेष लोक अदालत के संबंध में जिला उमरिया के अंतर्गत कुल 6 प्रकरण लंबित है, प्रकरणों में ए0डी0आर0 सेंटर भवन उमरिया पक्षकारों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में प्रकरणों को मध्यस्थता के माध्यम से सुलह करने हेतु विचार-विमर्श किया गया। बैठक में अहमद रजा, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमरिया, मोहन डावर, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया एवं सरफराज खान, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड उमरिया, सुधांशु सोनी, प्रशिक्षु न्यायाधीश उमरिया एवं पक्षकारगण आदि उपस्थित रहे।

# चलें रामराज्य की ओर संकल्प यात्रा कार्यक्रम संपन्न

उमरिया (स्वतंत्रमत)

इंदिरा ज्योति व चलें रामराज्य की ओर संकल्प यात्रा का आगमन बुधवार 27 मई को उमरिया नगर में हुआ इसी तारतम्य में शहर के सामुदायिक भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस यात्रा को लेकर चल रहे भास्कर राव रोकड़े का कांग्रेस पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भास्कर राव रोकड़े ने कहा कि सम्यक अभियान की प्रेरणा श्रोत इंदिरा गांधी है जो हमारे बीच न होकर भी कार्यों विचारों व क्रांतिकारी निर्णयों के रूप में हमें सदैव अपनी मौजूदगी का अहसास करातीं हैं।भास्कर राव ने कहा कि जब इंदिरा माता के खिलाफ



दुष्प्रचार सहन करते हुए बैठे रहना उचित नहीं था इसलिए सम्यक अभियान दिल्ली मुंबई भोपाल नागपुर जयपुर व लखनऊ में आयोजित कर मीडिया के माध्यम से इंदिरा जी के कार्यों विचारों व क्रांतिकारी निर्णाय को जन-जनतक पहुंचना शुरू कर दिया। 19 नवंबर 2024 को ग्वालियर में इंदिरा जी की 107वीं जयंती को संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए बड़े परिवर्तन के लिए 4 वर्षीय इंदिरा ज्योति अभियान की शुरुआत की गई है।महात्मा गांधी की रामराज की अवधारणा को मूर्ति रूप प्रदान करने हेतु चले रामराज की ओर अभियान का शुभारंभ किया गया।

# स्वजातीय स्वर्णकार समाज के 28 जून को होने वाले चुनाव के कर्यक्रम की हुई घोषणा

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** मुख्य चुनाव अधिकारी अशोक कुमार सोनी स्वजातीय स्वर्णकार समाज विकास समिति मध्यप्रदेशध् छत्तीसगढ़ ने बताया



कि नामांकन फार्म प्राप्त करने की तिथि निर्धारित हो गई है। 2 जून से 7 जून 2026 को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चुवाव कार्यालय फूलचंद चौक सराफा बाजार सतना से फार्म प्राप्त कर सकते है।एवं 2 से 7 जून तक प्रत्याशी अपना फार्म प्राप्त वा जमा भी कर सकते है।फार्म प्राप्त करने वा जमा करने की तारीख एक ही निर्धारित की गई है। दि. 8 जून 2026 को चुनाव कार्यालय फूलचंद चौक सराफा बाजार में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे जमा किये गये फार्मो की जांच की जायेगी। दिनांक 9 जून वा 10 जून 2026 को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक चुनाव कार्यालय फूलचंद चौक सराफा बाजार सतना से नाम वापस लिये सकते। दिनांक 11 जून 2026 को सही वैधानिक पाये गये फर्मो के प्रत्याशियों की घोषणा की जायेगी। मतदान स्थल. श्री महावीर दिगंबर जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोलगवां थाना के सामने बी.टी.आई ग्राउंड के बगल से रीवा रोड सतना मध्य प्रदेश।मतदान 28 जून 2026 को समय सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदाता मतदान में भाग ले सकते है।मतदान केंद्र में ही मतदान समाप्त होने के पश्चात एक घंटे बाद निर्वाचन स्थल पर ही दिनांक 28 'जून 2026 को मतो की गिनती वा विजई प्रत्यासियो की घोषणा की जायेगी।जो भी अभ्यर्थी चुनाव लड़ेगा जैसे अध्यक्ष सचिव उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष सह सचिव पद के लिए 5000 की राशि एवं कार्यकारिणी सदस्य के लिए 3000 की अमानत राशि फार्म जमा करते समय कार्यालय में जमा करनी होगी।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला उमरिया (म.प्र.)**

क्रमांक/162/(प्रवा. अप.कले. 2026
उमरिया दिनांक 20/05/2026

**इश्तहार उद्घोषण**

सर्वसाधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक (वरपक्ष) सागर गुप्ता पिता प्रवीण गुप्ता निवासी ग्राम बकेली (उमरिया) थाना इंदवार तहसील मानपुर जिला उमरिया म.प्र. एवं आवेदिका (वधू पक्ष) काजल यादव पिता प्रमोद यादव निवासी ग्राम बकेली (उमरिया) थाना इंदवार तहसील मानपुर जिला उमरिया (म.प्र.) द्वारा हिन्दू विवाह अधि. 1955 के प्रावधानों अंतर्गत विवाह कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त विवाह पंजीयन किये जाने के संबंध में यदि किसी को किसी प्रकार की आपत्ति है तो वह अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 22/06/2026 तक न्यायालीन समय 10:00 बजे 06:00 बजे के दौरान स्वयं अथवा विधि व्यावसायी के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। दिनांक 22/06/2026 को आपत्तियों के आमंत्रण के लिये प्रकरण में तिथि नियत है. अतः इस तिथि के पश्चात प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 20/05/2026 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी

**अपर कलेक्टर**
**एवं विवाह अधिकारी**
**जिला उमरिया (म.प्र.)**

## फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

मण्डला/निवास(स्वतंत्रमत)। थाना बीजाडांडी पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे। स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने में सफलता प्राप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यायालय निवास के प्रकरण क्रमांक 719/2018 एवं अपराध क्रमांक 142/2018, धारा 294, 323 एवं 506 ता.हि. के मामले में आरोपी रेखलाल परते पिता सुमारीलाल परते उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी बहेराटोला थाना बीजाडांडी पिछले करीब दो वर्षों से फरार चल रहा था वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी बीजाडांडी अनिता कुडापे के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया।

## खनिज विभाग की कार्यवाही

मण्डला(स्वतंत्र मत)। जिले में अवैध खनिज उत्खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा प्राप्त शिकायतों के आधार पर बम्हनी तहसील क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त एक ट्रैक्टर वाहन क्रमांक एमपी 51 एए 4491 को जब्त किया गया। जब्त वाहन को थाना बम्हनी की सुपुर्दगी में रखा गया है। संबंधित वाहन के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत करने की कार्वाई की जा रही है।

## जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

मण्डला(स्वतंत्र मत)। आंगनवाड़ी सह आरोग्य केन्द्र कजरवाड़ा परियोजना नैनपुर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत माहवारी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य प्रबंधन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। वन स्टॉप सेंटर प्रशासक सुश्री प्रेरणा मर्सकोले ने उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं से कहा कि महिलाओं को शारीरिक स्वच्छता के साथ मानसिक रूप से भी सशक्त बनाना आवश्यक है।

## शिवमंदिर में चोरी का प्रयास

मण्डला(स्वतंत्रमत)। तालाब मोहल्ला स्थित शिवमंदिर में बुधवार दोपहर एक अज्ञात युवक द्वारा चोरी का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लगभग 18-19 वर्षीय युवक शराब के नशे में मंदिर परिसर में घुसा और दानपेटी का कुंदा तोड़कर उसमें रखी दान राशि निकाल ली बताया जा रहा है कि युवक ने चोरी के दौरान मंदिर में लगे त्रिशूल, ध्वज एवं भगवान शिव के श्रृंगार सामान को भी अस्त-व्यस्त कर दिया साथ ही मंदिर में जल रही अखंड ज्योत को गिराकर उत्पात मचाया घटना के समय मंदिर के पास खेल रहे कुछ छोटे बच्चों ने युवक की हरकत देख ली और शोर मचाकर आसपास की महिलाओं एवं स्थानीय लोगों को बुलाया लोगों के पहुंचने पर युवक से चुराई गई दान राशि तो बरामद कर ली गई।

## बड़ी खैरी में जन-जागरूकता

मण्डला(स्वतंत्रमत)। जनभागीदारी से जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सोमवार को गंगा दशहरा के अवसर पर ग्राम पंचायत बड़ी खैरी के बड़े तालाब में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया इस अवसर पर ग्रामवासियों जनप्रतिनिधियों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में तालाब की साफ-सफाई, जन-जागरूकता रैली कलश पूजन तथा श्रमदान किया गया।

# संभागायुक्त ने वीसी के माध्यम से ली अधिकारियों की बैठक

# जल संरक्षण के कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने दिए निर्देश

मण्डला(स्वतंत्र मत)

संभागायुक्त धनंजय सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संभाग के सभी कलेक्टरों से शासन के कार्यक्रमों एवं प्राथमिकता अभियानों के संबंध में चर्चा की। इस दौरान उन्होंने पेयजल, वन अधिकार पट्टा, गेहूं पंजीयन एवं उपार्जन की दैनिक प्रगति, परिवहन, भंडारण व भुगतान तथा उपार्जन से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी पेयजल को प्राथमिकता रखते हुए कार्य करें और सुधार योग्य हेंडपम्पों को सुधारें। पेयजल सुनिश्चितता की कलेक्टर दैनिक आधार पर समीक्षा करें। उन्होंने एकल नल-जल योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा भी की। संभागायुक्त ने वनाधिकार अधिनियम अंतर्गत मान्य और अमान्य दावे तथा लंबित दावे के बारे में जानकारी लेकर विस्तृत समीक्षा की। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिलों की विभागवार रैंकिंग एवं कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया






कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य अनुरूप जल संवर्धन कार्यों गतिविधियों की नियमित सघन मॉनिटरिंग करते हुए कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। संभागायुक्त ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत फार्म पॉण्ड, डगवेल रिचार्ज एवं अमृत सरोवर आदि के अपूर्ण कार्यों एवं कृषि विभाग के बलराम तालाबों को समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अन्य विभागों के अधिकारियों से भी कहा कि रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की दिशा में शासन के मंशानुरूप कार्य करें। गेहूं उपार्जन समय-सीमा में पूर्ण करने के साथ ही कृषि अवसंरचना निधि योजना अंतर्गत कृषि वर्ष 2026-27 के लिए आवंटित लक्ष्य की समीक्षा की। साथ ही संभाग में खाद की उपलब्धता व वितरण की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्वास्थ्य व पोषण के संबंध में विभागीय अधिकारियों से कहा कि गर्भवती महिलाओं का एएनसी पंजीयन समय पर अनिवार्यत: किया जाये तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। संभागायुक्त ने राजस्व न्यायालयों के प्रकरणों की जानकारी लेकर कहा कि सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा तथा अन्य राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में सुनिश्चित करें। कलेक्टर प्रकरणों के निराकरण के लिए तहसीलदार व एसडीएम कोर्ट का निरीक्षण करें। वीसी के दौरान संभागायुक्त ने सीएम हेल्पलाईन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि 100 दिन से अधिक लंबित शिकायतों का गहनता से परीक्षण कर तत्परता से समुचित निराकरण करावें। इसके साथ ही सीपी ग्राम, सीएम व सीएस मॉनिट तथा लंबित प्रकरणों के संबंध में जिलेवार समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति, पेंशन, नजूल नवीनीकरण और लोक सेवा गारंटी अंतर्गत समय-सीमा से बाह्य लंबित आवेदनों की समीक्षा की। वीडियो कॉन्फ्रेंस में मंडला एनआईसी कक्ष से कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। गर्मी के मौसम एवं बढ़ते तापमान को देखते हुए मण्डला जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पीएचई द्वारा विशेष पहल की गई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड मण्डला कार्यालय में पेयजल योजनाओं के संचालन एवं संधारण की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिससे आमजन की पेयजल संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा सके। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड मनोज भास्कर द्वारा जारी आदेश के अनुसार कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07642-252443 निर्धारित किया गया है। साथ ही उपयंत्री सुश्री सुमन मरावी को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनका मोबाइल नंबर 7470558230 जारी किया गया है, आवश्यकता पड़ने पर सीधे संपर्क किया जा सके। विभाग द्वारा कंट्रोल रूम में 24 घंटे कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है ताकि जिले के किसी भी क्षेत्र से प्राप्त पेयजल समस्या संबंधी शिकायतों को तत्काल दर्ज कर संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जा सके।

## हेल्थ केयर ऑन जॉब ट्रेनिंग प्रशिक्षण

मण्डला/मोहगांव(स्वतंत्रमत)

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहगांव में शासन के निर्देशानुसार व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत अध्ययनरत कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए हेल्थ केयर विषय की ऑन जॉब ट्रेनिंग का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 2 से 21 मई तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहगांव में आयोजित हुआ जिसमें विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी एवं आवश्यक कौशलों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम व्यावसायिक प्रशिक्षक श्रीमती ममता कानतोडे के मार्गदर्शन एवं देखरेख में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान



विद्यार्थियों ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का अवलोकन कर वहां की कार्यप्रणाली को निकट से समझा। छात्रों ने जनरल वार्ड, इंजेक्शन कक्ष, पैथोलॉजी विभाग, दवा वितरण कक्ष, ड्रेसिंग कक्ष तथा ओपीडी विभाग में कार्यों का अनुभव प्राप्त किया। इस दौरान विद्यार्थियों को मरीजों की देखभाल, स्वास्थ्य संबंधी प्राथमिक प्रक्रियाओं एवं अस्पताल प्रबंधन की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. कमलेश मोहन सिंह झिकराम, डॉ. उदित नारायण जायसवाल, सृष्टि मेम, एलमा रोबिनसन, प्रभा हरदहा एवं नीरज दुबे ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं तथा अस्पताल की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य दीपक कछवाहा, व्यावसायिक नोडल प्रभारी अनिल दुबे, व्यावसायिक प्रशिक्षक ममता कानतोडे सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## आम आदमी पार्टी की बैठक सम्पन्न

मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)

आम आदमी पार्टी की बिछिया विधानसभा में बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिल्ली से आए मध्यप्रदेश सहप्रभारी धर्मेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। विधानसभा स्तर पर संगठन निर्माण एवं बूथ स्तर पर संगठन को पहुंचाने के लिए रणनीति तैयार की गई। साथ ही आगामी पंचायत और निकाय चुनाव के लिए प्रत्याशी चयन से लेकर विधानसभा चुनावों की रणनीति तैयार की गई। इतनी गर्मी में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं का उत्साह देखकर लग रहा है कि यह परिवर्तन का समय है। ग्रामीण क्षेत्रों से अपना संसाधन खर्च कर इतनी भारी संख्या में पहुंचकर सभा को गंभीरता से लेकर पार्टी के लिए समर्पण दिखाता है।



स्थानीय लोगों ने संकल्प लिया है कि जिस प्रकार आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष पंकज सोनी के नेतृत्व में गांव गांव तक पहुंच रही है इसी प्रकार हम भी अपने अपने क्षेत्रों में पार्टी को बढ़ाने का कार्य करेंगे इस दौरान अविनाश चौधरी, जिला अध्यक्ष पंकज सोनी, जिला उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष यशवंत जाय सवाल, जिला उपाध्यक्ष धीरज पनरिया, जिला संगठन मंत्री शिशु सिंधु भलावी, अशोक पांडे, आदित्य पटेल, तरुण बघेल, मुकेश तुमराली, जागेश यादव, पुष्पराज मरावी, आशीष वैष्णव, विशाल कटारिया, जगन्नाथ धारवैया, सतीश धुर्वे, संतराम मरावी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नेवसा में श्रीमद्भागवत कथा आयोजित

मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)

विकासखंड बिछिया के ग्राम पंचायत नेवसा में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन ग्राम नेवसा निवासी राजेंद्र राजपूत, रोहनसिंह एवं मोहन सिंह के निवास पर पितरों की शांति एवं मोक्ष हेतु आयोजित किया जा रहा है। कथा का वाचन प्रसिद्ध भागवत आचार्य एवं पुराण वाचक मिथिलेश मिश्रा के श्रीमुख से किया जा रहा हैं। कथा के द्वितीय दिवस में आचार्य श्री ने मानव जीवन के आदर्श आचरण संस्कारयुक्त जीवन शैली तथा बच्चों को उत्तम संस्कार देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अत्यंत भावपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया उन्होंने कहा कि संसार में सब कुछ मिल सकता है लेकिन मां-पिता और भाई का प्रेम दोबारा नहीं मिलता जब तक माता-पिता जीवित हैं तब तक जीवन में सुख और उजाला बना रहता है। मां के जाने से संतान का भोजन और ममता चली जाती है क्योंकि मां ही बच्चों की हर आवश्यकता का सबसे अधिक ध्यान रखती है। वहीं



पिता के जाने के बाद जीवन का उजाला समाप्त हो जाता है।

## सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

मण्डला (स्वतंत्रमत)

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के तत्वावधान में महाकौशल प्रांत स्तर पर आयोजित सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न हुआ। शिविर में महाकौशल प्रांत के 18 जिलों से आए 128 जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर विभिन्न प्रकार के शारीरिक, मानसिक एवं संगठनात्मक प्रशिक्षण प्राप्त किए शिविर के दौरान प्रतिभागियों को नियुद्ध, दंड संचालन, लक्ष्य वेध, बाधा प्रशिक्षण, प्राणायाम, संतुलन खेल एवं खो-खो जैसी गतिविधियों का अभ्यास कराया



गया कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, शारीरिक दक्षता एवं संगठनात्मक कौशल का विकास करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय मंत्री बेटू भाई चंदेल, प्रांत महामंत्री अशोक सोनी, प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष स्वराज्य बघेल, प्रांत संगठन मंत्री ओम प्रकाश यादव, प्रांत कोषाध्यक्ष राजपूत, प्रांत मंत्री श्रीमती रंजनी राव, विभाग संयुक्त संगठन मंत्री अरविंद बघेल, संगठन मंत्री मुकेश सरन एवं विभाग उपाध्यक्ष श्रीराम गोपाल यादव उपस्थित रहे। शिविर के दौरान संगठन पदाधिकारियों ने युवाओं को राष्ट्र सेवा, सामाजिक समरसता एवं संगठन की मजबूती के लिए प्रेरित किया वक्ताओं ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर युवाओं में नेतृत्व क्षमता और अनुशासन विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में जिला कार्यकारी सुनील कुशवाहा, सुमित लांझीवार, विशाल चंद्रोल, प्रवीण कुमार यादव, गोवर्धन कुशवाहा, सुमित सोनी, अनील मिश्रा, विपिन अवधवाल, श्रीमती कंचन कहार, जिला मंत्री बलराम यादव, नवीन नामदेव, चरणजीत सिंह चन्नी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शांति समिति की बैठक सम्पन्न

मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)। आगामी बकरा ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से थाना टिकरिया प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों जनप्रतिनिधियों पत्रकार बंधुओं एवं मुस्लिम समाज के लोगों ने उपस्थित होकर त्यौहार की रूपरेखा पर चर्चा की तथा आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी प्रदीप पांडे ने कहा कि सभी नागरिक आपसी सहयोग एवं समन्वय के



साथ पर्व मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे तथा असामाजिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी बैठक में जनपद पंचायत नारायणगंज उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा ने सभी समुदायों से आपसी प्रेम भाईचारे एवं सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की वहीं उपस्थित नागरिकों एवं समाजसेवियों ने भी क्षेत्र में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने हेतु प्रशासन को सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## शोभा की सुपारी बनकर रह गई अलीपुर ग्राम में नलजल योजना

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

ग्राम पंचायत अलीपुर में करोडो रुपये खर्च कर शासन के द्वारा पानी टंकी का निर्माण कराकर गाव में पाइप लाईन भी बिछाई गई। मगर आज तक इस नल जल योजना का लाभ अलीपुर निवासियों को नही मिल पाया। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में पानी की टंकी और नल जल योजना केवल शोभा की सुपारी बनकर रह गई है। आज जहां इस भीषण गर्मी में पानी की कमी के चलते लोग हलाकान है। वही नल जल योजना के नाम पर किये गए



करोड़ो के खर्चे के बावजूद भी अलीपुर कर रहवासी पानी की त्रासदी झेल रहे है। ग्रामीणों के आरोप है कि ग्राम सरपंच और सचिव इसकी सुरुआत के लिए कोई रुचि नही फ़िक्ह रहे है। अब ग्रामीणों ने नैनपुर अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए गांव की समस्या से अवगत कराया है। साथ ही कहा गया है कि समय रहते जल्द इस व्यवस्था का लाभ ग्राम वासियो को नही दिया जाता है तो वे सड़क मर उतरकर अंदोलन करने मजबूर होगे । ज्ञापन सौंपने वालो में निरंजन सिंह ठाकुर, राजेंद्र जघेला, जगदीश सिसोदिया, मिही लाल यादव, जगना यादव, रमेश सिसोदिया, राजकुमार जघेला, दुर्गा बाई, खिमिया बाई और अन्य ग्रामवासी शामिल रहे।

## कल चर्लापल्ली-दानापुर के बाद आज गोंदिया आगरा के मध्य चलेंगी दो ग्रीष्म स्पेशल ट्रेन

नैनपुर(स्वतंत्र मत)। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ एवं लंबी प्रतीक्षा सूची को कम करने के उद्देश्य से दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा एक फेरा के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत आज 27 मई को गाड़ी संख्या 07089 चर्लापल्लीङ्कदानापुर स्पेशल ट्रेन आज नैनपुर होकर गुजरेगी। जबकि दूसरी ट्रेन 08811 कल 28 मई को एक फेरे के लिए गोंदिया नैनपुर जबलपुर से सीधे आगरा केंट के लिए चलाई जाएगी। इस तरह से ग्रीष्म स्पेशल ट्रेनों के रूप में दो अतिरिक्त स्पेशल यत्रीगाडियो का लाभ नैनपुर जबलपुर रेल खण्ड के रेल यात्रियों को मिलेगा। जानकारी अनुसार गाड़ी संख्या संख्या 07089 चर्लापल्लीङ्कदानापुर स्पेशल ट्रेन 27 मई को चर्लापल्ली से 13.00 बजे रवाना होगी तथा मार्ग के मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुये दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ठहराव वाले चांदाफोर्ट आगमन 20.10 बजे प्रस्थान 20.12बजे, गोंदिया स्टेशन आगमन 23.45 बजे प्रस्थान 23.55 बजे, बालाघाट जंक्शन आगमन 00.40 बजे प्रस्थान 00.42 बजे, नैनपुर स्टेशन आगमन 02.20 बजे प्रस्थान 02.22 बजे होकर अपने निर्धारित मार्ग से होते हुए 23.55 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। जिसकी कोच संरचना में कुल 24 ङ्घष्स्न कोच लगाए जाएंगे, जिनमें 03 एसी टू टियर, 05 एसी थ्री टियर, 10 स्लीपर, 04 सामान्य द्वितीय श्रेणी एवं 02 एसएलआर कोच शामिल रहेंगे। जबकि दूसरी अतिरिक्त स्पेशल यात्री गाड़ी संख्या 08811 गोंदिया-नैनपुर-आगरा कैंट के मध्य एक फेरा के लिए ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन का परिचालन कल 28 मई को किया जाएगा। बताया गया कि गाड़ी संख्या 08811 कल 28 मई गुरुवार को गोंदिया जंक्शन से 07‍50 बजे प्रस्थान कर बालाघाट स्टेशन 08.35/08.37 बजे, नैनपुर जंक्शन 10.22/10.27 बजे, जबलपुर 13.15/13.25 बजे, कटनी मुरवारा 15.00/15.10 बजे, सागर 17.50/17.52 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जंक्शन 23.00/23.10 बजे, ग्वालियर 00.40/00.42 बजे होते हुए दिनांक 29 मई शुक्रवार को 04.00 बजे आगरा कैंट पहुंचेगी।

**कार्यालय नगर परिषद बम्हनी बंजर जिला मण्डला**

क्रमांक/न.प./स्टोर./2026/475 बम्हनी बंजर दिनांक 27/05/2026

**प्रथम जेम बिड सूचना**

एतद् द्वारा नगर परिषद बम्हनी बंजर द्वारा स्वच्छता शाखा अंतर्गत अति आवश्यक सेवाओं को दृष्टिगत रखते हुए स्वच्छता सामग्री क्रय किए जाने हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन बिड आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन बिड भारत सरकार के पार्टल https://gem.gov.in/ के माध्यम से क्रय की जा सकती है।

| क्र. | विवरण एंव बिड नम्बर | ऑनलाईन बिड की प्रारंभिक तारीख | ऑनलाईन बिड की अंतिम तारीख |
|---|---|---|---|
| 1. | Bid.No.Gem/2026/B/7594174date-27/05/2026 | 27.05.2026 | 15.06.2026 |

जेम बिड की शर्ते-
1. निर्धारित सुरक्षा निधि काटी जावेगी, जो 12 माह पश्चात वापिस की जावेगी।
2. अनुबंध किया जाना आवश्यक होगा। 3. अमानत राशि 2 प्रतिशत देय होगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बम्हनी बंजर

संपादकीय

# पहाड़ों की रानी के गाल भी लाल

तपते सूरज ने हिमाचल के परिवेश को लांघते हुए, गर्मी का जबरदस्त एहसास ही नहीं कराया, बल्कि पहाड़ों की रानी शिमला के गाल भी लाल कर दिए हैं। ऊना के तापमान में बढ़ोतरी को देखते हुए वहां 44 डिग्री सेल्सियस के नीचे तमाम बाधाएं और जीवन की सख्त परीक्षाएं शुरू हुई हैं। सिर्फ एक डिग्री पीछे बद्दी भी चुनौतियों का पिंड बना है। गर्मी की लहरें पांवटा साहिब, सोलन, बिलासपुर होते हुए समूचे प्रदेश को आहत किए हुए हैं, तो इसका असर जीवन और आर्थिकी पर भी पड़ रहा है। किसान, बागबान, छात्र समुदाय और उपभोक्ता परेशान हैं, तो इस परिस्थिति के लिए भी हम सभी जिम्मेदार हैं। भीषण गर्मी के आंचल में हिमाचल की शून्यताएं, लापरवाही और संवेदनहीनता दर्ज हो रही है। यहां मैदान से पहाड़ तक अगर तापमान हैरत में डाल रहा है, तो पर्वतीय परिवेश को कब्रगाह बनाने में हम ही दोषी हैं। कुछ नीतियों और विकास के प्रति हमारी भौतिक दृष्टि ने प्रकृति से असंतुलन पैदा कर दिए हैं। नतीजतन हम 68 प्रतिशत वन भूमि घोषित करके भी हवाओं का रुख गर्म कर रहे हैं या वनों की छांव से महरूम रह गए। विडंबना यह है कि चीड़ के जंगल उगाता रहा वन विभाग यह तय नहीं कर पाया कि इसके पेड़ सिर्फ गर्मियों के मौसम में पतझड़ करके चारों तरफ आग ही सुलगाएंगे। पहाड़ से चीड़ का रिश्ता केवल आंकड़ों में अच्छा साबित होता रहा। वन विभाग ने सत्तर के दशक से जिस वनीकरण को अपनाया, वह आज सूखे ठूंठ की तरह गर्मियों में माचिस की तीली बन रहा है। अभी खबरें इतनी भयंकर नहीं हुईं, लेकिन पैंतीस डिग्री के ऊपर जब सूरज जंगलों को तपाएगा, तो परिवेश माचिस की डिब्बी बन जाएगा। वनों से हमारे मौसम के रिश्ते को सुदृढ़ करने के लिए चौड़ी पत्ती के पौधों को माकूल परवरिश चाहिए। हमारे पड़ोसी राज्य उत्तराखंड ने अदालती लड़ाई लड़ते हुए चीड़ के जंगलों को अलविदा कहने का रास्ता चुना और कुछ सफलता हासिल भी की। इसी तरह वन संरक्षण के मायने जंगल में चीड़ के पौधे गिनना नहीं, बल्कि परिवेश संरक्षण का नारा बुलंद करना होगा। हिमालयी हिमनद, ग्लेशियर, झीलों तथा नदी-नालों के लिए अगर परिवेश संरक्षण की अवधारणा व नीति-नियम सुदृढ़ नहीं होंगे, तो मौसम के आक्रमण हमारे जीने की छतरी को बर्बाद कर देंगे। हिमाचल में बढ़ती गर्मी का प्रकोप शिक्षा, कृषि-बागबानी, सिंचाई-जलापूर्ति और विद्युत आपूर्ति तक पहुंच गया है। ऐसे में सर्वप्रथम स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति को सुरक्षित करने के लिए समायावधि के अलावा अन्य बचाव व राहत के उपायों पर जोर देना चाहिए। इसी तरह कृषि और बागबानी की जरूरत में जल संग्रहण और वितरण पर नए उपायों पर गौर करना होगा। विडंबना यह है कि हिमाचल का सारा जल हमने बड़ी बांध परियोजनाओं को देकर यह नहीं सोचा कि हमें सिंचाई व जलापूर्ति के लिए स्थायी बांध बनाने होंगे। हमारी गर्मी, हमारी बरसात का अलार्म है और भारी बरसात-अति सर्दी की सूचना बन जाते हैं। अतः मौसमों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को देखते हुए हमारे कृषि-बागबानी विश्वविद्यालयों को नवाचार, तकनीक व उपयुक्त बीजों के लिए अनुसंधान के पैमाने बदलने होंगे।

> अभी खबरें इतनी भयंकर नहीं हुईं, लेकिन पैंतीस डिग्री के ऊपर जब सूरज जंगलों को तपाएगा, तो परिवेश माचिस की डिब्बी बन जाएगा। वनों से हमारे मौसम के रिश्ते को सुदृढ़ करने के लिए चौड़ी पत्ती के पौधों को माकूल परवरिश चाहिए।

## एआई आधारित साइबर हमले

# क्या एआई मानवता के महाविनाश का कारण बनेगी



ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई आज केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं रह गई है, बल्कि वह मानव सभ्यता के भविष्य का निर्णायक मोड़ बनती जा रही है। जिस गति से यह तकनीक विकसित हुई है, उसने दुनिया को आश्चर्यचकित भी किया है और चिंतित भी। अभी तक विज्ञान और तकनीक मनुष्य के हाथों में उपकरण थे, किंतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता पहली ऐसी शक्ति है जो निर्णय लेने, सीखने, विश्लेषण करने और सृजन करने की क्षमता के साथ स्वयं को निरंतर विकसित कर रही है। यही कारण है कि विश्व के प्रमुख धर्मगुरु, वैज्ञानिक और नीति-निर्माता इसके खतरों को लेकर गंभीर चेतावनियां दे रहे हैं। हाल ही में वर्तमान पोप लियो चौदहवें द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संदर्भ में व्यक्त की गई चिंताएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि युद्ध को नैतिक नहीं बनाया जा सकता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित युद्ध प्रणाली मानवता के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। यह चेतावनी केवल धार्मिक दृष्टि नहीं, बल्कि मानवीय अस्तित्व की रक्षा का प्रश्न है। दुनिया को इसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है।

पोप ने सामाजिक और वैश्विक मुद्दों पर जारी अपने आधिकारिक संदेश में एआई को मानवता के समक्ष उभरती सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक बताया। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर चिंता व्यक्त की कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल तकनीकी परिवर्तन का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि यह युद्ध, राजनीति, अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना को प्रभावित करने वाली शक्ति बनती जा रही है। उन्होंने दुनिया को चेताया कि तकनीक का उद्देश्य मनुष्य पर प्रभुत्व स्थापित करना नहीं, बल्कि उसकी सेवा करना होना चाहिए। उनका संदेश मानव-केंद्रित विकास की अवधारणा को बल देता है, जिसमें विज्ञान और तकनीक को नैतिकता, मानवीय गरिमा और करुणा के अधीन रखा जाए। पोप की यह चेतावनी केवल धार्मिक दृष्टिकोण नहीं है, बल्कि एक वैश्विक मानवीय आह्वान है कि एआई की अंधी दौड़ में मानवता, संवेदना और नैतिकता का क्षरण न होने दिया जाए। आज जब महाशक्तियां एआई के माध्यम से प्रभाव और नियंत्रण की प्रतिस्पर्धा में लगी हैं, तब पोप का यह संदेश विश्व समुदाय को संयम, उत्तरदायित्व और मानवीय मूल्यों की ओर लौटने का मार्ग दिखाता है।



पोप ने स्पष्ट कहा कि कोई भी एल्गोरिद्म युद्ध को नैतिक नहीं बना सकता और तकनीक को मानव विवेक का विकल्प नहीं बनने दिया जा सकता। पोप ने चर्च के सामाजिक सरोकारों से जुड़े अपने इस आधिकारिक पत्र में पहली बार एआई को प्रमुख विषय बनाया, जो इस बात का संकेत है कि इसका प्रभाव केवल तकनीकी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा, बल्कि मानव जीवन, समाज और वैश्विक व्यवस्था को व्यापक रूप से प्रभावित कर रहा है। उन्होंने विशेष रूप से एआई आधारित स्वायत्त हथियार प्रणालियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि इस तकनीक को पूर्णतः मानवीय नियंत्रण में नहीं रखा गया तो यह युद्ध, शोषण और दासता के नए रूपों को जन्म दे सकती है। पोप ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता को निरस्त्र करने का आह्वान करते हुए उसका आशय तकनीक का विरोध नहीं, बल्कि उसके अनियंत्रित और अमानवीय उपयोग पर रोक लगाना बताया। उनका कहना था कि युद्ध-शाांति से जुड़े निर्णय नैतिकता, करुणा और विवेक पर आधारित होने चाहिए, उन्हें मशीनों के हवाले नहीं किया जा सकता। आज जब अमेरिका, चीन और अन्य महाशक्तियां कृत्रिम बुद्धिमत्ता की होड़ में लगी हैं और युद्ध तकनीकों में इसका उपयोग बढ़ रहा है, तब पोप का यह संदेश मानवता के लिए एक नैतिक दिशा-सूचक के रूप में सामने आया है कि तकनीक मनुष्य की सेवक बने, स्वामी नहीं; विकास का केंद्र मानव गरिमा, संवेदना तथा विश्वशांति ही रहे।

निश्चित रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, बैंकिंग, व्यापार, प्रशासन और संचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन किए हैं। रोगों के निदान से लेकर वित्तीय प्रबंधन तक और शिक्षा से लेकर अनुसंधान तक, इसकी उपयोगिता निर्विवाद है। लेकिन हर तकनीकी क्रांति अपने साथ संकट भी लाती है। आज वही संकट स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। सबसे बड़ा संकट रोजगार का है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने लाखों लोगों के कार्यों को प्रतिस्थापित करना शुरू कर दिया है। ग्राहक सेवा, लेखन, अनुवाद, लेखांकन, सूचना प्रबंधन, प्रोग्रामिंग और कार्यालयी कार्यों में मनुष्य की आवश्यकता तेजी से घट रही है। मशीनें कम लागत, अधिक गति और निरंतर कार्य क्षमता के कारण मनुष्य का स्थान ले रही हैं। इससे केवल बेरोजगारी नहीं बढ़ेगी, बल्कि सामाजिक असंतुलन और आर्थिक विषमता भी गहराएगी। जिन देशों और कंपनियों के पास कृत्रिम बुद्धिमत्ता का नियंत्रण होगा, आर्थिक शक्ति भी उन्हीं के हाथों में केंद्रित हो जाएगी। इससे विश्व व्यवस्था में असमानता का नया स्वरूप उभरेगा।

इससे भी अधिक गंभीर प्रश्न वैश्विक सुरक्षा का है। आज अमेरिका, चीन और अन्य महाशक्तियां कृत्रिम बुद्धिमत्ता की होड़ में लगी हुई हैं। यह प्रतिस्पर्धा केवल तकनीकी श्रेष्ठता तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक प्रभुत्व का नया संघर्ष बन चुकी है। जैसे कभी परमाणु हथियारों और घातक अस्त्र-शस्त्रों के माध्यम से शक्ति संतुलन स्थापित हुआ था, वैसे ही अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता भविष्य की सामरिक शक्ति बन रही है। स्वायत्त हथियार प्रणाली, बुद्धिमान ड्रोन और बिना मानवीय हस्तक्षेप के निर्णय लेने वाली युद्ध तकनीकें मानवता के लिए भयावह संकेत हैं। यदि युद्ध का निर्णय मशीनों के हाथों में चला गया तो संवेदना, विवेक और नैतिकता समाप्त हो जाएगी। मशीनों के लिए मानव जीवन केवल आंकड़े होंगे। ऐसी स्थिति महाविनाश की संभावना को जन्म दे सकती है। पोप की यह चेतावनी इसी संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक है कि युद्ध का अंतिम निर्णय मानव विवेक के अधीन रहना चाहिए। साइबर सुरक्षा भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के कारण नई चुनौतियों से घिर गई है। बैंकिंग व्यवस्था, विद्युत तंत्र, रक्षा नेटवर्क और संचार प्रणाली आज डिजिटल माध्यमों पर निर्भर हैं। एआई आधारित साइबर हमले किसी भी राष्ट्र को कुछ घंटों में अस्थिर कर सकते हैं। झूठे संदेश, भ्रामक वीडियो, कृत्रिम चित्र और आवाजों के माध्यम से सामाजिक तनाव उत्पन्न किए जा सकते हैं। सत्य और असत्य का अंतर मिटने लगा है। यह सूचना तंत्र और लोकतंत्र दोनों के लिए गंभीर संकट है। एआई का एक और चिंताजनक पक्ष है-मानवीय नियंत्रण का कमजोर पड़ना। वैज्ञानिक समुदाय का एक वर्ग मानता है कि भविष्य में ऐसी बुद्धिमत्ता विकसित हो सकती है जो मनुष्य की क्षमता से कई गुना आगे निकल जाए। यदि ऐसा हुआ तो नियंत्रण का प्रश्न सबसे बड़ा संकट बनेगा। यह केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व का प्रश्न होगा।

भारत के लिए यह विषय और अधिक महत्वपूर्ण है। भारत युवा शक्ति, विशाल जनसंख्या और तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था वाला देश है। यदि एआई को बिना स्पष्ट नीति और नियंत्रण के बढ़ने दिया गया तो रोजगार, शिक्षा और सामाजिक संरचना पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। भारत को विकास और नियंत्रण दोनों के बीच संतुलन बनाना होगा। एआई को रोकना समाधान नहीं है, लेकिन इसे मानवीय मूल्यों, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व के अधीन रखना अनिवार्य है। भारत को ऐसी राष्ट्रीय नीति बनानी होगी जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग मानव कल्याण, शिक्षा, चिकित्सा और आर्थिक विकास के लिए हो, लेकिन रोजगार संरक्षण, डेटा सुरक्षा, नैतिक मानदंड और युद्ध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। साथ ही वैश्विक स्तर पर भी एआई के उपयोग हेतु साझा नियम और अंतरराष्ट्रीय संधियां आवश्यक हैं। आज सबसे बड़ा प्रश्न तकनीक का नहीं, मानवता का है। क्या मनुष्य अपनी बनाई हुई शक्ति पर नियंत्रण बनाए रख सकेगा? क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानव जीवन को समृद्ध बनाएगी या उसे नियंत्रित करेगी? क्या विकास संवेदनाओं से बड़ा हो जाएगा? क्या एआई रूपी विस्फोट मानवता के महाविनाश का कारण बनेगी? यही वे प्रश्न हैं जिन पर दुनिया को गंभीर चिंतन करना होगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता की दिशा यदि मानवता केंद्रित रही तो यह सभ्यता को नई ऊंचाइयां दे सकती है, लेकिन यदि यह शक्ति नियंत्रण और नैतिकता से मुक्त हो गई तो यह मानव इतिहास के सबसे बड़े संकट एवं महाविनाश का कारण भी बन सकती है। इसलिए आज आवश्यकता तकनीकी प्रगति की नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण प्रगति की है-जहां मशीनें विकसित हों, किंतु मानवता सर्वोच्च बनी रहे।

# शातिर सत्ताधीशों की सियासत का शिकार गोवंश

निर्मल रानी

भाजपा शासित राजस्थान में जैसलमेर में घटी एक अत्यंत संवेदनशील घटना ने देश के गौ भक्त समाज को झकझोर कर रख दिया। यहां के डंपिंग यार्ड में 500 से अधिक गायों के सड़े-गले शव और हड्डियां खुले में बिखरे हुए मिले पाये गये। इस जगह का दृश्य इतना भयावह व भीषण दुर्गंध पूर्ण था कि स्थानीय लोग और गौ-प्रेमी स्वभाविक रूप से इसे देखकर क्रोधित व विचलित हो गए। बताया जाता है कि इनमें से कई गायों की मौत ज़हरीला कचरा या पॉलीथिन खाने से हुई। जबकि इनमें बड़ी संख्या में ऐसी गायों के शव भी थे जिन्हें मृत पशुओं का निस्तारण करने वाले ठेकेदार ने इसी डंपिंग यार्ड में लाकर फेंक दिया था। भाजपा शासित राजस्थान में घटी इस दर्दनाक व शर्मनाक घटना ने सरकार व निजी गौ रक्ष संगठनों के गौ-रक्षा के दावों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं दोनों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्योंकि यह केवल किसी की लापरवाही मात्र का नहीं बल्कि मानवता और हिन्दू आस्था दोनों के ही अपमान से जुड़ा मामला है।

ग़ौरतलब है कि पिछले एक दशक से देश में मुस्लिम समाज के सैकड़ों लोगों को गौरक्षा के नाम पर मारा जा चुका है। मुहम्मद अख़लाक़ और पहलू ख़ान जैसे अनेक लोगों की हत्या की ख़बरें देश विदेश के मीडिया में प्रसारित होकर देश की बदनामी का कारण भी बन चुकी है। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2016-17 में इन्हीं कथित गौरक्षकों के संदर्भ में यह कह भी चुके हैं कि गोरक्षा के नाम पर गुंडागर्दी करने वाले 70-80 प्रतिशत लोग फ़र्ज़ी हैं, जो रात में ग़ैर-क़ानूनी काम करते हैं और दिन में गोरक्षक का चोला पहन लेते हैं। मोदी ने कहा था कि उन्हें उन लोगों पर बहुत ग़ुस्सा आता है जो गोरक्षा के नाम पर अपनी दुकानें खोलकर बैठ गए हैं। उन्होंने राय सरकारों से ऐसे लोगों की पृष्ठभूमि की जांच करने और उनका डोज़ियर तैयार करने को भी कहा था। उस समय मोदी ने गोरक्षा के नाम पर हो रही हत्याओं की कड़ी निंदा भी की थी। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि गौ भक्ति के नाम पर लोगों की हत्या स्वीकार्य नहीं है।किसी को भी क़ानून अपने हाथ में लेने का हक़ नहीं है। उन्होंने असली गोरक्षकों को सलाह दी थी कि उन्हें गायों को प्लास्टिक खाने से बचाने के लिए काम करना चाहिए, क्योंकि कटने से ज़्यादा गायें प्लास्टिक और कचरा खाने से मरती हैं।

गाय को लेकर बने देश के इसी तनावपूर्ण वातावरण में देश के मुस्लिम समाज ने उच स्तर पर कहीं फ़तवों से तो कहीं दिशा निर्देश जारी कर भारत के मुसलमानों को यह हिदायत जारी की है कि वे गाय की हत्या व गोमांस भक्षण यदि कहीं किया जा रहा है तो उससे पूरी तरह बाज़ आयें। यहाँ तक कि देश में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग को लेकर अनेक प्रमुख मुस्लिम उलेमाओं और संगठनों ने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की वकालत की है। इनके अनुसार ऐसा करने से देश में नफ़रत और मॉब लिंचिंग जैसी घटनाओं पर रोक लगेगी, और बहुसंख्यक समाज की आस्था का सम्मान होगा। कई इस्लामी विद्वानों और मौलानाओं का तो स्पष्ट मत है कि इस्लाम में गौ मांस खाने को सख़्ती से मना किया गया है। पैग़ंबर मोहम्मद साहब के कथनों का हवाला देते हुए मौलानाओं द्वारा यह बताया गया है कि गाय के मांस में बीमारी है और उसके दूध में शिफ़ा अर्थात राहत है। अनेक मुस्लिम संगठनों ने भी गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग उठाई है, ताकि गाय को लेकर होने वाली सांप्रदायिक राजनीति पर पूर्ण विराम लग सके। परन्तु हिंदूवादी संगठनों द्वारा गौ हत्या को लेकर केवल मुसलमानों पर निशाना साधने वालों को इसी सिक्के के दूसरे पहलू को समझना भी ज़रूरी है। इस सन्दर्भ में पिछले दिनों हुए असम चुनावों के दौरान राय के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का वह बयान क़ाबिल -ए -ग़ौर है जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार लोगों के घर के अंदर गोमांस खाने अर्थात निजी खान-पान पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाती। उन्हें इसे खाने से कोई मनाही नहीं है, लेकिन इसे सार्वजनिक तौर पर खाने के बजाय अपने घरों के अंदर खाना चाहिए। लेकिन सार्वजनिक रूप से या धार्मिक स्थलों के आसपास इसका सेवन क़ानूनन और सामाजिक भावनाओं के ख़िलाफ़ है। सवाल यह है कि जब गोवध होगा तभी तो गोमांस घरों में भी खाया जा सकेगा ? दूसरे यह कि केवल मुसलमान ही नहीं बल्कि अन्य धर्मों व जातियों के लोगों द्वारा भी बड़ी संख्या में गौमांस भक्षण किया जाता है तभी वोट बैंक के मद्देनज़र यह बयान मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया।

भारत सरकार में संसदीय कार्य व अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का 2015 में दिया गया वह बयान पूरे देश को याद ही होगा जिसमें उन्होंने कहा था कि मैं अरुणाचल प्रदेश से हूँ और गोमांस खाता हूँ। क्या कोई मुझे ऐसा करने से रोक सकता है? उनका तर्क था कि भारत एक लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष देश है। पूर्वोत्तर के रायों में बहुत से लोग बीफ़ खाते हैं और किसी के खान-पान की आदतों या जीवनशैली को उन पर थोपा नहीं जा सकता। साथ ही उसी समय उन्होंने यह भी स्पष्ट किया था कि भारत विविधताओं का देश है। जहां हिंदू बहुसंख्यक हैं, वहां उनकी आस्था और भावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। गोरक्षा पर राजनीति करने वाली सरकार किरेन रिजिजू जैसे गौ मांस भक्षक को मंत्री बनाकर किस आधार पर गोरक्षा की बात कर सकती है ? उधर यही भारतीय जनता पार्टी इलेक्टोरल बांड के ज़रिए भारत की सबसे बड़ी बीफ़ निर्यातक कंपनियों से लगभग प्रत्येक चुनावों में करोड़ों का चंदा वसूलती है। इसी सत्ता संरक्षण की वजह से 2014 के बाद यानी भाजपा के शासनकाल में भारत का कुल बीफ़ निर्यात काफ़ी बढ़ चुका है। परन्तु स्वयंभू गोरक्षकों को गोहत्या को बढ़ावा देने व इसके पक्ष में तर्क देने वालों से कोई शिकायत नहीं है बल्कि आश्चर्य है कि इनकी सारी दुश्मनी व शिकायत केवल मुसलमानों से ही है ? समझा जा सकता है कि गोवंश की सुरक्षा किसी धर्म जाति से जुड़ा विषय नहीं बल्कि वास्तव में गोवंश शातिर सत्ताधीशों की सियासत का शिकार है।

# बदले की भावना हमें कमजोर करती है, सूत्र- माफ करना सीखें

कड़वाहट को दिल में संभालकर रखना ऐसा है, जैसे कोई व्यक्ति स्वयं जहर पी ले और यह उम्मीद करे कि उसका असर किसी और पर होगा। वास्तव में नफरत, गुस्सा और बदले की भावना सबसे पहले हमें ही भीतर से कमजोर और खोखला कर देती है। जब हम किसी के व्यवहार से आहत होते हैं, तो अक्सर अपने मन में बार-बार उन्हीं बातों को दोहराते रहते हैं। हम चाहते हैं कि सामने वाला अपनी गलती माने, हमसे माफी मांगे। मगर हर बार ऐसा होना जरूरी नहीं है। कई लोग कभी नहीं समझते कि उन्होंने किसी को कितना दुख पहुंचाया है, और कई लोग समझकर भी स्वीकार नहीं करते। अगर हमारी मानसिक शांति किसी और की समझदारी या स्वीकार करने पर निर्भर होगी, तो हम कभी सच्चे सुकून के साथ जी नहीं पाएंगे।

अगर कोई ऐसा व्यक्ति है, जिससे आप सच में प्यार करते हैं, जिसकी मौजूदगी आपके जीवन में मायने रखती है, तो उससे अपने दिल की बातें कहिए। कई बार एक सच्ची बातचीत रिश्तों को और गहरा बना देती है। अगर ऐसा न भी हो, तो कम से कम आपको यह स्पष्ट हो जाता है कि कौन आपके जीवन में रहने के योग्य है और कौन नहीं।हर रिश्ता हमेशा साथ चलने के लिए नहीं बना होता। कुछ लोग हमारे जीवन में हमें सिर्फ सीख देने आते हैं। हम अक्सर गुस्से में किसी से बदला लेना चाहते हैं। बदला लेने की इच्छा शुरुआत में वैसे तो ताकत जैसी लगती है, लेकिन धीरे-धीरे वही भावना हमारे भीतर अंधेरा भर देती है। किसी को तकलीफ देकर या उसकी गलती साबित करके शायद कुछ पल का संतोष भले मिल जाए, लेकिन उससे मन हल्का नहीं होता। असली आजादी तब मिलती है, जब हम यह तय करते हैं कि अब हम किसी और के व्यवहार को अपनी मानसिक शांति पर हावी नहीं होने देंगे। माफ करने का मतलब यह नहीं होता कि आपने सामने वाले की गलती को सही मान लिया।

इसका मतलब सिर्फ इतना होता है कि अब आप उस दर्द को अपने भीतर और जगह नहीं देना चाहते, क्योंकि जब तक हम अपने दुख से चिपके रहते हैं, तब तक वह हमारे दिमाग और दिल में जगह घेरकर बैठा रहता है। वह हमारी खुशी, हमारी ऊर्जा और हमारी वर्तमान जिंदगी को प्रभावित करता रहता है।

माफी देना दरअसल खुद को उस कैद से आजाद करना है, जिसमें हम अनजाने में बंद हो चुके होते हैं। जीवन बहुत छोटा है, उसे हर समय यह साबित करने में न निकाल दें कि कौन सही था और कौन गलत। कभी-कभी आगे बढ़ जाना ही सबसे बड़ी जीत होती है। जो लोग हमें समझ नहीं पाए, उन्हें समझाने में पूरी जिंदगी लगा देना बुद्धिमानी नहीं है। अपनी शांति को चुनना, अपने दिल को हल्का रखना और बीते हुए दर्द को छोड़ देना ही असली ताकत है, क्योंकि अंत में सुकून उसी इन्सान को मिलता है, जिसने छोड़ना सीख लिया हो।

कड़वाहट, गुस्सा और बदले की भावना हमें भीतर से कमजोर करती हैं, जबकि माफ करना और आगे बढ़ जाना हमें मानसिक शांति देता है। हर व्यक्ति हमारी भावनाओं को समझे, यह जरूरी नहीं, लेकिन अपनी खुशी और सुकून को किसी और के व्यवहार पर निर्भर कर देना सबसे बड़ी गलती है। जीवन सुंदर बनता है, जब हम बीते हुए दर्द को छोड़कर शांति चुनते हैं।

# अमेरिका-ईरान युद्ध से महंगाई के कारण आमजन प्रभावित

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

भले ही 1970 के तेल संकट जैसे हालात होने की संभावना ना हो या 2008 जैसी वित्तीय मंदी के हालात ना हो फिर भी एक बात साफ है कि अमेरिका-ईरान के बीच करीब तीन माह से चल रहे युद्ध के नकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। चाहे एशिया के देश हो या फिर योरोपीय देश सभी केवल वैश्विक तनाव ही नहीं अपितु ईंधन आपूर्ति प्रभावित होने से बढ़ते दामों को रोकने में विफल ही हो रहे हैं। पिछले दस-पन्द्रह दिनों में ही हमारे देश में पेट्रोल- एलपीजी- सीएनजी- पीएनजी के दामों में एक बार नहीं अपितु तीन बार बढ़ोतरी हो चुकी है। हांलाकि वर्तमान हालातों में सरकार को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। विपक्ष चाहे लाख आरोप लगाये या आंदोलन-प्रदर्शन करें पर अंतरराष्ट्रीय हालातों से आंख नहीं मूंदनी चाहिए। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आमजन से आग्रह को भी इसी संदर्भ में सकारात्मकता से लिया जाना चाहिए। वैसे भी जब संकट का दौर हो और उस संकट के लिए हम या हमारी सरकार जिम्मेदार नहीं हो तो फिर देश में नकारात्मक माहौल बनाने के स्थान पर सकारात्मक माहौल बनाया जाना चाहिए। यह किसी एक व्यक्ति या किसी एक दल का नहीं अपितु सभी राजनीतिक दलों का दायित्व हो जाता है। अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल और एलपीजी की आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित हुई है। ईंधन संकट का बड़ा कारण अमेरिका-ईरान युद्ध ना होकर अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण हार्मुज संकट बन गया है। हार्मुज के रास्ते से ही कच्चे तेल की आपूर्ति होती है और तनाव के चलते हार्मुज जनडमरुमध्य रास्ते को अवरुद्ध कर दिया गया है इससे आपूर्ति प्रभावित हो रही है। यह तो वैकल्पिक उर्जा के रुप में देश में सोलर, विण्ड एनर्जी के क्षेत्र में पिछले सालों में योजनावद्ध तरीके से तेजी से और बेहतर काम हुआ है और इसी का परिणाम है कि आज प्रधानमंत्री



इलेक्ट्रोनिक वाहनों के उपयोग या सोलर एनर्जी के उपयोग पर खुले तौर पर आग्रह करने की स्थिति में है। नवीकरणीय उर्जा के क्षेत्र में देश में तेजी से काम हुआ है और हो रहा है जो एक हद तक संकट को कम करने में सहायक बन रहा है।

आज की दुनिया आइसोलेट दुनिया नहीं है। एक देश की दूसरे देश पर निर्भरता बढ़ी है। कहीं से ईंधन के लिए तो कहीं से खाद्यान्न, कहीं दवा, कहीं अन्य किसी वस्तु के लिए निर्भरता बढ़ी है। युद्ध के चलते इंटरनेशनल लोजिस्टिक सेवाएं प्रभावित हुई है। जहां तक देश की ही बात की जाएं तो पेट्रोल, डीजल, एलपीजी आदि के कीमत में बढ़ोतरी का व्यापक प्रभाव पड़ने लगा है। सीधी सी बात है जब आवागमन महंगा होगा चाहे वह आम आदमी, सार्वजनिक क्षेत्र या लोजिस्टिक का हो तो उसका सीधा सीधा वस्तुओं और सेवाओं पर पड़ेगा ही। यही कारण है ईंधन यानी तेल के भावों में बढ़ोतरी के साथ ही वस्तुओं और सेवाओं के भाव प्रभावित होने लगे हैं। इसके साथ ही आयात पर निर्भर वस्तुओं के भाव प्रभावित होने लगे हैं।

जहां तक तेल का प्रष्न है देश में खाद्य तेल और अखाद्य तेल दोनों ही प्रभावित हो रहे हैं। खाद्य तेलों में भी आयात पर निर्भरता अधिक है। लाख प्रयासों के बावजूद तिलहन मिशन से तिलहनों का उत्पादन तो बढ़ा है पर अभी विदेशी निर्भरता बनी हुई ही है। इसी तरह से अन्य वस्तुओं के भाव प्रभावित होने लगे हैं। जहां तक सेवा क्षेत्र का प्रष्न है स्वीगी-जोमेटो आदि सेवा प्रदाताओं ने पिछले दिनों में अपने दामों में 16 फीसदी से भी अधिक की बढ़ोतरी कर दी है। मोबाइल सेवा प्रदाताओं ने प्लानों को रिवाइज किया हैं तो उबेर-ओला जैसे सेवा प्रदाताओं ने किराया बढ़ा दिया है। हो तो यहां तक रहा हैं कि बैंकों द्वारा जमाओं पर ब्याज दर में कमी लाना शुरु कर दिया है।

एक बात साफ हो जानी चाहिए कि लोजिस्टिक लागत बढ़ेगी तो उसका असर सभी वस्तुओं में देखने को मिलेगा। भारत सरकार वेनेजुएला से वैकल्पिक तरीके से कच्चे तेल लाने का प्रयास कर रही है तो अन्य विकल्प भी खोजे जा रहे हैं। पर यह साफ हो जाना चाहिए कि कच्चे तेल की आपूर्ति जब तक सामान्य नहीं हो जाती तब तक पूरी तरह से संकट समाप्त होने की कल्पना नहीं की जा सकती। इन वैश्विक हालातों के पीछे अमेरिका-ईरान की हठधर्मिता ही है। अमेरिका-इजरायल ने ईरान से लड़ाई शुरु करते समय रुस यूक्रेन युद्ध के हालातों से सबक नहीं लिया। रुस के सामने यूक्रेन पिद्दी सा देश होने के बावजूद आज तीन साल से भी अधिक समय होने के बावजूद निर्णायक स्तर पर नहीं पहुंचा है। पर अमेरिका ने यह सोचा था कि दो-तीन दिन में ही ईरान को घुटने टिकवा देंगे और यही अमेरिका की नासमझी रही।

मानो या ना मानो पर वास्तविकता यह है कि आज अमेरिका के सामने अपनी प्रतिष्ठा बनाये रखने का संकट आ गया है और यही कारण है कि अंदरखाने अमेरिका और ट्रंप किसी भी तरह से सीज फायर के लिए प्रयासरत है। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि युद्ध में नुकसान अमेरिका को ही अधिक हो रहा है। ईरान तो अपने घर से लड़ रहा है और उसके निशाने पर आसपास के देश है। ऐसे में स्टेक तो अमेरिका-इजरायल का ही हो जाता है।

इसके अलावा एक बात और समझनी होगी कि ट्रंप 2 में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने आये दिन तुगलकी फरमान जारी कर दुश्मन ही दुश्मन बनाएं है। गली के गुंडे जैसी पहचान बन गई है ट्रंप की तो दूसरी और अमेरिका के ही अधिकांश लोगों का भरोसा ट्रंप ने खो दिया है। ऐसे में सम्मानजनक सीजफायर ही अमेरिका के लिए अब इस संकट से निकलने का रास्ता रह गया है और इसके लिए ही अंदरखाने प्रयास जारी है।

# गाजा से लेबनान तक जंग... ईरान-अमेरिका टकराव ने बढ़ाई मिडिल ईस्ट की बेचैनी; भारत भी परेशान

तेलअवीव

पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के बजाय और गहराता जा रहा है। इजरायल-हमास संघर्ष, लेबनान में हिजबुल्लाह के साथ जारी झड़पें, ईरान के साथ अमेरिका-इजरायल की टकराहट और क्षेत्रीय अस्थिरता ने पूरे इलाके को अशांत बना रखा है। इन घटनाक्रमों से भारत की चिंता लगातार बढ़ रही है, क्योंकि क्षेत्र में भारतीय नागरिकों की बड़ी संख्या, ऊर्जा आयात और आर्थिक हित जुड़े हुए हैं। भारत ने बार-बार संयम और कूटनीतिक समाधान की अपील की है, लेकिन ताजा हमलों ने शांति की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।



## गाजा में इजरायल का हमला

इजरायल ने गाजा में हमास की सैन्य शाखा के प्रमुख मोहम्मद ओदेह को निशाना बनाकर हमला किया है, जिसके दूरगारामी असर होने की बात विशेषज्ञ कर रहे हैं। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने इसकी जानकारी देते हुए कहा है कि, हमने अब गाजा में हमास की सैन्य शाखा के नेता और 7 अक्टूबर नरसंहार के मुख्य आर्किटेक्ट मोहम्मद दीफ को मारा है। हम उन सब तक पहुंचेंगे। इस हमले को इजरायल ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी दृढ़ता का प्रतीक बताया है, लेकिन इससे गाजा में नागरिकों की मौतें बढ़ने और मानवीय संकट गहराने की आशंका है। हमास ने इसे शांति वार्ता को बाधित करने वाली कार्रवाई करार दिया है।

मंगलवार को इजरायल के पूरे उत्तरी क्षेत्र में कई बार सायरन बजे। लेबनान से हिजबुल्लाह के रॉकेट और ड्रोन हमलों के जवाब में इजरायली सेना ने सतर्कता बढ़ा दी है। सूचना है कि इजरायल ने लेबनान में 'येलो लाइन' के पार अपनी जमीनी कार्रवाई तेज कर दी है और सैकड़ों ठिकानों पर हमले किए हैं।

## अब तक 3200 लोगों की मौत

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, मार्च से अब तक 3200 से अधिक लोग मारे गए हैं। हिजबुल्लाह की तरफ से भी इजरायली बलों पर हमले जारी है, जिससे सीमा पर तनाव चरम पर है। दो दिन पहले (सोमवार को) अमेरिका ने ईरान के दक्षिणी हिस्से में मिसाइल साइटों और माइन्स बिछाने वाले जहाजों पर हमले किए।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकाम) ने इसे आत्मरक्षडा में की गई कार्रवाई बताया और कहा कि यह अपने सैनिकों की सुरक्षा के लिए जरूरी था। ईरान ने इसे युद्धविराम का उल्लंघन करार दिया और जवाबी कार्रवाई की धमकी दी। हालांकि, दोनों पक्ष अभी भी युद्धविराम को बरकरार रखने का दावा कर रहे हैं। उधर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ दिन पहले कहा था कि ईरान के साथ समझौता काफी हद तक पूरी हो चुकी है लेकिन अंतिम रूप देने में समय लग सकता है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि डील 'कुछ दिनों' में हो सकती है, लेकिन कोई जल्दबाजी नहीं है।

प्रस्तावित समझौते में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोलना, ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अंकुश और प्रतिबंधों में कुछ राहत शामिल हो सकती है। ईरान ने प्रगति स्वीकार की, लेकिन कहा कि डील 'इमिनेंट' नहीं है। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि या तो 'ग्रेट डील' होगी या कोई डील नहीं। पश्चिम एशिया में कई मोर्चों पर एक साथ तनाव है। गाजा में हमास के खिलाफ इजरायली अभियान जारी है, जहां ओदेह जैसे नेताओं को मार गिराना इजरायल की रणनीति का हिस्सा है, लेकिन इससे नागरिक हताहत बढ़ रहे हैं और युद्धविराम की कोशिशें बाधित हो रही हैं।

## ईरान पर अमेरिकी हमले

लेबनान में हिजबुल्लाह के साथ संघर्ष ने सीमा पार कार्रवाई को बढ़ावा दिया है, जो ईरान समर्थित गुटों की क्षमता को कमजोर करने का प्रयास लगता है। ईरान पर अमेरिकी हमले ने क्षेत्रीय युद्ध की आशंकाओं को नया रूप दिया, हालांकि दोनों पक्ष कूटनीति पर जोर दे रहे हैं। इस पूरे संकट का वैश्विक प्रभाव गंभीर है तेल की कीमतें बढ़ रही हैं, नौवहन प्रभावित हो रहा है और मानवीय संकट गहरा रहा है। भारत, जो ईरान, इजरायल, यूएई और सऊदी अरब के साथ संतुलित संबंध रखता है, क्षेत्रीय स्थिरता चाहता है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बार-बार संवाद और संयम की वकालत की है। ब्रिक्स जैसे मंचों पर भी भारत ने चिंता जताई है। साफ है कि पश्चिम एशिया में शांति स्थापित करने की कोशिशें अभी दूर नजर आ रही हैं। अमेरिका-ईरान बातचीत सकारात्मक संकेत दे रही है, लेकिन विश्वास की कमी और क्षेत्रीय गुटों की सक्रियता चुनौती बनी हुई है।

# गंभीर परिणाम होंगे

## आतंकवाद और कश्मीर के मुद्दे पर यूएस में भारत ने पाकिस्तान को फिर फटकारा

नई दिल्ली



आतंकवाद और जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत ने एक बार फिर पाकिस्तान को फटकार लगाई। पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए यूएन में भारत के स्थाई प्रतिनिधि पी हरीश ने कहा कि सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ता से कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने इसके परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी।

पी हरीश ने कहा, मैं आज पाकिस्तान द्वारा की गई बेबुनियाद और बेवजह की टिप्पणियों का जवाब देने के लिए मजबूर हूं। भारत तथ्यों को स्पष्ट करना चाहता है। स्वतंत्र भारत ने अपने सफर की शुरुआत पाकिस्तान की सीमा-पार आक्रामकता से लड़ते हुए की थी। पाकिस्तान उन भारतीय क्षेत्रों पर कब्जा करना चाहता था जो पूरी तरह से कानूनी तौर पर और हमेशा के लिए भारत का हिस्सा बन चुके थे।

उन्होंने आगे कहा, पाकिस्तान ने कई युद्ध छेड़कर भारत पर बिना किसी उकसावे के हमला करके और सीमा-पार आतंकवाद को लगातार बढ़ावा देकर, संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के सिद्धांतों का उल्लंघन किया है। पाकिस्तान द्वारा सीमा-पार आतंकवाद का इस्तेमाल और उसकी भारत को हजार घाव देकर लहूलुहान करने की नीति यूएन चार्टर के प्रति उसकी प्रतिबद्धता के खोखले दावों की पोल खोलती है।

पी हरीश ने कहा, भारत को ऐसे सीमा-पार आतंकवाद से अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार है। पाकिस्तान को यह स्वीकार करना होगा कि सीमा-पार आतंकवाद को बढ़ावा देने के उसके कामों के गंभीर परिणाम होंगे।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, पाकिस्तान ने आतंकवाद, धार्मिक कट्टरता, हिंसक उग्रवाद और भारत-विरोधी दुष्प्रचार जैसी बुरी ताकतों का इस्तेमाल अपनी स्थापना के समय से ही लगातार जारी रखा है। इस संबंध में तथ्य सार्वजनिक रिकॉर्ड में मौजूद हैं और उन्हें किसी और स्पष्टीकरण की आवश्यकता नहीं है। पाकिस्तान को हर तरह के आतंकवाद के लिए अपना समर्थन पूरी तरह से और हमेशा के लिए बंद करना होगा।

# गर्मी और लू से बचने में सहायक हैं प्राकृतिक पेय पदार्थः चिकित्सक

इटावा (वार्ता)

इटावा के आयुष विभाग के चिकित्सक डॉ. कमल कुमार कुशवाहा ने नौतपा और भीषण गर्मी के दौरान लोगों को पारंपरिक और प्राकृतिक पेय पदार्थों व खाद्य सामग्री के सेवन की सलाह दी है। उनका कहना है कि



कच्ची अमिया, पतला सत्तू, आम का पना और बेल का शरबत शरीर को ठंडक पहुंचाने के साथ लू और डिहाइड्रेशन से बचाने में मददगार हो सकते हैं। डॉ. कुशवाहा के अनुसार नौतपा में तेज धूप, गर्म हवाएं और लगातार बढ़ता तापमान शरीर पर प्रतिकूल असर डालता है। इससे पानी की कमी, थकान, चक्कर, कमजोरी और पेट संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में आयुर्वेद हल्के, सुपाच्य और शरीर में जल संतुलन बनाए रखने वाले आहार पर जोर देता है। उन्होंने बताया कि कच्ची अमिया को दाल और सब्जियों में मिलाकर खाने से शरीर को ठंडक मिलती है और लू का असर कम होता है। वहीं पतला सत्तू प्राकृतिक ऊर्जा पेय की तरह काम करता है। इसमें काला नमक, भुना जीरा, नींबू और पुदीना मिलाकर पीने से शरीर में पानी की कमी नहीं होती और अधिक पसीने से होने वाली कमजोरी में राहत मिलती है। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि कच्चे आम से बना आम का पना गर्मी और लू से बचाने में बेहद प्रभावी माना जाता है। यह शरीर में इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बनाए रखने में सहायक होता है। इसी तरह बेल का शरबत शरीर को शीतलता प्रदान करने के साथ पाचन शक्ति को भी मजबूत करता है और पेट की गर्मी, कब्ज तथा जलन जैसी समस्याओं में लाभ पहुंचाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि नौतपा के दौरान अधिक मसालेदार, तला-भुना और भारी भोजन कम करें तथा पर्याप्त मात्रा में पानी, छाछ, मौसमी फल और पारंपरिक पेयों का सेवन करें। उनके अनुसार प्राकृतिक पेय आधुनिक कोल्ड ड्रिंक की तुलना में अधिक स्वास्थ्यवर्धक होते हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बेहतर बनाए रखने में मदद करते हैं।

## फिरोजाबाद में कार ट्रक से टकरायी,छह घायल

**फिरोजाबाद (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के नगला खंगर क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बुधवार सुबह एक कार आगे चल रहे लोहे के बंडलों से लदे ट्रक में जा घुसी। हादसे में कार सवार छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार हादसा थाना नगला खंगर क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे के माइलस्टोन 60 के पास हुआ। कार सुल्तानपुर से वृंदावन-मथुरा दर्शन के लिए जा रही थी। इसी दौरान चालक शुभम अचानक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद कार आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई।

# हर घंटे दो छात्र कर रहे हैं आत्महत्या, शिक्षा व्यवस्था चौपट : एनएसयूआई

नयी दिल्ली, (वार्ता)

नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) प्रभारी कन्हैया कुमार ने कहा है कि देश में हर घंटे दो छात्र आत्महत्या कर रहे हैं और इसका सीधा संबंध खराब होती शिक्षा व्यवस्था से है। श्री कुमार ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में केंद्र सरकार और शिक्षा व्यवस्था की आलोचना करते हुए कहा कि देश में शिक्षा और परीक्षाओं से जुड़ी गड़बड़ियां सरकार के लिए भले कॉमेडी हों, लेकिन छात्रों के लिए यह जीवन-मरण का सवाल बन चुकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया का एक बड़ा हिस्सा गंभीर छात्र मुद्दों की बजाय गैर-जरूरी विषयों पर बहस करता है, जबकि छात्रों की आत्महत्याओं और परीक्षा घोटालों पर पर्याप्त चर्चा नहीं होती। उन्होंने कहा कि हर साल नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट परीक्षा में गड़बड़ियां सामने आती हैं, लेकिन न तो शिक्षा मंत्री इस्तीफा देते हैं और न ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई होती है। कुमार ने एसएससी जीडी परीक्षा केंद्रों की अव्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि एक केंद्र पर 800 अभ्यर्थियों को बुलाया गया, जबकि बैठने की व्यवस्था सिर्फ 250 छात्रों के लिए थी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि जो प्रधानमंत्री परीक्षा से पहले परीक्षा पे चर्चा करते हैं, वही पेपर लीक होने पर एक शब्द नहीं बोलते। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने देश की प्रमुख परीक्षाओं की जिम्मेदारी ऐसे संस्थान को सौंप दी है, जिस पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। उन्होंने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अयोग्य बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आखिर क्यों उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि एनएटीए नेतृत्व के सत्ता से करीबी राजनीतिक संबंधों की जांच होनी चाहिए। एनएसयूआई और भारतीय युवा कांग्रेस लगातार पेपर लीक और शिक्षा घोटालों के खिलाफ सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं तथा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी इस मुद्दे को लगातार उठा रहे हैं। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि इस प्रधानमंत्री पेपर लीक मामलों पर अपनी चुप्पी तोड़ें, शिक्षा मंत्री के खिलाफ कार्रवाई की जाए और पेपर लीक रोकने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कानून बनाया जाए।

# केंद्रीय एजेंसियों का राजनीतिक दुरुपयोग कर रही है भाजपा सरकार : माकपा

तिरुअनंतपुरम, (वार्ता)

केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और माकपा पोलित ब्यूरो के सदस्य कॉमरेड पिनाराई विजयन के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने इस कार्रवाई की तीखी निंदा करते हुए इसे राजनीतिक प्रतिशोध के लिए केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का एक और प्रत्यक्ष उदाहरण बताया है।

पार्टी ने अपने आधिकारिक बयान में आरोप लगाया है कि जो नेता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को लगातार चुनौती देते हैं और संघ परिवार की राजनीति के आगे झुकने से इनकार करते हैं, उन्हें डराने-धमकाने, मीडिया ट्रायल और चुनिंदा जांच के जरिये निशाना बनाया जा रहा है। जब भाजपा अपने राजनीतिक विरोधियों को लोकतांत्रिक तरीके से नहीं हरा पाती तो वह उन्हें परेशान करने और उनकी आवाज दबाने के लिए ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग जैसी एजेंसियों के छापों का सहारा लेती है। इस बीच माकपा सांसद जॉन ब्रिटास ने भी सोशल मीडिया पर इसकी आलोचना की है। उन्होंने %एक्स% पर पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के आवास पर इन छापों की कड़ी भर्त्सना की है। उन्होंने कहा है कि यह राजनीतिक विरोधियों को परेशान करने और उन्हें निशाना बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों के सुनियोजित दुरुपयोग का एक और ज्वलंत उदाहरण है। श्री जॉन ब्रिटास ने लिखा है, इस तरह की प्रतिशोधपूर्ण कार्रवाई तानाशाही मानसिकता को उजागर करती हैं। कॉमरेड पिनाराई विजयन और माकपा इन अलोकतांत्रिक हथकंडों से कतई नहीं डरेंगे। लोकतंत्र की रक्षा के लिए माकपा जनता के समर्थन से इस दमनकारी नीति का पूरी ताकत से मुकाबला करेगी। उन्होंने यह भी साफ किया है कि इस मामले में कांग्रेस नेतृत्व ने ईडी को उन्हें निशाना बनाने के लिए सक्रिय रूप से उकसाया है, ठीक वैसा ही जैसा उन्होंने अरविंद केजरीवाल के मामले में किया था।

दूसरी तरफ माकपा केरल के आधिकारिक एक्स हैंडल पर भी इस कार्रवाई को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी गयी है। माकपा ने सोशल मीडिया पर स्पष्ट किया है कि एक शीर्ष विपक्षी नेता पर किये गये इस लक्षित हमले से न तो श्री पिनाराई विजयन डरेंगे और न ही पार्टी झुकेगी। यह कार्रवाई महज एक सामान्य जांच नहीं है, बल्कि यह देश के संघवाद, लोकतंत्र और राजनीतिक विरोध के संवैधानिक अधिकार पर भाजपा सरकार का एक सोचा-समझा हमला है।

## दक्षिणी लेबनान में इजरायली सेना की बमबारी , 31 लोगों की मौत

**बेरुत,(वार्ता)।** दक्षिणी लेबनान में इजरायली सेना की भीषण बमबारी में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गयी है। अप्रैल के मध्य में अमेरिका की मध्यस्थता में हुए युद्ध विराम के प्रभावी होने के बाद से यह अब तक की सबसे भारी बमबारी मानी जा रही है। ये हवाई हमले बेका घाटी के मशघरा गांव, दक्षिणी शहर बुर्ज अल-शमाली और यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल करीब 900 साल पुराने मध्ययुगीन किले ब्यूफोर्ट कैसल के आस-पास के इलाकों में किये गये हैं। हवाई हमलों के अलावा इजरायल के थल सेना भी लेबनान के इलाके में काफी भीतर तक दाखिल हो रही है। इसके साथ ही दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के शहरों और गांवों को खाली करने के लिए कहा जा रहा है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अकेले मशघरा में मलबे से एक महिला और दो बच्चों समेत 11 शव निकाले गये हैं, जबकि 15 अन्य लोग घायल हुए हैं। सुरक्षित बचे लोगों में सात साल का मोहम्मद भी शामिल है, जो उस समय सो रहा था, जब एक मिसाइल ने उसके घर को तबाह कर दिया। इस हमले में मोहम्मद के पिता और उसकी दो बहनों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार, हवाई हमलों में दक्षिणी लेबनान के मशघरा और बुर्ज अल-शमाली को भी निशाना बनाया गया है।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**



# एकता कपूर कभी कास्टिंग में गलत साबित नहीं हुई :सुधा चंद्रन

अभिनेत्री सुधा चंद्रन ने टेलीविजन की क्वीन एकता कपूर की जमकर तारीफ करते हुए उन्हें एक दूरदर्शी प्रोड्यूसर बताया, जिनकी सोच और कास्टिंग की समझ बेमिसाल है। अपने आइकॉनिक शो कहीं किसी रोज में कास्ट किए जाने के अनुभव को याद करते हुए सुधा ने खुलासा किया कि एकता के आत्मविश्वास ने उनके किरदार को भारतीय टेलीविजन के सबसे यादगार किरदारों में बदल दिया।

कहीं किसी रोज में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए सुधा ने बताया कि शूटिंग शुरू होने के समय उन्हें अपने किरदार रामोला सिकंद के ड्रामेटिक अंदाज़ को लेकर थोड़ी झिझक थी। लेकिन एकता कपूर के भरोसे ने उन्हें तुरंत आत्मविश्वास दिया। उस पल को याद करते हुए सुधा ने कहाजब शूट शुरू होने के 4-5 दिन बाद मेरी मुलाकात एकता से हुई, तो मैंने उनसे पूछा, 'क्या आपको नहीं लगता ये थोड़ा ज्यादा लाउड है?' तब उन्होंने मुझसे सिर्फ एक बात कही, 'सुधा मैम, बस छह महीने इंतजार कीजिए, आप पूरे शहर में चर्चा का विषय होंगी।' वह कितनी फ्यूचरिस्टिक सोच रखती थीं। सुधा ने एकता की कास्टिंग की समझ की भी तारीफ की और कहा कि उन्हें हमेशा पता होता है कि किस किरदार के लिए कौन-सा अभिनेता सबसे सही रहेगा। उन्होंने कहा, इतने लोगों में अगर एकता ने मुझे इस रोल के लिए चुना, तो इसका मतलब है कि वह सही किरदार के लिए सही कलाकार चुनती हैं। उन्हें अपना काम बखूबी आता है।

# आलिया के साथ एक्शन करते हुए बॉबी ने शेयर किया अपना अनुभव

बॉलीवुड स्टार बॉबी देओल ने यशराज फिल्म्स की अल्फा की शूटिंग को अपने करियर के सबसे शानदार अनुभवों में से एक बताया है। यह फिल्म एक ऐसी असैसिन की ओरिजिन स्टोरी है, जिसे बचपन से ही



मारने के लिए तैयार किया गया है। फिल्म में आलिया भट्ट लीड रोल में हैं और शर्वरी भी अहम भूमिका निभा रही हैं। बॉबी का मानना है कि भारत में दो लड़कियों को लेकर एक बड़ी एक्शन फिल्म बनना अपने आप में बेहद खास और नया कदम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दर्शक अल्फा को भरपूर प्यार देंगे। बॉबी देओल ने कहा, मुझे रणबीर और आलिया दोनों बहुत पसंद हैं और मैं हमेशा से उनके साथ काम करना चाहता था। रणबीर के साथ मैंने एनिमल की और अब आलिया के साथ अल्फा की है। दोनों के साथ काम करने का अनुभव शानदार रहा। भारत में अल्फा जैसी फिल्म बन रही है, जिसमें दो लड़कियां स्क्रीन पर दमदार एक्शन करती नजर आएंगी, यह अपने आप में बेहद कमाल की बात है। मुझे अल्फा इसलिए भी बहुत पसंद है क्योंकि यह नई, फ्रेश और दर्शकों के लिए थिएटर में एक अलग विजुअल अनुभव देने वाली फिल्म है। बॉबी, आलिया भट्ट की मेहनत और तैयारी से खासे प्रभावित नजर आए। उन्होंने बताया कि आलिया ने अपने किरदार को विश्वसनीय बनाने के लिए जबरदस्त मेहनत की। उन्होंने कहा, आलिया उन सबसे मेहनती और ईमानदार कलाकारों में से एक हैं, जिनके साथ मैंने काम किया है। वह हर सीन की पूरी तैयारी करके सेट पर आती हैं और हर दृश्य में पूरी तरह डूबी रहती हैं।

# 'समुक' सिनेमा के सारे स्थापित नियमों को तोड़ देगी : विपुल अमृतलाल शाह




बॉलीवुड फिल्मकार विपुल अमृतलाल शाह का कहना है कि समुक' एक ऐसी फिल्म है जो सिनेमा के सारे स्थापित नियमों को तोड़ देगी। बॉक्स ऑफिस पर द केरल स्टोरी जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में देने वाले निडर प्रोड्यूसर-डायरेक्टर विपुल अमृतलाल शाह एक बार फिर इंडियन सिनेमा का चेहरा बदलने आ रहे हैं। लीक से हटकर सोचने वाले विपुल शाह अब अक्षय कुमार के साथ मिलकर भारत की पहली प्रीडेटर-एलियन थ्रिलर फिल्म समुक लेकर आ रहे हैं। फिल्म को लेकर सस्पेंस बरकरार है, लेकिन मेकर्स ने इसके स्केल को लेकर जो खुलासे किए हैं, उसने फैंस के होश उड़ा दिए हैं। अपनी मोस्ट-अवेटीड फिल्म गवर्नर के ग्रैंड ट्रेलर लॉन्च पर विपुल शाह ने समुक पर से पर्दा उठाते हुए कहा,* समुक' एक ऐसी फिल्म है जो सिनेमा के सारे स्थापित नियमों को तोड़ देगी। इंडिया में आज तक ऐसी प्रीडेटर-एलियन थ्रिलर फिल्म नहीं बनी है। इस मेगा-प्रोजेक्ट के लिए हमने हॉलीवुड के सबसे बड़े दिग्गजों से हाथ मिलाया है। हॉलीवुड की हर प्रीडेटर फिल्म का हिस्सा रहे एलेक गिलिस हमारे एलियन क्रिएचर को डिजाइन कर रहे हैं, जबकि वेनम जैसी सुपरहिट फिल्म देने वाले एक्टर-डायरेक्टर ल्यूक इसके एक्शन सीन्स को डायरेक्ट करेंगे। अक्षय कुमार के साथ अपनी बॉन्डिंग पर बात करते हुए उन्होंने आगे कहा, अक्षय और मैंने हमेशा नए जॉनर में हाथ आजमाया है, लेकिन यह फिल्म बेहद अनोखी है। इसे इतने बड़े इंटरनेशनल स्केल पर बनाया जा रहा है जो भारतीय दर्शकों के लिए एकदम नया होगा। हमारी टीम की शर्त थी कि जब तक हमें वो परफेक्ट इंटरनेशनल स्केल नहीं मिलता, हम शूटिंग शुरू नहीं करेंगे। डायरेक्टर कनिष्क वर्मा ने हॉलीवुड टेक्नीशियनों के साथ मिलकर इस क्रिएचर को परफेक्ट बनाने के लिए खून-पसीना बहाया है, और अब हम स्क्रीन पर तहलका मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वहीं दूसरी तरफ, विपुल अमृतलाल शाह के प्रोडक्शन में बनी फिल्म गवर्नर के ट्रेलर ने आते ही इंटरनेट पर धूम मचा दी है। यह फिल्म 1990 के दशक में भारत के सबसे बड़े आर्थिक संकट की सची और झकझोर देने वाली कहानी को बड़े पर्दे पर ला रही है। ट्रेलर में नेशनल अवॉर्ड विनर मनोज बाजपेयी का बतौर गवर्नर एक ऐसा कड़क और दमदार अवतार देखने को मिल रहा है, जिसने दर्शकों के रोंगटे खड़े कर दिए हैं। सनशाइन पिक्चर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म को चिन्मय मांडलेकर ने डायरेक्ट किया है, जबकि इसके को-प्रोड्यूसर आशिन ए. शाह हैं।

# विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर जागरूकता की अनूठी पहल, महिलाओं–बालिकाओं को बांटे सेनेटरी पैड्स

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।



विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर काया जनकल्याण समिति एवं काया इंटरनेशनल योग स्टूडियो द्वारा रानी अवंति बाई वार्ड स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में विशेष जागरूकता एवं स्वास्थ्य सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, किशोरियों एवं बालिकाओं ने भाग लेकर माहवारी स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।कार्यक्रम की मुख्य वक्ता संस्था की फाउंडर एवं इंटरनेशनल योग मास्टर इंदु सिंह ने महिलाओं और किशोरियों को माहवारी के दौरान अपनाई जाने वाली स्वच्छता, सावधानियों और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक बातों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि माहवारी महिलाओं के जीवन की एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है, जिसे लेकर समाज में फैली झिझक और भ्रांतियों को दूर करना बेहद जरूरी है। स्वच्छता का अभाव कई गंभीर बीमारियों और संक्रमण का कारण बन सकता है, इसलिए इस विषय पर जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने यह भी बताया कि पीरियड्स के दौरान होने वाली शारीरिक परेशानियों, दर्द और मानसिक तनाव को योग एवं संतुलित दिनचर्या के माध्यम से काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। इस दौरान महिलाओं को कुछ सरल योग अभ्यासों की जानकारी भी दी गई, जिससे वे अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रख सकें।जागरूकता सत्र के उपरांत समिति द्वारा सभी उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को निःशुल्क सेनेटरी पैड्स वितरित किए गए। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 'मेंस्ट्रूपीडिया कॉमिक्स' रही, जिसके माध्यम से किशोरियों को माहवारी से जुड़ी जानकारियां रोचक एवं सहज तरीके से समझाई गईं। संस्था ने बताया कि इस प्रकार की शैक्षणिक सामग्री बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने और सामाजिक झिझक कम करने में मददगार साबित होती है।इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सोनाली साहू, अनिता चौरसिया, एएनएम रोशनी पटेल, आशा, प्रीति साहू, नीता मांझी सहित वार्ड की अनेक महिलाओं एवं बालिकाओं की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मधु शर्मा का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम के अंत में समिति ने महिला स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़े जागरूकता अभियानों को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया।



# 10 साल से नहीं बढ़ा मानदेय

## व्यावसायिक शिक्षकों ने श्रम अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग में पिछले एक दशक से सेवाएं दे रहे व्यावसायिक शिक्षकों का सब्र अब जवाब देने लगा है। गत दिवस नवीन व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षक महासंघ जिला इकाई नरसिंहपुर के बैनर तले लगभग 40 व्यावसायिक प्रशिक्षकों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर श्रम अधिकारी व जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन का नेतृत्व महासंघ के प्रदेश सचिव अंकित खरे एवं जिला अध्यक्ष श्रीमती अनीता दीक्षित ने किया। व्यावसायिक शिक्षकों का दर्द है कि वे पिछले 10 वर्षों से विभाग में कार्यरत हैं, लेकिन आज तक उनके मानदेय में एक रुपये की भी बढ़ोतरी नहीं की गई। इससे भी बड़ी पीड़ा यह है कि पहले इन्हें मिलने वाला मासिक एक आकस्मिक अवकाश (ष्टरु) भी विभाग द्वारा हटा दिया गया है। शिक्षकों ने देओ एवं श्रम अधिकारी को बताया कि अल्प मानदेय और सुविधाओं के अभाव में परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। जिलाध्यक्ष श्रम अधिकारी एवं ष्ठश्वह्र ने शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि उनकी सभी मांगों को आयुक्त कार्यालय, भोपाल तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही समस्याओं के शीघ्र निराकरण का भी भरोसा दिलाया। इस दौरान जिला सचिव श्री उत्तम डेहरिया, श्री वैभव शर्मा, मीडिया प्रभारी श्रीमती संगीता श्रीवास्तव, श्री कमलेश दुबे, श्री यश राजपूत एवं जिला कोषाध्यक्ष श्री सुरेंद्र चौधरी सहित जिले भर के व्यावसायिक प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

## जिले में भ्रमण कर रहे कृषि रथ से किसानों को मिल रही आधुनिक खेती करने की जानकारी

**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में वर्ष 2026 को कृषि कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि रथ ग्राम पंचायतों में पहुंचकर किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती संबंधी जानकारी प्रदान कर रहा है। उप संचालक कृषि श्री मोरिस नाथ ने बताया कि जिले के ग्राम करपगांव, बटेसरा, भिंडवार, ढिलवार, मर्रावन, मदनपुर, सिलवानी, सिवनी, सूरजगांव, खमतरा, रौंसरा, बरमानकलां, हिरनपुर, गुरसी, चिरहकला, भटेरा एवं पलोहाबडा में कृषि रथ पहुंचा। कृषि रथ के पहुंचने पर किसानों ने उत्साह के साथ अपनी सहभागिता दी। कृषि रथ के माध्यम से किसानों को ई–विकास प्रणाली अंतर्गत ई–टोकन आधारित उर्वरक वितरण व्यवस्था, अनुशंसित मात्रा में उर्वरकों के संतुलित उपयोग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, कीट एवं रोग प्रबंधन, फसल विविधीकरण, पराली प्रबंधन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा खरीफ पूर्व खेत समतलीकरण संबंधी तकनीकी जानकारी दी। कृषि अधिकारियों ने मौके पर ही किसानों को एग्री स्टेक पोर्टल से खसरा जोड़ने एवं ई–विकास पोर्टल के माध्यम से खाद एवं उर्वरक प्राप्ति हेतु ई–टोकन जनरेट करने की प्रक्रिया समझाई। साथ ही खेती–किसानी से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान भी किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारीगण, कृषि विस्तार अधिकारी गौरव श्रीवास्तव, रामलाल मुलेवा, डीपी मेहरा, पूजा पाठक, प्रशांत मिश्रा, रमाकांत कौरव एवं देवेन्द्र छापरिया सहित कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी–कर्मचारी और कृषकगण मौजूद थे।

# मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने स्वास्थ्य केन्द्रों का किया निरीक्षण

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष कुमार मिश्रा ने बाबई चीचली ब्लॉक की विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि रायपुर टोला में दो बच्चों के माता–पिता को बार–बार समझाइश देने के बावजूद बच्चों को टीका नहीं लगाया जा रहा है। उन्होंने घर जाकर दोनों बच्चों के अभिभावकों को समझाइश दी और बच्चों को टीका लगाया गया। सीएमएचओ डॉ. मिश्रा ने आंगनवाड़ी केंद्र ग्राम चीकसा, इमलिया (कल्याणपुर), रायपुर टोला और मोहपानी में संचालित टीकाकरण कार्यक्रम का निरीक्षण किया।

उन्होंने एएनएम एवं सीएचओ को निर्देशित किया कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा या गर्भवती महिला नियमित टीकाकरण से वंचित न रहे। छूटे हुए बच्चों और गर्भवती महिलाओं की सूची बनाकर टीका लगाया जाए। एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे गर्भवती महिलाओं की कम से कम 4 अनिवार्य प्रसव–पूर्व जांचें (एएनसी) समय पर करवाएं और उन्हें अस्पताल में ही प्रसव कराने के लिए प्रेरित करें। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चीचली के निरीक्षण के दौरान ओपीडी, वार्ड, दवा स्टोर और पैथोलॉजी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विनय ठाकुर, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. अनिल पटेल और संबंधित कर्मचारी मौजूद थे।

## तहसील कार्यालय तेंदूखेड़ा में बनाया गया आधार केन्द्र, नागरिकों को मिलेगी आधार संबंधी सुविधा

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में तहसील कार्यालय तेंदूखेड़ा में आधार केन्द्र स्थापित किया गया है। आधार केन्द्र के शुरू होने से अब नागरिकों को आधार संबंधित कार्यों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। कोई भी नागरिक तहसील कार्यालय तेंदूखेड़ा में आधार कार्ड बनवाने तथा आधार कार्ड में आवश्यक सुधार का कार्य करवा सकेंगे, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों को आधार कार्ड बनवाने तथा आधार कार्ड में संशोधन करने की सुविधा सहज और सुगम तरीके से उपलब्ध कराई जा रही है। नागरिकों को आधार से जुड़ी सेवाओं का लाभ तत्परता से मिले, इसके लिए जिला प्रशासन सक्रियता से कार्य कर रही है।

## मौजा बौछार में मंडी भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में बुधवार को गोटेगांव तहसील के मौजा बौछार पटवारी हल्का नंबर 10 स्थित भूमि खसरा नंबर 190 रकवा 0.785 हे, जिस पर मंडी निर्मित है, उस पर राजस्व विभाग के अमले के द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। मौके पर तहसीलदार गोटेगांव श्री नीरज तखरया, पुलिस बल और राजस्व विभाग का अमला मौजूद था।

# गाडरवारा की बेटी डॉ. कांची सोनी बनी चिकित्सक एमबीबीएस डिग्री हासिल कर बढ़ाया क्षेत्र का मान





गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

नगर के प्रतिष्ठित सर्राफा व्यापारी मुकेश सोनी एवं आभा सोनी की बेटी डॉ. कांची सोनी ने भोपाल के एलएन मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त कर परिवार सहित पूरे गाडरवारा क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है उनकी इस उपलब्धि पर नगर वासियो, परिजनों और शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है डॉ. कांची सोनी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गाडरवारा के एनपीएस स्कूल से प्राप्त की बचपन से ही मेहनती और मेधावी रही कांची ने निरंतर परिश्रम और लगन के बल पर चिकित्सा के क्षेत्र में यह महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की उनकी यह उपलब्धि युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बनी है उल्लेखनीय है कि हाल ही में कांची सोनी की कजिन बहन पूर्वी सोनी का भी संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) मे चयन हुआ है परिवार की दोनों बेटियों की उल्लेखनीय उपलब्धियां से पूरे परिवार में उत्सव जैसा माहौल है परिजनो, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने डॉ. कांची सोनी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य तथा चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान की शुभकामनाएं दी है।

## खजुराहो में आयोजित योग महोत्सव कार्यक्रम से जुड़कर योगाभ्यास किया गया

**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** जिला आयुष अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि अंतराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अंतर्गत बुधवार को आयोजित 25 वें काउंटडाउन कार्यक्रम का आयोजन विश्वप्रसिद्ध खजुराहो में किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) एवं 50 बिस्तरीय एकीकृत आयुष चिकित्सालय परिसर में नियमित योगाभ्यास किया जा रहा है। खजुराहो में आयोजित काउंटडाउन से जुड़कर 25 वें कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले में संचालित समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) एवं 50 बिस्तरीय एकीकृत आयुष चिकित्सालय परिसर में योगाभ्यास किया गया।

# नर्मदा घाट पर सफाई एवं जल साधना

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।



गंगा दशहरा पर गायत्री परिवार द्वारा हरिद्वार शांतिकुंज के मार्गदर्शन में जल स्रोत सफाई अभियान के तहत सामूहिक श्रमदान करते हुए नर्मदा जी के ककरा घाट पर सफाई अभियान चलाया गया। विगत वर्ष की भांति प्रातः आठ बजे से दस बजे तक दो घंटे पचास साठ परिजनों द्वारा घाट पर फैले कचरे फूल,नारियल बूच, अगरवत्ती पन्नी,कागज सडे गले कपड़े बीनकर उचित निपटारा किया। सभी परिजन कचड़ा बीनने प्लास्टिक बोरी, बाल्टी,जाली, फावड़ा लेकर पहुंचे थे।सारे कचड़े को दूर गड्ढे में दबा कर नष्ट किया।तत्पश्चात नर्मदा जल में बैठकर गायत्री मंत्र जप, चालीसा पाठ, नर्मदा स्त्रोत पाठ,मौन साधना की गई। घाट पर उपस्थित श्रद्धालुओं की बीच में प्रसाद वितरण के रूप में नुकती तथा मठा वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। सफाई कार्य में श्रमदान करने में जिला प्रतिनिधि विनोद श्रीवास्तव, भरत प्रजापति चिरहकला, राजेश कुमार कौरव ट्रस्टी सदस्य गायत्री शक्तिपीठ ,ड्रां राजेंद्र दुबे, गीता प्रसाद कौरव तहसील समन्वयक,अखिलेश शर्मा, अभिषेक कौरव, राजेश शर्मा, ट्रस्टी सदस्य सुरेश गुप्ता, रजनीश राय, तुलसीकांत श्रीवास्तव, राजा श्रीवास्तव, अश्विनी उर्फ अस्सी जैन, दुर्गेश, प्रदीप, शिवाय,सुनील सोनी के अलावा मात्र शक्ति से श्रीमती कल्पना कौरव, रमा गुप्ता , ट्रस्टी सदस्य मनोरमा श्रीवास्तव, नीलम धानुका, पूनम, रजनी, रेखा, कविता, अंजलि, स्वाति, आकांक्षा, जूही का सराहनीय सहयोग रहा। नर्मदा तट पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने गायत्री परिवार के सफाई अभियान,जन जागरण अभियान की सराहना करते हुए सहयोग तथा समर्थन दिया।

## दिव्यांग आवेदक की आधार समस्या का हुआ समाधान

**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में दिव्यांग श्री विवेक कुमार की आधार संबंधी समस्या का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। श्री राम जी ने कलेक्टर कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया था कि उनका पुत्र दिव्यांग है, जो बैठ नहीं पाता हैं और न ही उनके हाथों की उंगलियां खुल पाती हैं। उन्होंने इस कारण उनका आधार कार्ड निष्क्रिय हो गया था, जिसे पुनः सक्रिय कराने हेतु आवेदन किया था। कलेक्टर श्रीमती सिंह के निर्देशानुसार यूआईडीएआई टीम भोपाल से तत्काल संपर्क स्थापित किया गया। उनसे प्राप्त मार्गदर्शन के अनुसार ई–गवर्नेंस के माध्यम से आवेदक के आधार कार्ड को अपडेट करने की कार्यवाही की गई। सहायक प्रबंधक श्री अभिषेक सरयाम द्वारा लोक सेवा केंद्र चावरपाठा के आधार ऑपरेटर के साथ समन्वय स्थापित कर इस पूरी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण कराया गया। उल्लेखनीय है कि इस प्रकार की कार्यवाही सामान्यतः भोपाल में ही पूर्ण की जाती है, लेकिन आवेदक की विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रयास कर यह कार्यवाही स्थानीय स्तर पर ही लोक सेवा केंद्र के माध्यम से संपन्न कराई गई। इससे न केवल समय की बचत हुई, बल्कि दिव्यांग आवेदक को बड़ी राहत भी मिली।

## जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक 29 मई को

**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा नरसिंहपुर ने बताया कि अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक 29 मई को प्रातः 10:45 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

# एनटीपीसी विन्ध्याचल में ओवरहॉलिंग के दौरान सुरक्षा मेगा पेप टॉक का आयोजन

सिंगरौली।



एनटीपीसी विंध्याचल में दिनांक 25.05.2026 को स्टेज 1 सर्विस बिल्डिंग में ओवरहॉलिंग के दौरान सुरक्षा मेगा पेप टॉक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य रूप से श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल), श्री ए जे राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री एस के सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफ एम), श्री एम सुरेश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम), श्री आशीष कुमार अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक(सुरक्षा) तथा अन्य विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ने सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलवाते हुए की, साथ ही उन्होंने सभी श्रमिकों को संबोधित करते हुए बताया कि ज़िंदगी के हर कदम में हमें सुरक्षा की आवश्यकता पड़ती है। हमें हमारी सुरक्षा के लिए घर से निकलते ही सभी सावधानियों पर ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों के बीच में से कुछ श्रमिक बंधु को सभी के सामने अपने कार्य के प्रति रखी जाने वाली सावधानियों को बताने के लिए आमंत्रित किया, जिससे उनका मनोबल बढ़ सके।

श्री ए जे राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि दुर्घटना होने के क्या कारण हो सकते है। हमें अपने कार्य को सम्मान देना चाहिए तभी हम उसे सुरक्षित रूप से पूरा कर पाएंगे। कार्य करने के दौरान हमें अपने आस पास के वातावरण का भी ध्यान रखना चाहिए जिससे हमारे कार्य में बाधा उत्पन्न हो सकती है। श्री एस के सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफ एम) ने बताया कि हमें अपनी सुरक्षा का ध्यान खुद ही रखना होगा, हम अक्सर जल्दबाजी में कार्य करते है जिससे दुर्घटना हो सकती है। हमें कार्य के दौरान सभी प्रकार के सुरक्षा का उपकरण का उपयोग करना है। श्री एम सुरेश, महाप्रबंधक(मेंटेनेंस एवं एडीएम) ने बताया की किसी भी प्रकार के अनसेफ काम को अपने पास न रख के उसे आगे बताया जाए जिससे कि उसे ठीक किया जा सके।

कार्यक्रम का संचालन श्री आशीष कुमार अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक(सुरक्षा) ने किया और सभी श्रमिकों को उनके कार्य के प्रति खतरों के बारे में व गर्मी के दिनों में सावधानी बरतने के लिए सचेत किया। कार्यक्रम के अंत में 40 से अधिक श्रमिकों को अच्छे कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया।



## आरएलआई-विंध्याचल में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तृतीय चरण का शुभारंभ

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल के आरएलआई (ऋद्ब) द्वारा 26 मई 2026 को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तृतीय चरण का सफल शुभारंभ किया गया। यह पहल युवाओं को उद्योग आधारित कौशल विकास एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह नौ माह की इंटर्नशिप योजना विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान और कार्यस्थल की वास्तविक आवश्यकताओं के बीच की दूरी को कम करने का अवसर प्रदान करती है। योजना के अंतर्गत प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव, पेशेवर दक्षताओं तथा उद्योग से जुड़े वास्तविक कार्यों की जानकारी दी जाएगी।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में डॉ. देबस्मिता त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक(आरएलआई) मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रशिक्षुओं का स्वागत करते हुए वर्तमान समय में कौशल आधारित शिक्षा के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना को भारत सरकार की दूरदर्शी पहल बताते हुए कहा कि यह युवाओं को अनुभवात्मक शिक्षा एवं करियर निर्माण के लिए उत्कृष्ट मंच प्रदान करती है।

# मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

## कलेक्टर्स को खेती और खाद्य प्रसंस्करण के विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

कटनी (स्वतंत्रमत)

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि कलेक्टर्स सुशासन पर ध्यान दें। आमजनता के कल्याण के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज प्रकरणों का तत्परता से निराकरण कराएं। कोई भी शिकायत 50 दिन से अधिक समय तक लंबित न रहे। नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के सभी प्रकरण तय समय सीमा में निराकृत कराएं। इन प्रकरणों में समय सीमा में कार्यवाही न करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करें। बारिश शुरू होने से पहले बाढ़ राहत तथा आपदा प्रबंधन की समीक्षा कर लें। अतिवृष्टि की स्थिति में राहत शिविर बनाने तथा बाढ़ से राहत और बचाव के सभी प्रबंध कर लें। किसी भी स्थिति में जन-धन की हानि न्यूनतम रखने का प्रयास करें। इधर कटनी के कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष से कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा वर्चुअली जुड़े रहे। इनके अलावा जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरसिमरनप्रीत कौर, निगमायुक्त तपस्या




परिहार, डीएफओ गर्वित गंगवार, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्राए, क्षेत्रीय प्रबंधक मध्य प्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम साधना परस्ते तथा अन्य विभागों के जिला अधिकारी भी बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से जुड़े रहे। मुख्य सचिव ने कहा कि जिला सड़क सुरक्षा समिति की हर माह बैठक आयोजित करके यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराएं। सड़कों से ब्लैक स्पाट कम करने और दोपहिया वाहन में हेलमेट की अनिवार्यता से ही बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली असयम मौतों को रोका जा सकता है। पिछले साल की तुलना में इस वर्ष के 9 महीनों में सड़क दुर्घटना तथा होने वाली मौत में कमी आई है। ई डॉर पोर्टल पर दुर्घटना की जानकारी तत्काल दर्ज कराएं। दुर्घटना होने पर प्रधानमंत्री राहत योजना से पीड़ितों को उपचार की निःशुल्क सुविधा दें। राहवीर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। दुर्घटना पीड़ितों को समय पर मदद देकर हम उनकी जान बचाने का पुण्य कार्य करते हैं। कलेक्टर्स खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन और परिवहन पर कड़ी कार्रवाई करें। इन पर लगाए गए जुर्माने की राशि की कठोरता से वसूली करें। मुख्य सचिव ने कहा कि कलेक्टर्स खेती तथा उससे जुड़े विभागों की गतिविधियों की नियमित समीक्षा करें। मध्यप्रदेश की जीडीपी में खेती का योगदान पिछले 10 सालों में बढ़कर 43 प्रतिशत हो गया है। खेती के साथ-साथ पशुपालन और मछलीपालन का भी तेजी से विकास हो रहा है। मछलीपालन की केज कल्चर योजना में एक लाख 70 हजार से अधिक आवेदन पत्र मिले हैं। मछलीपालन बढ़ने के साथ-साथ इनके विपणन और सुरक्षित भण्डारण की भी व्यवस्था कराएं। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मुख्य रूप से खेती पर ही आधारित हैं। स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों का निर्माण कराएं जिससे स्वरोजगार के अवसर मिलने के साथ-साथ किसानों को उनके उत्पादों के अच्छे दाम मिलें। खाद वितरण के लिए सभी जिलों में ई-विकास सिस्टम लागू कर दिया गया है। अब केवल ई-टोकन के माध्यम से ही खाद का वितरण कराएं। मुख्य सचिव ने कहा कि गेंहू का उपार्जन लगभग पूरा हो गया है। प्रदेश में एक लाख टन से अधिक उपार्जन हुआ है। उपार्जित गेंहू का तत्काल परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। किसानों को 5 जून तक उपार्जित गेंहू की राशि का शत-प्रतिशत भुगतान कराएं। मुख्य सचिव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में 30 जून तक जल संरक्षण के सभी कार्य पूरे कराकर पोर्टल पर दर्ज कराएं। मनरेगा योजना से भी स्वीकृत 31975 निर्माण कार्य 30 जून तक अनिवार्य रूप से पूरे करा दें। इसके बाद एक जुलाई व्हीबीजीरामजी योजना लागू हो जाएगी। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में 34 विधानसभा क्षेत्रों में नए औद्योगिक क्षेत्र प्रस्तावित किए गए हैं। कलेक्टर्स इनके लिए आवश्यक जमीनें उपलब्ध कराएं। भारत औद्योगिक विकास योजना भव्य के क्रियान्वयन पर भी विशेष ध्यान दें। बैठक में मुख्य सचिव ने शहरी क्षेत्र की प्रधानमंत्री आवास योजना, नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम, जलाशयों में पर्यटकों की सुरक्षा, प्रधानमंत्री श्रम मानधन योजना, नशे तथा मिलावट के विरूद्ध अभियान, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं हिरण्यगर्भा अभियान के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में नरवाई प्रबंधन, दूध उत्पादन बढ़ाने के प्रयासों, क्षीरधारा योजना तथा अमृत योजना के कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने एनकोर समिति की बैठकों, आपदा प्रबंधन, त्यौहारों में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा सड़क दुर्घटनाएं रोकने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए।

## सनातन धर्म के विरुद्ध विषवामन करने वाले उदयनिधि स्टालिन को विधायक संजय पाठक ने भेजी रामायण और श्रीमद भागवत गीता

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने अपने वादे के अनुसार सनातन को समझने के लिए तमिलनाडु के डीएमके नेता उदय निधि स्टालिन को रामायण और श्रीमद भागवत गीता निःशुल्क भेजी है। यहां दे बता दे कि सनातन के विरुद्ध विषवामन करने पर विधायक संजय पाठक द्वारा शिकायती पत्र लिखा गया था जिसे नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राजू शर्मा सहित कटनी के जागरूक नागरिकों द्वारा कटनी पुलिस अधीक्षक को सौंपा था जिसमें तमिलनाडु के डीएमके नेता पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र एवं विधायक उदयनिधि स्टालिन द्वारा 12 मई को अपने बयान में एक बार फिर सनातन धर्म को खत्म करने की मांग करने पर एवं उनके द्वारा पूर्व में सनातन धर्म की तुलना डेंगू मलेरिया एवं अन्य संक्रामक बीमारी से करने पर आपत्ति जताते हुए विधायक संजय पाठक द्वारा उदयनिधि स्टालिन के दावे कि सनातन धर्म लोगों को बांटता है वक्तव्य को अत्यंत आपत्तिजनक, भड़काऊ एवं असंवैधानिक बतातें हुए पुलिस अधीक्षक कटनी को कार्यवाही की मांग की थी इसी के साथ विधायक संजय पाठक द्वारा उदयनिधि स्टालिन को सनातन धर्म को समझने के लिए रामायण श्रीमद भागवत भेंट करने लिए बोला था। इसी क्रम में विधायक संजय पाठक द्वारा अमेज़न इंडिया ऑनलाइन स्टोर के माध्यम से रामायण और श्रीमद भागवत गीता की एक-एक प्रति उदय निधि स्टालिन के निवास पर प्रेषित कर दी है। विधायक संजय पाठक ने उदय निधि स्टालिन को पत्र के माध्यम से अपने संदेश में लिखा कि सनातन धर्म केवल पूजा-पाठ पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक वैज्ञानिक और दार्शनिक पद्धति है। आप को भेजी दोनों पुस्तक केवल सामान्य पुस्तकें नहीं हैं, बल्कि ये सनातन धर्म के पवित्र महाग्रंथ और साक्षात् ज्ञान का स्वरूप हैं। इनमें संपूर्ण मानव जीवन, धर्म, कर्तव्य और मोक्ष का दर्शन समाहित है। इनमें हिन्दू धार्मिक परम्पराओं तथा नैतिक शिक्षाओं का ज्ञान भी शामिल है।

**स्टालिन ये समझे कि सनातन धर्म केवल पूजा-पाठ पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक वैज्ञानिक और दार्शनिक पद्धति है- संजय पाठक**



# रोड मार्किंग एवं जेब्रा क्रॉसिंग से सुदृढ़ हो रही नगर की यातायात व्यवस्था




**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नगर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं नागरिक हितैषी बनाने की दिशा में नगर निगम प्रशासन द्वारा निरंतर सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शहर के प्रमुख मार्गों एवं व्यस्त बाजार क्षेत्रों में रोड मार्किंग एवं जेब्रा क्रॉसिंग निर्माण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है, जिससे नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सके। सिटी ट्रांसपोर्ट मैनेजर योगेश पवार ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम द्वारा प्रारंभ किए इस कार्य के प्रथम चरण में शहर के मुख्य मार्गों में बरगवां से बिलहरी मोड तक रोड मार्किंग एवं जेब्रा क्रॉसिंग का कार्य पूर्ण किया गया। जबकि द्वितीय चरण में सागर पुलिया से साउथ स्टेशन मेन रोड, बाबा नारायण शाह वार्ड पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, माधवनगर उप कार्यालय मुख्य मार्ग, घंटाघर से गर्ग चौराहा, नई बस्ती मिशन चौक, अहिंसा तिराहा, सुभाष चौक, मुख्य रेलवे स्टेशन मार्ग, आजाद चौक एवं जगन्नाथ चौक सहित विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में रोड मार्किंग एवं जेब्रा क्रॉसिंग निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। नगर निगम द्वारा चरणबद्ध तरीके से शहर के प्रमुख एवं व्यस्त मार्गों पर यह कार्य कराया जा रहा है। मार्गों पर स्पष्ट लाइन मार्किंग, लेन निर्धारण एवं जेब्रा क्रॉसिंग बनाए जाने से यातायात संचालन अधिक अनुशासित होगा तथा वाहन चालकों एवं पैदल यात्रियों दोनों को सुविधा मिलेगी। विशेष रूप से बाजार क्षेत्रों एवं विद्यालयों के आसपास यह कार्य नागरिक सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि जेब्रा क्रॉसिंग के माध्यम से पैदल यात्रियों, स्कूली विद्यार्थियों एवं वरिष्ठ नागरिकों को सड़क पार करने में सुरक्षा एवं सुविधा प्राप्त होगी। वहीं रोड मार्किंग से वाहन चालकों को निर्धारित दिशा एवं लेन का स्पष्ट संकेत मिलेगा, जिससे यातायात व्यवस्था अधिक सुचारु एवं नियंत्रित बनी रहेगी। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, निर्धारित लेन में वाहन चलाएं तथा जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग कर सुरक्षित एवं अनुशासित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें। नगर निगम का यह प्रयास केवल सड़क सौंदर्यीकरण तक सीमित न होकर नागरिक सुरक्षा, यातायात अनुशासन एवं आधुनिक शहरी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## पेट्रोल-डीजल मूल्य वृद्धि के विरोध में बहोरीबंद ब्लॉक कांग्रेस का प्रदर्शन



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** देश में निरंतर पेट्रोल डीजल की दर में वृद्धि को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के निर्देश पर बहोरीबंद ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश के महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंप कर भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार को एसडीएम प्रदीप मिश्रा के माध्यम से प्रदेश के महामहिम राज्यपाल के नाम सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि केन्द्र सरकार द्वारा निंरतर पेट्रोल डीजल की दर मे वृद्धि की जा रही है। जिससे आम नागरिक प्रभावित हो रहे है। वहीं पेट्रोल डीजल की वृद्धि से निरंतर महगांई बढती जा रही है जिससे आम नागरिको का जीवन कष्ट में पड गया है। जबकि अंतराष्ट्रीय स्तर पर उक्त दामो में गिरावट आने के बाद भी केन्द्र की भाजपा सरकार लगातार पेट्रोल डीजल के दामो मे बढोत्तरी कर रही है। आम जनमानस की परेशानियो को देखते हुये पेट्रॉल डीजल की दर पर कमी की जाए। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र सैनी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेंद्र पौराणिक, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सादिक खान, गणेश नारायण गुप्ता, विजय तिवारी, संजय पटेल, राजेश तिवारी, अजय खम्परिया, अरविंद श्रीवास्तव, अभिषेक जैन, नेपाल सिंह पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर हेतु प्रस्तावित यातायात डायवर्जन प्लान

कटनी (स्वतंत्रमत)

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं डॉ. संतोष डेहरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटनी तथा रत्नेश मिश्रा, उप पुलिस अधीक्षक एवं नेहा पच्चीसिया नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में अनूप सिंह ठाकुर, निरीक्षक प्रभारी यातायात द्वारा श्रद्धालु जन एवं आम जनों के हितों को ध्यान में रखते हुए आवागमन को बनाने हेतु लागू की जा रही है। क्षेत्र- बरही नाका, विश्वकर्मा पार्क, सुभाष चौक सब्जी मंडी, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर मार्ग, प्रभावी समय- प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार, शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ एवं संकरे मार्ग को ध्यान में रखते हुए ऐसा डायवर्जन प्लान तैयार किया गया है, जिससे मंदिर क्षेत्र पूर्णतः पैदल दर्शन मार्ग रहे तथा शहर का सामान्य यातायात भी सुगम बना रहे। बरही नाका से आने वाले वाहन- बरही नाका से दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर की ओर जाने वाले सभी चारपहिया वाहन, ऑटो एवं ई-रिक्शा प्रतिबंधित रहेंगे। वाहनों को मॉल रोड खिरहनी चौकी व एनपीएन मार्ग की ओर डायवर्ट किया जाएगा। केवल स्थानीय निवासी एवं आपातकालीन वाहन नियंत्रित रूप से प्रवेश करेंगे। विश्वकर्मा पार्क की ओर से आने वाले वाहन- मंदिर मार्ग पूर्णतः बंद रहेगा। छोटे वाहनों को विश्वकर्मा पार्क, सुभाष चौक, स्टेशन रोड की ओर भेजा जाएगा। भारी वाहनों को पूर्व निर्धारित वैकल्पिक




मार्गों पर डायवर्ट किया जाएगा। सुभाष चौक- सुभाष चौक से मंदिर की ओर वन-वे पैदल कॉरिडोर बनाया जाएगा। ई-रिक्शा एवं ऑटो को झंडा बाजार व गोल बाजार की ओर डायवर्ट किया जाएगा। भीड़ अधिक होने पर अस्थायी बैरिकेडिंग की जाएगी। श्रद्धालुओं हेतु विशेष व्यवस्था- मंदिर के 200-300 मीटर क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया जाएगा। दर्शनार्थियों हेतु पृथक पैदल मार्ग बनाया जाएगा। पुलिस एवं यातायात व्यवस्था- बरही नाका, विश्वकर्मा पार्क, सुभाष चौक एवं मंदिर मार्ग पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। क्रेन एवं टोइंग वाहन स्टैंडबाय रखे जाएंगे। लाउड हेलर एवं सार्वजनिक उद्घोषणा के माध्यम से नागरिकों को वैकल्पिक मार्गों की जानकारी दी जाएगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं शहर की सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु नागरिक निर्धारित डायवर्जन मार्गों का पालन करें एवं यातायात पुलिस का सहयोग करें।

## अवैध क्लीनिक पर छापा, 50 प्रकार की दवाइयां जब्त, क्लीनिक सील

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** फर्जी चिकित्सकों और झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिये गए निर्देश के पालन में विकासखंड बड़वारा के अंतर्गत ग्राम विलायतकला में (बेस्ट केयर क्लीनिक) नाम से संचालित एक अवैध क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया है। सीएमएचओ डॉ राज सिंह ठाकुर ने बताया कि अवैध रूप से संचालित इस क्लीनिक पर जिला स्तरीय टीम ने छापामार कार्रवाई की। टीम में जिला चिकित्सालय के सर्जिकल स्पेशलिस्ट डॉ. रीतेश दुबे तथा प्रभारी नर्सिंग होम नितिन तपा शामिल थे। जांच के दौरान पाया गया कि क्लीनिक का संचालन जाकिर हुसैन द्वारा किया जा रहा था।

## ई-विकास प्रणाली से उर्वरक वितरण नहीं करना 14 समिति प्रबंधकों को पड़ा महंगा, हुई सख्त कार्रवाई

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** ई-विकास प्रणाली का पालन न करते हुये नियम विरूद्ध उर्वरक का वितरण करना 14 समिति प्रबंधकों को महंगा पड़ गया। समीक्षा के दौरान कलेक्टर आशीष तिवारी के संज्ञान में यह मामला आने के बाद कलेक्टर ने प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (पैक्स) सिनगौड़ी, खितौली एवं उबरा के समिति प्रबंधक बाबूजी सेन तथा सिनगौड़ी के खाद खरीदी प्रभारी सहायक प्रबंधक सतीश कुमार निगम को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिये। इनके अलावा ई-विकास प्रणाली में लापरवाही बरतने वाले अन्य 12 समिति प्रबंधकों का माह मई 2026 के वेतन से 7 दिवस की वेतन कटौती कराने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिया। कलेक्टर के निर्देश के बाद निलंबन और वेतन कटौती संबंधी आदेश जारी भी हो गये हैं। किसानों को पारदर्शी तरीके से खाद उपलब्ध कराने के लिए



कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में 1 अप्रैल से ई-विकास प्रणाली लागू है। कलेक्टर ने समितियों और उर्वरक विक्रेताओं को उर्वरकों का शत-प्रतिशत विक्रय ई-विकास टोकन प्रणाली के माध्यम से किए जाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद भी पारंपरिक रूप से पीओएस मशीन से खाद वितरण करने पर कलेक्टर ने गहन नाराजगी व्यक्त किया था। जारी निलंबन आदेश के अनुसार समिति प्रबंधक खितौली, सिनगौडी एवं उबरा बाबूजी सेन द्वारा ई-विकास प्रणाली के क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही और उदासीनता बरती गई। इसे अनुशासनहीनता मानते हुए इन दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसी प्रकार प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिनगौड़ी के खाद प्रभारी एवं सहायक प्रबंधक सतीश कुमार निगम द्वारा वर्ष 2025-26 में खाद का भौतिक वितरण तो कर दिया गया था।

# पीसीपी एनडीटी एक्ट के तहत मुखबिरों को मिलेगा 2 लाख रुपये तक का पुरस्कार

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों की रोकथाम के लिए राज्य शासन द्वारा गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम 1994 एवं नियम 1996 (पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट) का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने नागरिकों से अपील की है कि बेटियों के सम्मान, सुरक्षित भविष्य एवं समाज में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने के लिए भ्रूण लिंग जांच एवं लिंग चयन जैसी गैरकानूनी गतिविधियों की सूचना प्रशासन को उपलब्ध कराएं और इस सामाजिक जागरूकता अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं। राज्य शासन द्वारा आमजन को जागरूक करने और अवैध लैंगिक चयन गतिविधियों के विरुद्ध सशक्त विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुनरीक्षित मुखबिर पुरस्कार योजना-2021 संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत अवैध भ्रूण लिंग जांच, लिंग चयन अथवा संबंधित गैरकानूनी गतिविधियों की सूचना देकर कार्रवाई में सहयोग करने वाले मुखबिरों को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। सफल सूचना अथवा स्टिंग ऑपरेशन के आधार पर कार्रवाई होने एवं न्यायालय में अपराध सिद्ध होने की स्थिति में कुल 2 लाख रुपये तक की प्रोत्साहन राशि मुखबिर, डिकॉय महिला, अभियोजन अधिकारी, जिला नोडल अधिकारी और अन्य अधिकृत व्यक्तियों को नियमानुसार वितरित की जाती है। योजना में मुखबिर की सूचना पर विधिक कार्रवाई होने की स्थिति में प्रथम किश्त के रूप में 1.25 लाख रुपये की राशि कोर्ट में चालान प्रस्तुत होने पर तथा द्वितीय किश्त के रूप में 75 हजार रुपये की राशि न्यायालय में अपराध सिद्ध होने पर प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार सफल स्टिंग ऑपरेशन की स्थिति में मुखबिर, डिकॉय महिला एवं सहयोगियों को भी निर्धारित प्रोत्साहन राशि प्रदान किए जाने का प्रावधान है। पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट के प्रभावी प्रवर्तन के लिये शासन द्वारा स्टिंग ऑपरेशन को महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में उपयोग किया जा रहा है। अवैध भ्रूण लिंग जांच एवं लिंग चयन गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों और संस्थानों के विरुद्ध साक्ष्य आधारित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए डिकॉय महिला एवं मुखबिरों के माध्यम से गोपनीय स्टिंग ऑपरेशन संचालित किए जाते हैं। सफल स्टिंग ऑपरेशन के सत्यापन उपरांत प्रथम किश्त के रूप में कुल 1 लाख 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है, जिसमें मुखबिर को 50 हजार रुपये, डिकॉय महिला को 20 हजार रुपये, सहयोगी को 10 हजार रुपये, जिला नोडल अधिकारी अथवा अन्य अधिकृत अधिकारी को 15 हजार रुपये तथा अभियोजन अधिकारी को 30 हजार रुपये दिए जाते हैं।

# कुर्बानी के जज्बे का पर्व बकरीद आज

## ऊंची बोली लगाकर मुस्लिम समाज के लोगों ने खरीदे बकरे

### ईदगाह और मस्जिदों में दिन भर तैयारियां

कटनी (स्वतंत्रमत)।

मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में बकरीद की तैयारियां सारा दिन चलती रही। ईद-उल-अजहा का पर्व आज 28 मई को मनाया जाएगा। मिशन चौक, झर्रा टिकुरिया, मंगलनगर, रोशन नगर, चाका और झिंझरी समेत अन्य इलाकों में चहल-पहल रही। कुर्बानी के बकरों की पूछ परख भी खूब हुई। मार्केट में ऊंची बोली लगाकर मुस्लिम समाज के लोगों ने बकरे खरीदे। ईदगाह और मस्जिदों में दिन भर साफ-सफाई का दौर चलता रहा। अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष हाजी कैस अहमद ने बताया कि ईदगाह आदर्श कॉलोनी में सुबह 8 बजे, शहर जामा मस्जिद ईश्वरीपुरा



वार्ड में सुबह 8:45 बजे, नगीना मस्जिद मिशन चौक में सुबह 8:15 बजे, पूरी छोटी मस्जिद आजाद चौक में सुबह 8:30 बजे, वक्फ मस्जिद अल्फर्टगंज में सुबह 8:15 बजे, इस्हाकिया मस्जिद अहमदनगर में सुबह 8:30 बजे, अब जर गफ्फारी झर्रा टिकुरिया में सुबह 8:30 बजे, एक मिनारा (अजीमिया) मस्जिद बरगवां में सुबह 8:45 बजे, गौसिया मस्जिद बरगवां में सुबह 8:15 बजे, मंगलनगर मस्जिद में सुबह 7:35 बजे, वक्फ मस्जिद आयुध निर्माणी में सुबह 8 बजे, जामा मस्जिद रजा नगर एनकेजे में सुबह 8:15 बजे, मदीना मस्जिद रोशन नगर में सुबह 7:30 बजे, मस्जिद अबुबकर सिद्दीक अमीरगंज में सुबह 7:30 बजे, खिरहनी फाटक सुबह 7:30 बजे, में सुबह 8:30 बजे, मस्जिद गौसिया दुर्गा चौक में सुबह 8:30 बजे, हुसैन मस्जिद लमतरा में सुबह 7:30 बजे एवं झिंझरी जेल में सुबह 9 बजे बकरीद की नमाज अदा की जाएगी।

### बकरीद : यातायात व्यवस्था का निरीक्षण



ईद उल अजहा पर्व को लेकर यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ट्रैफिक टीआई अनूप सिंह ठाकुर, रंगनाथ नगर थाना प्रभारी अरुण पाल सिंह एवं प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र सिंह, आरक्षक वीरेंद्र द्वारा ईदगाह से लेकर चांडक चौक, मिशन चौक, सागर पुलिया, कब्रिस्तान मार्ग एवं कर्बला क्षेत्र तक भ्रमण कर यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था एवं सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया गया। अधिकारियों द्वारा संबंधित मार्गों पर पर्व के दौरान सुगम यातायात, आमजन की सुरक्षा एवं शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता एवं पर्याप्त पुलिस बल तैनाती के निर्देश भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट के अध्यक्ष हाजी कैस अहमद, अकील सिद्दीकी, अकरम सिद्दीकी सहित ट्रस्ट के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# पैरा जैवलिन थ्रोअर सुमित ने तोड़ा अपना ही वर्ल्ड रिकॉर्ड

## 74.82 मीटर दूर भाला फेंका, दो बार पैरालंपिक में गोल्ड जीत चुके

बेंगलुरु।

पैरा जैवलिन थ्रोअर सुमित अंतिल ने अपना ही वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया। बुधवार को बेंगलुरु में उन्होंने 74.82 मीटर का भाला फेंका। सुमित ने यह कारनामा 8वीं इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की जैवलिन थ्रो एफ64 स्पर्धा में किया।उन्होंने पांचवें प्रयास में यह उपलब्धि हासिल की। सुमित ने अपना ही पुराना वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा। इससे पहले उन्होंने 2023 में चीन के हांगझोउ में हुए एशियन पैरा गेम्स में 73.29 मीटर का थ्रो किया था। इस बार उन्होंने अपने पिछले बेस्ट प्रदर्शन से 1.53 मीटर ज्यादा दूरी हासिल की।

रिकॉर्ड बनाने के बाद सुमित ने कहा, सोच रहा था कि वर्ल्ड रिकॉर्ड क्यों नहीं तोड़ पा रहा हूं। काफी समय हो गया था, लेकिन आज मैं यहां सिर्फ अपना पर्सनल बेस्ट करने आया था। उन्होंने आगे कहा, मुझे खुशी है कि मैंने अपना रिकॉर्ड 1.5 मीटर बेहतर किया। उम्मीद है कि मैं और मेरी टीम आने वाले पैरा एशियन गेम्स




में भी इससे बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

### 7 बार वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ चुके

सुमित अब तक सात बार वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ चुके हैं। उन्होंने जून 2019 में इटली में हुए वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स में 60.45 मीटर का भाला फेंककर पहला वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। उस मुकाबले में उन्होंने सिल्वर मेडल भी जीता था। इसके बाद नवंबर 2019 में दुबई में हुए वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उन्होंने 62.88 मीटर का थ्रो किया। मार्च 2021 में बेंगलुरु में हुई नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सुमित ने 66.90 मीटर का थ्रो कर फिर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। अगस्त 2021 में टोक्यो पैरालंपिक के फाइनल में सुमित ने एक ही मुकाबले में तीन बार वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने 66.95 मीटर, 68.08 मीटर और आखिर में 68.55 मीटर का थ्रो किया। इसी प्रदर्शन के साथ उन्होंने गोल्ड मेडल जीता। इसके बाद जुलाई 2023 में पेरिस में हुए वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सुमित ने पहली बार 70 मीटर का आंकड़ा पार किया। उन्होंने 70.83 मीटर का थ्रो कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। फिर 2023 में ही चीन के हांगझोउ में एशियन पैरा गेम्स में सुमित ने 73.29 मीटर का थ्रो किया।



## एलिस टेक्टर आयरलैंड की टी-20 विश्व कप टीम में लॉरा डेलानी की जगह लेंगी

**डुबलिन।** अठारह साल की एलिस टेक्टर को आगामी महिला टी-20 विश्वकप के लिए आयरलैंड की टीम में चोटिल लॉरा डेलानी की जगह शामिल किया गया है।डेलानी की चोट कैसी है, यह अभी पता नहीं चला है, लेकिन यह इतनी गंभीर है कि वह टूर्नामेंट और वेस्ट इंडीज और पाकिस्तान के बीच 28 मई से शुरू होने वाली ट्राई-सीरीज से बाहर हो सकती हैं।डेलानी का न होना आयरलैंड के लिए एक बड़ा झटका है।33 साल की यह खिलाड़ी देश की सबसे अनुभवी महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 132 मैच खेले हैं।उन्होंने इस प्रारुप में 1659 रन बनाए हैं और 96 विकेट लिए हैं, जो टीम के लिए उनकी ऑल-राउंड अहमियत को दिखाता है।वहीं टेक्टर ने अभी तक अपना टी-20 अंतरराष्ट्रीय पर्दापण नहीं किया है, लेकिन 2024 में श्रीलंका के खिलाफ अपने डेब्यू के बाद से वह आयरलैंड के लिए पांच एकदिवसीय मैच खेल चुकी है।

# प्रणय ने जोनाथन क्रिस्टी को हराया

## ध्रुव कपिला-क्रिस्टो मिक्स्ड डबल्स में आगे बढ़े



**सिंगापुर।** सिंगापुर ओपन के दूसरे दिन, एच एस प्रणय ने 61 मिनट तक चले मुकाबले में वर्ल्ड न. 5 जोनाथन क्रिस्टी को 10-21, 21-12, 21-18 से हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। मिक्स्ड डबल्स में, ध्रुव कपिला और तनीषा क्रिस्टो ने मलेशिया के वोंग तिएन सी और लिम चियु सीएन को 21-14, 20-22, 21-13 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई।पूर्व वर्ल्ड न. 6 प्रणय ने पहला गेम हारने के बाद ज़ोरदार वापसी की।पिछली मुलाकातों में क्रिस्टी के पास 7-3 की बढ़त होने के बावजूद, भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम में 2-2 की बराबरी के बाद से ही मैच पर पकड़ बना ली और इंडोनेशियाई खिलाड़ी को खुद पर हावी नहीं होने दिया, और आसानी से गेम 21-12 से अपने नाम कर लिया।निर्णायक गेम एक बेहद तनावपूर्ण मुकाबला बन गया।जहाँ शुरुआत में जोनाथन के पास बढ़त थी, वहीं मैच के आखिरी पलों में पासा प्रणय के पक्ष में पलट गया।16-18 से पीछे चल रहे भारतीय खिलाड़ी ने लगातार पाँच अंक बनाकर 21-18 से जीत पक्की कर ली।अब राउंड ऑ? 16 में प्रणय का मुकाबला सिंगापुर के लोह कीन येव से होगा, जिन्होंने भारत के किदाम्बी श्रीकांत को 22-20, 19-21, 21-17 से हराया था।

मिक्स्ड डबल्स में, ध्रुव और तनीषा ने पहला गेम जीत लिया था, लेकिन मलेशियन जोड़ी ने मैच को निर्णायक गेम तक खींच लिया।भारतीय जोड़ी ने ज़ोरदार वापसी करते हुए, आखिरी गेम में 7-6 की बढ़त बनाने के बाद मैच पर पूरी तरह से पकड़ बना ली और 58 मिनट में 21-13 से जीत हासिल की।महिला एकल में, मालविका बंसो? ने लिन सियांग ती के खिलाफ कड़ा मुकाबला किया, लेकिन उन्हें 21-11, 19-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा।




## सूर्यवंशी ने तोड़ा क्रिस गेल का एक आईपीएल सत्र में सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड

**चंडीगढ़।** युवा बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने क्रिस गेल का एक आईपीएल सत्र में सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सूर्यवंशी अब एक आईपीएल सीज़न में सबसे ज्यादा (60) छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। लेकिन आईपीएल इतिहास का सबसे तेज शतक लगाने से चूक गए।गेल ने 30 गेंदों में सबसे तेज शतक बनाया था।15 साल के सूर्यवंशी ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एलिमिनेटर में छक्के के साथ अपना अर्धशतक पूरा कर लिया और मात्र 16 गेंद पर जड़ दिया पचासा।इससे पिछली गेंद पर सूर्यवंशी एक और छक्का मारा और क्रिस गेल के एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ दिया।गेल ने 2012 में आईपीएल सत्र में 59 छक्के मारे थे। आईपीएल 2012 में जब क्रिस गेल ने एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड बनाया था, तब उनके 59 में से 38 छक्के अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज़ों के ख़िलाफ़ आए थे।इसके लिए उन्होंने 347 गेंदें खेली थीं।इस आईपीएल में वैभव सूर्यवंशी ने भी अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज़ों के खिलाफ़ 38 छक्के लगाए हैं, लेकिन ये छक्के सिर्फ़ 165 गेंदों में आए हैं। सूर्यवंशी ने आईपीएल प्लेऑफ में सबसे कम गेंदों में अर्धशतक बनाने के सुरेश रैना के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है।

# एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप पर हैं मनु की नजरें

## फॉर्म बनाये रखते हुए बेहतर प्रदर्शन करने पर है ध्यान

नई दिल्ली।

ओलंपिक पदक विजेता महिला निशानेबाज मनु आजकल एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारियों में लगी हैं। मनु का लक्ष्य इन टूर्नामेंटों में बेहतर प्रदर्शन कर पेरिस ओलंपिक क्वालिफिकेशन चक्र के लिए अपनी दावेदारी पक्की करना है। मनु का कहना है कि अभी उनका ध्यान अपना फॉर्म बनाये रखते हुए बेहतर प्रदर्शन करने पर है।

मनु ने दृढ़ता से कहा, इस साल एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट्स हमारे सामने हैं, और हम इन दोनों बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने कोच के साथ बैठकें की हैं और आगामी टूर्नामेंट्स तथा अपनी तैयारी की एक संपूर्ण और सुनियोजित रूपरेखा तैयार कर ली है। इससे ये साफ है कि उनकी रणनीति केवल तात्कालिक सफलता पर नहीं, बल्कि एक लंबी अवधि की योजना का हिस्सा है।

उन्होंने पिछले साल 10 मीटर एयर पिस्टल में वर्ल्ड कप रजत पदक जीता और इस साल भी 25 मीटर पिस्टल में एशियन चैंपियनशिप में




रजत हासिल किया। अब उनका लक्ष्य एक बार फिर अपनी पुरानी, शीर्ष स्तरीय लय हासिल करना है, जो उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक निर्विवाद मजबूत दावेदार बनाएगी। यह वापसी केवल उनके लिए नहीं, बल्कि भारतीय शूटिंग जगत के लिए भी प्रेरणा का स्रोत होगी। 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक का क्वालिफिकेशन चक्र भी इसी साल से शुरू हो रहा है, और मनु भाकर इस पर भी अपनी पैनी निगाहें जमाए हुए हैं। उनका मानना है कि एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप जैसे बड़े आयोजनों में किया गया दमदार प्रदर्शन न केवल उन्हें वर्तमान सत्र में सफलता दिलाएगा, बल्कि लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए भी एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित करेगा। खेल के साथ अपने व्यक्तिगत जुड़ाव को भी मनु ने साझा किया। उन्होंने 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स में शूटिंग की वापसी पर अपनी खुशी व्यक्त की।

अपने खेल जीवन के अलावा, मनु ने अपने व्यक्तिगत जीवन में आए एक महत्वपूर्ण बदलाव का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया, मैं अब एक आध्यात्मिक व्यक्ति हूं। यह आध्यात्मिक यात्रा ओलंपिक के दौरान ही शुरू हुई थी, और अब मैं पूरी तरह से इस रास्ते पर आगे बढ़ रही हूं। यह नया दृष्टिकोण उन्हें मानसिक शांति और एकाग्रता प्रदान कर रहा है, जो एक उच्च-स्तरीय एथलीट के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

# शुभमन ने हार के लिए खराब फील्डिंग को जिम्मेदार बताया



**धर्मशाला।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल आईपीएल 2026 के पहले क्वालिफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मिली हार से निराश नजर आये। शुभमन ने इस बार के लिए खराब फील्डिंग को जिम्मेदार बताया। साथ कहा कि उनकी टीम दबाव का सामना ठीक से नहीं कर पायी। इस मैच में गुजरात टाइटंस की टीम बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए ढ़ह गयी और उसे 92 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा। मैच में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 254 रन बनाये थे। जिसके बाद गुजरात केवल 162 रन ही बना पायी। शुभमन ने टीम की बार के कारणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी टीम मैच में बनी हुई थी पर कई अवसरों पर हुई गलतियों ने मुकाबला उनके हाथ से फिसल गया। साथ ही कहा कि 12वें-13वें ओवर तक उनकी टीम मुकाबले में थी पर जिस प्रकार से कैच गिरे उससे विरोधी टीम हावी हो गयी। शुभमन ने कहा, मुझे लगता है कि हम 12वें-13वें ओवर तक मैच में अच्छी स्थिति में थे। हमारी फील्डिंग बिल्कुल स्तर के अनुसार नहीं थी हालांकि हम ये मैच भूलकर अब दूसरे क्वालीफायर में जीतने का प्रयास करेंगे। उन्होंने साथ हीकहा, दबाव वाले मौकों पर हम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। हमार शुरुआत ही अच्छी नहीं रही। आउटफील्ड तेज थी, लेकिन जिस तरह पिच खेल रही थी, उस हिसाब से लक्ष्य हासिल किया जा सकता था।

# विनिर्माण लागत बढ़ने से बढ़ी थोक महंगाई

## जल्द खुदरा महंगाई पर भी दिखेगा असर

नयी दिल्ली।

पश्चिम एशिया संकट के कारण घरेलू विनिर्माण कंपनियों पर दबाव बढ़ता जा रहा है और पौने चार साल में पहली बार अप्रैल में उत्पादों के दाम की तुलना में लागत ज्यादा हो गयी है।बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारक एजेंसी क्रिसिल की बुधवार को जारी क्रिकोनॉमिक्स रिपोर्ट में कहा गया है कि अभी लागत मूल्य का असर थोक महंगाई पर दिख रहा है, लेकिन आने वाले समय में खुदरा महंगाई भी बढ़ती दिखेगी।उसने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण दुनिया को कच्चे तेल की आपूर्ति में सबसे बड़ा झटका लगा है।होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से लागत की दूसरी वस्तुओं के दाम भी बढ़े हैं।इससे तांबा और अल्यूमीनियम की ऊंची कीमतों से परेशान विनिर्माताओं के सामने नया संकट खड़ा हो गया है।रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल में लागत की मुद्रास्फीति औसतन 6.2 प्रतिशत रही जबकि उत्पादों के औसत दाम 0.7 प्रतिशत बढ़े।ईंधन और खनिज



तेलों के अलावा इस्पात, बुनियादी रसायनों, उर्वरकों, प्लास्टिक, कृत्रिम रबड़, मानव निर्मित फाइबर, अलौह धातुओं और अधात्वीय खनिजों की कीमतों में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गयी।उसने कहा कि अभी भले ही सिर्फ थोक मुद्रास्फीति बढ़ती हुई दिख रही है, जल्द ही लागत बढ़ने का असर खुदरा महंगाई पर भी दिखेगा।दूसरी तरफ, दवाओं, फर्नीचर, वस्त्रों और वाहनों के साथ डेयरी जैसे खाद्य उत्पादों की मुद्रास्फीति से उत्पादों के दाम बढ़े हैं।क्रिसिल का मानना है कि इस साल लागत मूल्य में तेजी बनी रहने की संभावना है, भले ही होर्मुज जलडमरूमध्य दोबारा खुल भी जाये। इसलिए विनिर्माताओं पर ऊंची लागत का दबाव बना रहेगा।

## सेल का स्मार्ट डिजिटल क्लासरूम के लिए एडसिल से करार

***नयी दिल्ली।*** *सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) और एडसिल (इंडिया) ने समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं।सेल केंद्रीय इस्पात मंत्रालय के अधीनस्थ महारत्न कंपनी है जबकि एडसिल शिक्षा मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की उपक्रम है।इस समझौते के तहत सेल के परिचालन क्षेत्रों के आसपास स्थित स्कूलों में स्मार्ट डिजिटल क्लासरूम्स स्थापित किये जाएंगे।इसके लिए सेल के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) फंड से पैसा दिया जायेगा।इस्पात मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि इस सहयोग का उद्देश्य समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देना और शिक्षा के परिणामों को और आगे बढ़ाना है।यह परियोजना सीधे तौर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य-4 (एसडीजी-4) के उद्देश्यों के अनुरूप है।*

# फ्रांस की डिजिटल सेवा कंपनी ने आयोनोस के साथ मिलकर शुरू किया इनेटम इंडिया

**नयी दिल्ली।** यूरोप की अग्रणी डिजिटल सेवा कंपनी इनेटम ने भारत की एआई प्रौद्योगिकी कंपनी आयोनोस के साथ रणनीतिक साझीदारी में इनेटम इंडिया की स्थापना की घोषणा की है।दोनों कंपनियों ने बुधवार को जारी एक साझा प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इनेटम इंडिया का उद्देश्य विशेष रूप से यूरोमेड क्षेत्र (फ्रांस, बेल्जियम), बढ़ते बाजारों (बुल्गारिया, पोलैंड और ब्रिटेन) में इनेटम की डिलीवरी क्षमताओं को मजबूत करना और उसकी अंतर्राष्ट्रीय विकास यात्रा को समर्थन देना है।विशेष रूप से एआई क्षेत्र में शीर्ष तकनीकी प्रतिभाओं तक पहुंच बनायी जायेगी और विस्तार की क्षमता बढ़ाकर व्यवसाय के विकास को गति दी जायेगी। यह मॉडल इनेटम को व्यवसाय विकास और डिलीवरी क्षमता के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने में सक्षम बनाता है। समूह जितने अधिक नये अनुबंध हासिल करेगा, भारत स्थित उसकी इकाई उतनी ही प्रभावी ढंग से उसके लिए काम कर सकेगी। इनेटम के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जैकस पोम्मेरॉड ने कहा, इस परियोजना के माध्यम से हम केवल विदेश में क्षमता नहीं स्थापित कर रहे हैं, बल्कि इनेटम के लिए एक नये विकास इंजन की नींव रख रहे हैं।आयोनोस की मदद से इनेटम इंडिया का तेजी से विस्तार कर हम एक ऐसे मॉडल को अपना रहे हैं जिसमें शुरुआत से ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को डिलीवरी




के केंद्र में रखा गया है। हमारी महत्वाकांक्षा स्पष्ट है अपने ग्राहकों को अधिक तेज समाधान प्रदान करना।आयोनोस के सह-संस्थापक और उपाध्यक्ष सी.पी. गुरनानी ने कहा, यह साझेदारी बिल्कुल वैसी ही है जिसके लिए आयोनोस की स्थापना की गयी थी।हम अपनी पूरी एआई-नेटिव क्षमता - जिसमें हमारी टीम, टेक्नोलॉजी स्टैक और डिलीवरी आईपी शामिल हैं - का उपयोग करके एक ऐसा केंद्र तैयार कर रहे हैं जिसकी नींव में ही एआई समाहित हो।इनेटम इंडिया एक वैश्विक, विस्तार योग्य और एआई-संचालित डिलीवरी इंजन होगा, जो इनेटम के ग्राहकों को ऐसी गति और सटीकता प्रदान करेगा जिसे पारंपरिक मॉडल हासिल नहीं कर सकते।

# चावल, गेहूं, दालों के दामों में आई नरमी

## चीनी और खाद्य तेलों में घट-बढ़ जारी

**नयी दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल का औसत भाव टूट गया।गेहूं और दालों में भी नरमी रही जबकि चीनी की कीमत चढ़ गयी।खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया।औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 24 रुपये घटकर 3,832 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी।गेहूं सात रुपये टूटकर 2,774 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।आटा भी 10 रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में मूंग दाल की औसत कीमत 18 रुपये और



तुअर दाल की 10 रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी।चना दाल नौ रुपये और मसूर दाल सात रुपये सस्ती हुई।उड़द दाल में पांच रुपये की गिरावट रही।मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में आज बकरीद का अवकाश रहा।जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.17 प्रतिशत टूटकर 74.23 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया।स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 51 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी।वनस्पति 49 रुपये और सरसों तेल 44 रुपये फिसल गया।सूरजमुखी तेल में पांच रुपये और मूंगफली तेल में तीन रुपये की गिरावट रही।सोया तेल 64 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ।मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव में टिकाव रहा। चीनी भी तीन रुपये महंगी हुई।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

## सेंसेक्स 141, निफ्टी 7 अंक गिरा

**मुम्बई।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र के शेयरों में बिकवाली हावी रहने से आई है। अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव से भी निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखी। इससे भी भारतीय बाजार पर दबाव आया है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स सेंसेक्स 141.90 अंकों की गिरावट के साथ ही 75,867.80 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 6.55 अंक फिसलकर 23,907.15 अंक पर



बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान बाजार में सबसे ज्यादा गिरावट वित्तीय और ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में रही। निफ्टी के जिन शेयरों में गिरावट रही उनमें ओएनजीसी, एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस के शेयर रहे जबकि उर्जा और धातु क्षेत्र के शेयरों में तेजी रही। वहीं सेंसेक्स के शेयरों में पावर ग्रिड कॉरपोरेशन,और एनटीपीसी के शेयरों में तेजी रही। टाटा स्टील, इंडिगो, मारुति सुजुकी, टाइटन और एशियन पेंट्स के शेयर भी उछले हैं।

बाजार जानकारों के अनुसार अमेरिका के ईरान पर ताजा हमलों के बाद दोने में तनाव बढ़ा है जससे भी निवेशकों में घबराहट है और वह सतर्कता बरत रहे हैं। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से बाजार पर दबाव बना हुआ है।

आज निफ्टी बैंक, निफ्टी प्राइवेट बैंक और वित्तीय सर्विसेज इंडेक्स क्षेत्र में शेयर गिरे जबकि .मिडकैप और स्मॉलकैप क्षेत्र में तेज रही। छोटे और मझोले शेयरों में खरीदारी देखी! इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुला। सुबह सेंसेक्स 136.38 अंक फिसलकर 75,873.32 पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 29.95 अंक टूटकर 23,887.15 पर था। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान में बढ़ते तनाव से भी बाजार गिरा है। इसका कारण ये है कि निवेशक अभी बाजार से दूरी बनाये हुए हैं।

# सोने और चांदी की कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में बुधवार को सोने और चांदी के वायदा भाव में तेजी आई है। आज सुबह कमजोर शुरुआत के बाद सोने में तेजी आने लगी। वहीं चांदी के भाव बढ़त पर ही खुले। घरेलू बाजार में आज सोने की वायदा कीमतें 1,57,850 रुपये, जबकि चांदी की 2,72,400 रुपये पर बनी हुई थीं। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी इन दोनो ही कीमती धातुओं में तेजी रही। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज कमजोर रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून अनुबंध आज 75 रुपये फिसलकर 1,57,541 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 1,57,616 रुपये था। सोने के वायदा भाव इस साल 1,80,779 रुपये के सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे थे। दूसरी ओर चांदी के वायदा भाव की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई अनुबंध आज



1,975 रुपये बढ़कर 2,72,603 रुपये पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 2,70,628 रुपये था। चांदी के भाव 3 लाख रुपये पार कर चुके हैं। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 4,20,048 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस दोनो के ही वायदा भाव में तेजी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना आज 4,507.40 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 4,502.30 डॉलर प्रति औंस था। सोने का भाव ने इस साल 5,586.20 डॉलर के सर्वोच्च स्तर पर भी पहुंचा। कॉमैक्स पर चांदी के वायदा भाव 77.33 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला क्लोजिंग प्राइस 76.60 डॉलर था।

# आज का शासन अंग्रेजों जैसा त्रासदायी असहमतियों पर हो रहे जुल्मः दिग्विजय

## पंडित नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि पर भोपाल कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित



भोपाल (स्वतंत्र मत)।

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक विशेष श्रद्धांजलि सभा और बौद्धिक विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने पंडित नेहरू को एक युगांतकारी नेता बताते हुए कहा कि जिस तरह एक शिल्पकार मूर्ति गढता है, ठीक उसी तरह नेहरू जी ने आधुनिक भारत का निर्माण किया। वे एक समावेशी, धर्मनिरपेक्ष और विज्ञान सम्मत राष्ट्र चाहते थे, जहाँ देश के बच्चे तकनीकी कौशल हासिल कर दुनिया का मुकाबला कर सकें। केंद्र और राज्य की मौजूदा व्यवस्था पर तीखा हमला बोलते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा आज भारत में जानबूझकर अंधविश्वासों को स्थापित करने की चेष्टाएं चल रही हैं। आम नागरिक परेशान है और आज की शासन व्यवस्था अंग्रेजों की तरह त्रासदायी हो गई है, जहाँ असहमतियों पर जुल्म ढाए जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि पंडित नेहरू एक सम्यक (समान) समाज के पक्षधर थे और उनका मानना था कि सांप्रदायिकता चाहे बहुसंख्यक की हो या अल्पसंख्यक की, वह देश के लिए हमेशा खतरनाक ही होती है।

***जिन्ना भारत आकर नेहरू से माफी चाहते थे***- कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और राज्यसभा टीवी के पूर्व कार्यपालक निदेशक व प्रख्यात पत्रकार राजेश बादल ने अपनी निर्देशित डॉक्युमेंट्री युग पुरुष नेहरू का प्रदर्शन किया। उन्होंने एक ऐतिहासिक तथ्य साझा करते हुए बताया कि नेहरू जी के नेतृत्व में भारत की वैज्ञानिक प्रगति को देखकर पाकिस्तान के निर्माता मोहम्मद अली जिन्ना का भ्रम टूट गया था। मृत्यु से पहले पाकिस्तान के अखबार को दिए एक इंटरव्यू में जिन्ना ने इच्छा व्यक्त की थी कि वे भारत आकर नेहरू से माफी मांगना चाहते हैं और मुंबई में ही दफन होना चाहते हैं। इसी मोहभंग के कारण पाकिस्तान की परवर्ती सरकारों ने जिन्ना को कायदे आजम की जगह काफिरे आजम कहना शुरू कर दिया था। बादल ने याद दिलाया कि नेहरू को जब देश मिला तब अंग्रेज इसे पूरी तरह लूट चुके थे और खाने तक को अनाज नहीं था, लेकिन नेहरू ने भारत को आत्मनिर्भर बनाया।

### *197 करोड़ के बजट से शुरू हुआ था सफर*

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विचार विभाग के अध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता ने आर्थिक आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि देश की पहली सरकार का बजट मात्र 197 करोड़ था, लेकिन नेहरूवियन नीतियों के कारण आज देश की एक छोटी नगरपालिका का बजट भी इससे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि जब अमेरिका ने स्टील प्लांट लगाने में मदद से इनकार किया, तो नेहरू ने रूस के सहयोग से देश को स्टील निर्यातक बना दिया। गुप्ता ने तंज कसा कि आज का नेतृत्व इतना कमजोर है कि हम अपनी पसंद के देश से तेल तक नहीं खरीद पा रहे हैं।

### डिजिटल लाइब्रेरी को सौंपी ऐतिहासिक धरोहर

इस बौद्धिक विमर्श कार्यक्रम में डॉ. श्याम बेनेगल द्वारा संविधान निर्माण पर बनाई गई 10 एपिसोड की फिल्म और राजेश बादल द्वारा लिखित पुस्तकें विचार विभाग की डिजिटल लाइब्रेरी को भेंट की गईं। इस अवसर पर प्रख्यात पत्रकार सुधीर सक्सेना, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, भोपाल चैंबर के अध्यक्ष गोविंद गोयल, पूर्व महापौर दीपचंद यादव सहित सैकड़ों कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर पंडित नेहरू को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## स्टार्टअप्स को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध : मंत्री काश्यप

**भोपाल।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने भोपाल के युवा स्टार्टअप उद्यमी एवं प्रमाणित टी टेस्टर आरिन रत्नेश की अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा है कि मध्यप्रदेश के स्टार्टअप्स अब वैश्विक स्तर पर अपनी सशक्त पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नवाचार आधारित उद्यमों को प्रोत्साहित करने और युवाओं को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। भोपाल स्थित स्टार्टअप कंपनी हरितिमा फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा फ्रांस को 46 हजार आईस्ड टी प्रीमिक्स पैक्स का सफल निर्यात किए जाने पर आरिन रत्नेश ने मंत्री श्री काश्यप से उनके कार्यालय में सौजन्य भेंट की तथा उन्हें अपने उत्पादों की श्रृंखला भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव एमएसएमई राघवेंद्र सिंह तथा उद्योग आयुक्त दिलीप कुमार भी उपस्थित थे। मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार स्टार्टअप्स और नवाचार आधारित उद्यमों के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं को ऐसे अवसर उपलब्ध कराना है, जिससे वे अपने नवाचारों को सफल व्यवसाय में परिवर्तित कर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचा सके।




# एयर एम्बुलेंस सेवा के लिए अनुरोध की प्रक्रिया अब और होगी सरल

## उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने एयर एम्बुलेंस एमपी पोर्टल एवं मोबाइल ऐप का किया शुभारंभ

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में एयर एम्बुलेंस एमपी पोर्टल एवं मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा राज्य सरकार की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके तहत किसी भी नागरिक को समय पर उपचार के अभाव में जीवन न गंवाना पड़े। नए पोर्टल एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से एयर एम्बुलेंस सेवा के लिए अनुरोध की प्रक्रिया अब और अधिक सरल एवं तेज होगी। पोर्टल में एयर एम्बुलेंस फ्लीट की रियल टाइम ट्रैकिंग, सेवा अनुरोधों का सुगम डिजिटल प्रवाह, सेवा प्रदाताओं को तत्परता के लिये रियल टाइम नोटिफिकेशन तथा अनुमोदन प्राधिकारी को समयबद्ध स्वीकृति के लिए अलर्ट जैसी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। साथ ही पूरी प्रक्रिया में जवाबदेही भी सुनिश्चित की जाएगी।

पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा गंभीर एवं आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को शीघ्र स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रदेश में यह सेवा अब तक 140 जीवनरक्षक मिशनों को सफलतापूर्वक पूरा कर चुकी है। इनमें नवजात शिशुओं, हृदय रोग, ट्रॉमा, न्यूरोलॉजिकल आपात स्थितियों एवं अंग प्रत्यारोपण से जुड़े मामलों का सफल एयर मेडिकल ट्रांसफर शामिल है। पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा के अंतर्गत आयुष्मान भारत कार्डधारकों एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों को नि:शुल्क एयर एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे स्वास्थ्य संस्थानों से दूरी एवं आर्थिक स्थिति जीवनरक्षक उपचार में बाधा नहीं बने। सेवा के संचालन के लिए भोपाल में 24*7 एयर मेडिकल ऑपरेशन व्यवस्था स्थापित की गई है। इसके अंतर्गत एक फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट बीचक्राफ्ट किंग एयर सी -90 तथा एक मल्टी इंजन हेलीकॉप्टर एडबल्यू -109 लगातार स्टैंडबाय पर उपलब्ध हैं, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अशोक बर्णवाल, आयुक्त स्वास्थ्य धनराजू एस, फ्लाईओला एविएशन के सीएमडी एस. राम ओला और फ्लाईओला एविएशन की डायरेक्टर कॉर्पोरेट अफेयर्स डॉ. मोनिका तिवारी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# अब तक कुल 13.36 लाख किसानों से 103 लाख मीट्रिक टन गेहूं उपार्जित

## सीमांत एवं लघु कृषकों से हुआ 32.14 लाख मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन

भोपाल(स्वतंत्र मत)।



मध्यप्रदेश न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अब तक 13 लाख 36 हजार किसानों से गेहूं का उपार्जन कर देश में अव्वल है। अब तक 103 लाख 48 हजार मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन हो चुका है। इसमें से 8 लाख 9 हजार 990 सीमांत एवं लघु कृषकों से 32 लाख 14 हजार मीट्रिक टन गेहूँ खरीदी की गई है। गेहूं का उपार्जन अभी भी जारी है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि कोविड-19 की अवधि को छोड़कर विगत 10 वर्षों में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेहूं का सर्वाधिक उपार्जन किया गया है।

***मुख्यमंत्री कर रहे सतत मॉनिटरिंग***- मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से 78 लाख मीट्रिक टन गेहूँ के उपार्जन लक्ष्य को केन्द्र सरकार द्वारा 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश में 100 लाख मीट्रिक टन निर्धारित लक्ष्य से अधिक गेहूँ का उपार्जन हो चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रदेश में हो रहे गेहूँ उपार्जन की सतत मॉनीटरिंग की जा रही है। उन्होंने स्वयं खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर तौल व्यवस्था, बारदाने की उपलब्धता और खरीदी केन्द्रों पर किसानों के लिये उपलब्ध जरूरी सुविधाओं का आकस्मिक निरीक्षण भी किया। साथ ही किसानों से संवाद कर उपार्जित गेहूँ के भुगतान आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने किसानों के हित में जिन किसानों ने स्लाट बुक करा लिये हैं, उनके गेहूं उपार्जन की अवधि 23 मई से बढ़ाकर 28 मई तक कर दी है।

***किसानों को 22,842.9 करोड़ से अधिक का भुगतान***- किसानों को अब तक उपार्जित गेहूं का 22,842.9 करोड़ रूपये का भुगतान भी किया जा चुका है। प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर तौल काटों की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 की गई तथा तौल काटों में वृद्धि का अधिकार जिलों को दिया गया। किसानों की सुविधा के लिये तौल पर्ची बनाने का समय शाम 6 बजे से बढ़ाकर रात 10 बजे तक किया गया। देयक जारी करने का समय भी रात 12 बजे तक कर दिया गया है। गेहूं का उपार्जन सप्ताह में 6 दिन तक किया जा रहा है। उपार्जन केन्द्र पर किसानों की सुविधा के लिये पीने का पानी, बैठने के छायांदार स्थान और जन-सुविधाओं की व्यवस्थाएं की गई हैं। किसानों से 2585 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा 40 रूपये प्रति क्विंटल बोनस सहित 2625 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है। समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं के भंडारण की भी समुचित व्यवस्था की गई है। किसानों की उपज की तौल समय पर हो सके, इसके लिये उपार्जन केन्द्रों में बारदाने, तौल काटें, हम्माल तुलावटी, सिलाई मशीन, कम्प्यूटर, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण और उपज की साफ-सफाई के लिये पंखा एवं छन्ना आदि की समुचित व्यवस्थाएं की गई।

## कांग्रेस सेवादल ने मनाई पं. नेहरू की पुण्यतिथि



**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी के आहवान पर जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा जिला कार्यालय एवं नेहरू पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पहार कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा ने जिला कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी में कहा कि आजादी के बाद उन्होंने आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी। भारत को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने भारी उधोगो और बड़े शिक्षा संस्थान युवाओं के लिये बनाये। जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष संजय चौरसिया ने कहा आज देश भीषण आर्थिक संकट से गुजर रहा है और तेल मत खाओं सोना न खरीदो इस संकट की जिम्मेवार पी.एम. और उनकी केबिनेट है। नितिन मिश्रा, रजनी ठाकुर, रोहन पाठक, शाहिद नूर, विजय बहादुर, वीरेन्द्र राजपूत, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, शमीम कुरैशी, डी.पी. पटैल, बसंत कुशवाहा, उबेद गौर, कमला निषाद, डालचंद कुशवाहा, अभिषेक यादव, उबैद गौरी, अजय जाटव, खिल्लू ठाकुर ने कहा कि नेहरू जी भारत को मजबूत बहुदलीय लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में स्थापित किया।

## यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से करें पालन

### नवागत थाना प्रभारी ने नगर का लिया जायजा

पथरिया (स्वतंत्र मत)।

नवागत थाना प्रभारी नेहा गोस्वामी ने 26 मई दोपहर 2 बजे के करीब पथरिया थाना पहुंचकर अपना पदभार संभाला। उसके उपरांत पथरिया थाना परिसर का निरीक्षण कर स्टाफ से नगर की महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। वहीं शाम के समय नगर भ्रमण कर ट्राफिक व्यवस्था दुरुस्त करने लोगों को हिदायत दी। उसके उपरांत मुख्य सड़कों पर व्यापारियों एवं दुकानदारों द्वारा जो अवैध अतिक्रमण कर रखा है। जल्द से जल्द हटाने को कहा नगर में पैदल यात्रा के दौरान रेलवे स्टेशन के पास टपरियों पर जमे जमावड़े को भी हिदायत दी कि बिना काम के अपना समय यहां घंटों व्यतीत न करें और खासकर पब्लिक प्लेस में बैठकर शराब या नशीले पदार्थों का सेवन न करें। उसके उपरांत बिना नंबर प्लेट चल रहे वाहनों को रोककर उन पर चलानी कार्यवाही करते हुए ट्राफिक नियमों का पालन करने लोगों को जागरूक किया।

# शिक्षकों एवं छात्रों के ग्रीष्मकालीन अवकाश 30 जून तक बढ़ाने की मांग

## मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**दमोह।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मप्र शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से भेंट कर प्रदेश में भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के ग्रीष्मकालीन अवकाश 30 जून तक बढ़ाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रांताध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि वर्तमान समय में पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी एवं लू का प्रकोप जारी है। ऐसी स्थिति में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश 30 जून तक बढ़ाया जाना आवश्यक है। शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की बात को गंभीरतापूर्वक सुना और तुरंत ही नोट शीट बनवाकर विभाग को भिजवा दी गई है। शिक्षा विभाग से शीघ्र ही आदेश होने की संभावना है। शिक्षा मंत्री के सकारात्मक और तुरंत नोट शीट बनवाने पर प्रांताध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर ने उनका आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मनसा पूरन नर्मदेश्वर शिवालय में चल रही श्रीमदभागवत कथा

दमोह (स्वतंत्र मत)।

पुरुषोत्तम माह में भगवान की पूजा अर्चना आराधना करने से विशेष फल प्राप्त होता है जिसको लेकर जिले भर के मंदिरों में विभिन्न कार्यक्रम शिवलिंग निर्माण, श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हो रहा हैं। नगर के श्री मनसा पूरन नर्मदेश्वर महादेव शिवालय प्रांगण विवेकानंद कॉलोनी सिविल वार्ड ६ दमोह में सामूहिक रूप से संगीतमय श्रीमदभागवत कथा का आयोजन 25 मई से 31 मई किया जा रहा है। जहां कथा व्यास आचार्य पंडित धनंजय महाराज ने जी श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिवस की कथा में भक्त प्रह्लाद चरित्र और नरसिंह अवतार प्रसंग सुनाया है। यह प्रसंग असुरों के राजा हिरण्यकश्यप के अहंकार और उसके पुत्र प्रह्लाद की भगवान विष्णु के प्रति अटूट भक्ति व शरणागति को दर्शाता है। हिरण्यकश्यप ने अमर होने के लिए ब्रह्मा जी की कठोर तपस्या की।उसने वरदान मांगा। वरदान पाकर वह अत्यंत अहंकारी हो गया और स्वयं को भगवान मानने लगा। तब

हिरण्यकश्यप के घर स्वयं भगवान विष्णु के परम भक्त प्रह्लाद का जन्म हुआ। प्रह्लाद बचपन से ही हरिभक्ति में लीन रहते थे। असुर पिता द्वारा बार.बार रोकने और समझाने पर भी उन्होंने विष्णु भक्ति नहीं छोड़ी। जिस कारण प्रह्लाद पर अत्याचार और रास्ते से हटाने के लिए कई प्रयास किए। उन्हें ऊंचे पर्वतों से फेंका गयाए विषैले सांपों के बीच छोड़ा गयाए आग में होलिका दहन में बैठाकर मारने का प्रयास किया लेकिन हर बार भगवान विष्णु ने अपने भक्त की स्वयं आकर रक्षा की। इसलिए भक्त को अपने कठिन समय में भगवान पर पूरा विश्वास करना चाहिए। वह स्वयं आकर रक्षा करते हैं। गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जायेगा।

# किसानों के सभी कार्य सरलता और सुगमता से हो यह जिला प्रशासन की प्राथमिकता : कलेक्टर



**दमोह।** जिले में खरीफ सीजन की तैयारी को लेकर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को खाद-बीज की उपलब्धता में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने किसान संघों के साथ बैठक में उनकी बातों और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और प्राप्त सुझावों के आधार पर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होने कहा किसानों के सभी कार्य सरलता और सुगमता से संपन्न हों, यह प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी संबंधित विभाग संवेदनशीलता और सकारात्मक मानसिकता के साथ कार्य करें ताकि किसी भी किसान को असुविधा का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने कहा मूंग खरीदी के लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है जो 15 जून तक चलेगी। कलेक्टर ने मूंग उत्पादक किसानों से अपील की है कि वे समय रहते अपना पंजीयन अवश्य करा लें ताकि खरीदी प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए। किसानों को मंडियों में हो रही परेशानियों की जानकारी मिलने पर कलेक्टर श्री यादव ने मंडी अधिकारियों को तत्काल आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मंडियों में किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा जल संसाधन विभाग द्वारा किसानों के सहयोग नहीं मिलने की बात सामने आने पर उन्होंने किसान संघ पदाधिकारियों के साथ गांवों में कैंप लगाने और किसानों को शासन के नियमों एवं उनके लाभों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामंजस्य और स्वच्छ वातावरण बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने कहा परिवहन में देरी के कारण किसानों के भुगतान में विलंब हो रहा है। इसे गंभीरता से लेते हुए ट्रांसपोर्टरों को ट्रकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08 नगर निगम जबलपुर (म.प्र)**

पत्र क्रमांक /सं.अधि
दिनांक 27/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अखिलेश कुमार जैन पिता रमेशचंद्र जैन भवन क्रमांक 1082/2 वार्ड हनुमानताल क्षेत्रफल 189 भूतल 159 शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्तय मकान नं. 1082/2 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथी से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्र. 08 में समस्त प्रपत्रों सहित प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरिक्षक**
**संभाग क्रमांक-8, भानतलैया नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुरवा कालोनी जबलपुर में भवन क्र. एलआईजी 249 श्री पवन खुराना पिता स्व. श्री देवेन्द्र खुराना के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 10/07/2017 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री पवन खुराना पिता स्व. श्री देवेन्द्र खुराना ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 13/01/2020 के माध्यम से श्री अनिल सिंह राजपूत पिता श्री पदम सिंह एवं श्रीमति सरकी बाई पति श्री पदम सिंह को विक्रय किया है। अतः श्री अनिल सिंह राजपूत एवं श्रीमति सरकी बाई द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण /(भवन/भूखण्ड) बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अदर लिखित मे वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् लीज हस्तातरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

**कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुरवा कालोनी जबलपुर में भवन क्र. एलआईजी 421 श्रीमति सविता कोष्टा पति श्री शिव कुमार कोष्टा के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 04/12/2019 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमति सविता कोष्टा पति श्री शिवकुमार कोष्टा ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 25/03/2026 के माध्यम से श्रीमति विभा बिल्थरे पति श्री गरीबदास बिल्थरे को विकय्र किया है। अतः श्रीमति विभा बिल्थरे पति श्री गरीबदास बिल्थरे द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण /(भवन/भूखण्ड) बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अदर लिखित मे वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् लीज हस्तातरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

**कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण/नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर में भवन क्रमांक MIG Deluxe-63 श्री दिनेश सिंह यादव पिता श्री कुंवर सिंह यादव के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 30.12.2017 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री दिनेश सिंह यादव पिता श्री कुंवर सिंह यादव ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 26.05.2026 के माध्यम से श्रीमती रीता जैसवाल पति श्री सुरेन्द्र कुमार जैसवाल को विक्रय किया है। अतः श्रीमती रीता जैसवाल पति श्री सुरेन्द्र कुमार जैसवाल द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**



## ➤ जनहित के कार्यों में तेजी लाने दिए निर्देश

### निगमायुक्त ने की 6 विभागों के कार्यों की समीक्षा

**जबलपुर।** नगर निगम शहर के विकास और जनसुविधाओं को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है। इसी बुधवार को निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने एक बैठक बुलाई, जिसमें उन्होंने नगर निगम के 6 प्रमुख विभागों के कार्यों की सघन समीक्षा की। बैठक के दौरान निगमायुक्त अहिरवार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम जनता से जुड़े सभी कार्यों को गंभीरता के साथ करें। उन्होंने प्रस्तावित प्रोजेक्ट्स और जनहित के कार्यों को एक निश्चित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए।

## ➤ त्यौहार पर मचाया बवाल तो खैर नहीं

### बकरीद से पहले पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**जबलपुर।** ईद-उल-जुहा पर्व को शांति पूर्वक वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के निर्देश पर मंगलवार को शहर के ओमती, बेलबाग, कोतवाली, लार्डगंज, गोहलपुर आदि क्षेत्रों से फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस कप्तान ने कहा कि यदि असामाजिक तत्वों एवं गुण्डे बदमाशों के द्वारा यदि किसी भी प्रकार की कोई अनैतिक गतिविधि को अंजाम देने का प्रयास किया गया तो उसके विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही विधि अनुरूप की जायेगी।



## एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा आत्महत्या मामला

# सास गिरिबाला की अग्रिम जमानत पर फैसला रिजर्व

### मप्र हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

### भोपाल जिला अदालत से मिली थी जमानत



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की मौत के मामले पर उनकी सास एवं पूर्व जज गिरिबाला सिंह को भोपाल की कोर्ट से मिली अग्रिम जमानत निरस्त कराने को लेकर बुधवार को मप्र हाईकोर्ट में लंबी सुनवाई चली। इस दौरान दोनों पक्षों ने अपने तर्क रखे। याचिकाकर्ता पक्ष का आरोप था कि अग्रिम जमानत बेहद जल्दबाजी में दी गई। लिहाजा इसे निरस्त की जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि पूर्व जज होने के कारण आरोपित गिरिबाला प्रभाव का दुरुपयोग कर सकती है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अपराध दर्ज होने के बाद 24 घंटे में अग्रिम जमानत मिल गई। वहीं गिरिबाला सिंह के बचाव में दलील दी गई कि अग्रिम जमानत विधिसम्मत तरीके से मिली है। इसीलिए विरोध अनुचित है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति देवनारायण मिश्रा की एकलपीठ ने सभी पक्षों को सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रखने का निर्देश जारी किया है।

### जवाब देने मांगा था समय

एक्ट्रेस व माडल ट्विशा सिंह की संदिग्ध परिस्थिति में मौत के मामले में गिरिबाला सिंह की ओर से इस मामले में जवाब देने के लिए समय मांगा था। याचिका दायर की गई थी कि गिरिबाला सिंह जांच में सहयोग नहीं कर रही हैं

इस मामले में ट्विशा सिंह की सास व रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह को भोपाल जिला अदालत से अग्रिम जमानत मिल गई थी। ट्विशा के परिवार और वकील ने अग्रिम जमानत का विरोध जताया था और जमानत को निरस्त करने की मांग की गई थी। इधर राज्य शासन की ओर से भी यह कहते हुए याचिका दायर की गई थी कि गिरिबाला सिंह जांच में सहयोग नहीं कर रही हैं।

### जांच में जुटी सीबीआई

बता दें कि सोमवार को हुई सुनवाई में गिरिबाला सिंह की ओर से वकीलों ने जवाब देने के लिए समय मांगा था। कोर्ट को महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने बताया कि गिरिबाला सिंह को नोटिस की तामिली नहीं हुई थी, इसलिए उनकी ओर से समय मांगा गया था। इस बीच महाधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में भी जबलपुर से शामिल हुए। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में कहा गया है कि अब इस मामले में कोई भी पक्ष मीडिया में अपना बयान नहीं देगा। जो भी बात रखनी है, उन्हें जांच एजेंसियों के सामने रखनी होगी। मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है।



### विद्युत आपूर्ति दुरुस्त करने दिए निर्देश

**जबलपुर ( स्वतंत्र मत )।** मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उच्चदाब उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उच्चदाब उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत वोल्टेज में उतार-चढ़ाव एवं व्यवधान संबंधित समस्याओं से विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया। उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को विद्युत लाइनों के आवश्यक सुधार कार्य प्राथमिकता से किए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही नवीन 33 केव्ही फीडर मझगवां के निर्माण एवं 33 केव्ही फीडरों के वाईफरकेशन संबंधी प्रगतिरत कार्यों की जानकारी भी साझा की गई। बैठक में विभाग एवं उपभोक्ताओं के मध्य समन्वय एवं संवाद को मजबूत बनाने पर भी जोर दिया गया, ताकि भविष्य में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं विश्वसनीय बनाया जा सके।

# मूल पदस्थापना स्थल पर लौटेंगे डॉक्टर्स और पैरामेडिकल स्टाफ

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर ने जारी किया आदेश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने और ग्रामीण व शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में अमले की कमी को दूर करने के लिए प्रशासन ने एक बड़ा कदम उठाया है। कलेक्टर श्वेद्र सिंह के कड़े निर्देशों के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी ने आदेश जारी कर जिले की समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में किए गए सभी संलग्नीकरण (अटैचमेंट) तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिए हैं। विगत 21 मई गुरुवार को कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि फील्ड और मूल केंद्रों पर स्टाफ की मौजूदगी अनिवार्य की जाए। समिति के निर्णय के अनुसार, जबलपुर जिले के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों में कार्यरत नियमित, संविदा एवं रोगी कल्याण समिति के सभी श्रेणी के कर्मचारियों के अटैचमेंट निरस्त करने पर सहमति बनी थी। जारी आदेश के तहत जिले के समस्त चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सिंग संवर्ग, अन्य तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इन सभी के अटैचमेंट को पूरी तरह निरस्त कर दिया गया है। आदेश में साफ तौर पर निर्देशित किया गया है कि सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी बिना किसी देरी के अपने मूल पदस्थापना स्थल (जहां उनकी परमानेंट पोस्टिंग है) पर तत्काल उपस्थिति देना सुनिश्चित करें।



### संस्था प्रभारियों को दिए गए सख्त निर्देश

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी ने जिले की समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रभारियों को सख्त लहजे में आदेशित किया है कि उनकी संस्था में जितने भी कर्मचारी अटैचमेंट पर कार्य कर रहे हैं, उन्हें तत्काल प्रभाव से उनकी मूल पदस्थापना के लिए कार्यमुक्त किया जाए। इसके साथ ही, कार्यमुक्त करने की पूरी जानकारी स्थानीय सीएमएचओ कार्यालय को जल्द से जल्द भेजने के निर्देश भी दिए गए हैं। असर इस प्रशासनिक निर्णय से ग्रामीण अंचलों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्टाफ की कमी दूर होगी, जिससे आम जनता को बेहतर और समय पर इलाज मिल सकेगा।

## कांग्रेसजनों ने प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू को किया याद



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

नगर निगम के सामने नेहरू गार्डन में स्थापित पं. जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान म.प्र. कांग्रेस कमेटी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के मनोज नामदेव, सिद्धात जैन, मीनाक्षी स्वामी, रीना विश्वकर्मा, राकेश चक्रवर्ती. विष्णु विनोदिया, अवधेश गुप्ता, भगत राम सिंह, आलोक गुप्ता, रमेश बैन, रीतेश नोतवानी, उमेश पटेल, श्याम सोलंकी, अशोक यादव, मोनिका सिंह. दिलीप साहू, प्रशांत मिश्रा, टीकाराम कोस्टा, राजेन्द्र रज्जू सराफ, केशव चौरसिया, जानकी विश्वकर्मा, सुशीला कनौजिया, भावना निगम, देवकी पटेल सहित कांग्रेस जनो ने पंडित जवाहरलाल नेहरू को पुष्प अर्पित किये। श्रद्धांजली सभा में सौरभ नाटी शर्मा ने पं. जवारलाल नेहरू के जीवन व संघर्षों पर प्रकाश डालते हुऐ कहा की उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए कांग्रेस जनो को देश की एकता अखण्डता की रक्षा के लिए संकल्प लेना होगा।

### गोसलपुर में चोरों की दहशत, पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

सिहोरा (स्वतंत्र मत)

गोसलपुर के अंतर्गत आने वाली शंकर कॉलोनी, कछपुरा जुझारी के निवासियों ने पुलिस से रात्रि कालीन गश्त बढ़ाने की मांग की ,लोगों का कहना है की रात्रि कालीन गस्त के अभाव में चोर निडरता के साथ वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। वहीं किसानों के खेतों से नोजल पंप, विद्युत केवल, स्प्रिंग कलर चोरी की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। नगर में साइकिल चोर गिरोह सक्रिय होने के कारण बाजार के दिन साइकिल चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। लोगों का आरोप है की साइकिल स्थनीय कबाड़ियों के यहां बेची जाती है। पुलिस द्वारा इन कबाड़ियों के गोदाम में छापा नहीं डाला जाता और उनके द्वारा छोटे चोरों से अनेक प्रकार की सामग्री धड़ल्ले से खरीदी जाती है ।

## अग्नि सुरक्षा व आपातकालीन प्रबंधन पर हुआ सेमिनार




जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पमरे के जबलपुर रेल मंडल में संरक्षा विभाग एवं केंद्रीय चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय अग्नि सुरक्षा एवं आपातकालीन प्रबंधन सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में चिकित्सा अधिकारियों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल टीम एवं अन्य रेल कर्मचारियों को आग लगने जैसी आपात स्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए प्रशिक्षित किया गया । अस्पताल जैसी संवेदनशील जगह जहाँ मरीज पूर्णतः दूसरों पर निर्भर रहते हैं, वहाँ आपदा प्रबंधन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। सेमिनार के दौरान संरक्षा विशेषज्ञों द्वारा अस्पताल में स्थापित ऑटोमैटिक फायर अलार्म सिस्टम एवं आपातकालीन निकास द्वारों के लॉकिंग-अनलॉकिंग मेकैनिज्म की तकनीकी कार्यप्रणाली को विस्तारपूर्वक समझाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत अस्पताल परिसर में एक जीवंत मॉक ड्रिल का आयोजन भी किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान कई रेल कर्मचारियों ने स्वयं होज पाइप संचालित कर पानी की बौछार करने का अभ्यास किया। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा और अमित कुमार साहनी मुख्य रूप से शामिल हुए।



## वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की अनूठी पहल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा के संरक्षण तथा कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति विवेक रूसिया के मार्गदर्शन में एक विशेष पहल की गई है। इसके तहत मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर की सदस्य सचिव सुमन श्रीवास्तव और अतिरिक्त सचिव अरविंद श्रीवास्तव ने बाजनामठ के पास स्थित निराश्रित वृद्धाश्रम एवं कुष्ठ आश्रम का औचक भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने वहां रह रहे वरिष्ठ नागरिकों और कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्तियों से सीधे बातचीत कर उनके स्वास्थ्यए रहन-सहन और विधिक आवश्यकताओं का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान सदस्य सचिव सुमन श्रीवास्तव ने सभी बुजुर्गों और जरूरतमंदों को ढांढस बंधाया और आश्वस्त किया कि राज्य व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्हें कानून के तहत पूरी तरह से नि:शुल्क कानूनी सहायता, परामर्श और हर संभव सहयोग देने के लिए हमेशा तत्पर हैं। इस मौके पर आश्रम के निवासियों को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।



### जानलेवा खसरा रोग को लेकर जिला प्रशासन का अलर्ट

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भारत के पडोसी देशों में जानलेवा रोग खसरे ने अपने पैर पसार के रखें है, जिसके कारण भारत में भी खसरे का प्रभाव बढ सकता है। बतां दें कि इस जानलेवा बीमारी खसरा से बच्चों को एमआर टीकाकरण के माध्यम से सुरक्षित किया जा सकता है। अब इस बीमारी के प्रभाव को देखते हुए कलेक्टर जबलपुर राघवेन्द्र सिंह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नवीन कोठारी ने शहर के जागरुक अभिभावकों से अपील है कि अपने बच्चों को 9 माह एवं 16 माह में एमआर- 1 एवं एमआर-2 का टीकाकरण निकट के आंगनवाडी टीकाकरण केन्द्र अथवा सभी शासकीय चिकित्सालयों में नि:शुल्क किया जा सकता हैं। इसके साथ ही यदि 5 वर्ष आयु तक का कोई बच्चा एमआर टीकाकरण से छूट गया हो तो उसे भी जानलेवा बीमारी खसरे से सुरक्षित करने एमआर टीकाकरण करवाने लिये निकट के आंगनवाडी केन्द्र में आशा/आंगनवाडी कार्यकर्ता अथवा एएनएम से संपर्क कर टीकाकरण करवा सकते है।

# रहस्य बनी बाघ की मौत

## स्कूल ऑफ वाइल्डलाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ में दोबारा हुआ पोस्टमार्टम

### बांधवगढ़ में हुई थी मौत, संवेदनशील हुआ मामला

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बीते रविवार को हुई बाघ की मौत के मामले में एनटीसीए प्रतिनिधि की मौजूदगी में स्कूल ऑफ वाइल्डलाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ में दोबारा शव परीक्षण कराया गया। बाघ का पोस्टमार्टम 3 विशेषज्ञ पशुचिकित्सकों डॉ. निधि राजपूत, डॉ. अभय सेंगर और डॉ. प्रशांत देशमुख ने किया। इस दौरान क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय, डॉ. शोभा जावरे, प्रो. डॉ. अमिता दुबे और डॉ. अमोल रोकड़े मौजूद रहे। इस प्रक्रिया से पहले वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश तोमर से परिस्थितियों को लेकर तीखे सवाल-जवाब किए गए, जिन्होंने पहले दिन के पीएम के फोटो-वीडियो सौंपे।



***कराई गई वीडियोग्राफी***- इस दौरान निष्पक्षता के लिए पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई है। अंगों के सैंपल जुटाए गए हैं, जिनकी लैब रिपोर्ट आने में 10 से 15 दिन लगेंगे। इसके बाद ही मौत के सटीक कारणों का खुलासा हो सकेगा। एनटीसीए के विशेष निर्देशों पर गठित हाई लेवल कमेटी के सामने बाघ का री-पोस्टमार्टम संपन्न हुआ। अधिकारियों के अनुसार, मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए विस्तृत जांच की जा रही है। लैब रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ होगी। फिलहाल वन्यजीव प्रेमियों और वन विभाग की नजरें जांच पर टिकी हैं।

### कराओके गीत प्रतियोगिता आज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** माइक महल द्वारा रामनाथ बिल्डिंग इनकम टैक्स ऑफिस भंवरताल गेट नंबर 3 के सामने शाम 5 बजे से कराओके गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में 70 प्रतिभागियों ने भाग लेंगे, जिसमें निर्णायक सुप्रसिद्ध गायिका सुजाता पाल, सोमनाथ बैनर्जी एवं चंडीगढ़ से डॉ रुनल श्रीवास्तव रहेंगे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को नगद 8 हजार रुपए, द्वितीय को 4 हजार एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 3 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जादूगर एस के निगम और संयोजक श्रीमती प्रेम वर्मा होंगी।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**